■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 279
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
11 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1881 : रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कोलकाता के टाउन हॉल में स्थापित की गई।
1918 : मास्को रूस की राजधानी बनी।
1935 : बैंक कनाडा का गठन किया गया।
1981 : चिली में संविधान लागू हुआ।
2001 : पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन में विश्व चैंपियन बने।
2008 : पाकिस्तान के लाहौर में हुए दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये।

**अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।**

## पटना मेट्रो रेल जल्द शुरू करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गंभीर

### परियोजना निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, पीएमसीएच और पटना विश्वविद्यालय के समीप पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा राजेंद्र नगर, मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी मेट्रो स्टेश्न के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में भी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करायें। मेट्रो का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, उन्हें भीड़भाड़ से छुटकारा मिलेगा। मेट्रो परियोजना का क्रियान्वयन दिल्ली मेट्रो रेल करपोरेशन के द्वारा किया जा रहा है, जिसका पर्यवेक्षण नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक चालू करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## तनिष्क ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ रुपये के सोने-चांदी के जेवरात की लूट

### आधा दर्जन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, दो अपराधी गिरफ्तार

**कमलेश पाण्डेय**

**आरा।** आरा नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार सुबह 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूटकर ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। बड़हरा थाना क्षेत्र में दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से दो झोला ज्वेलरी बरामद हुआ है। 4 बदमाश लूटी हुई ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के गहने थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के लूट लिए हैं। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से 6 बदमाश आये। शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब आधा घंटा तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटी पुल के पास 3 बाइक पर 6 संदिग्धों को देखा। उनके रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दिया। पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें भाग रहे दो अपराधी विशाल कुमार गुप्ता, पिता भुनेश्वर प्रसाद दिघवारा सारण, दूसरा कुणाल कुमार पिता प्रदीप राय, सेमरा सोनपुर को गोली लग चुकी थी। पीएचसी बडहरा से दोनों को सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया है। इसमें 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। बदमाशों के पास से 2 पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गए गहने बरामद हैं।




शोरूम के गार्ड मनोज कुमार ने बताया 10 बजे शोरूम खुला था। तभी 3 बाइक से 6 अपराधी आए और शोरूम के पास गाड़ी खड़ी कर दी। शोरूम के नियम के अनुसार, 4 से अधिक लोगों को एक साथ एंट्री नहीं दी जाती है। इसलिए पहले 2 लोग अंदर गए और जैसे ही छठा अपराधी अंदर आया, उसने मेरे सिर पर पिस्टल रख दी। मेरे साथ मारपीट भी की। राइफल भी ले गए। शोरूम में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात बैग में भर लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने सेल्समैन के साथ मारपीट भी की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेश बघेल के घर इडी की रेड

**दुर्ग (नबिटा ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और एआइसीसी महासचिव भूपेश बघेल और बेटे चैतन्य के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है। शराब घोटाला को लेकर ये कार्रवाई की जा रही है। उनके भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर सोमवार सुबह चार गाड़ियों में टीम पहुंची। कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई है। इस बीच इडी की कार पर बाहर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। सुरक्षा में लगे जवान भी भागते दिखे। इडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता अधिकारियों की कार को रोकते भी दिखे। इस बीच उनकी पुलिस से झड़प हुई है। कल कांग्रेस प्रदेशभर में इडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा और ईडी का पुतला दहन करेगी।

### मासूम को बस ने कुचला, मौत

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। नदियाव गांव स्थित एनएच-32 पर एक बेकाबू बस ने डेढ़ साल की मासूम प्रियांशु कुमारी को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में बच्ची के पिता सतीश कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मासूम प्रियांशु अपने घर के बाहर खेल रही थी। खेल-खेल में वह अचानक सड़क पर चली गई, तभी तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। बच्ची को बचाने के लिए पिता सतीश कुमार दौड़े, लेकिन इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें भी टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शौचालय की टंकी से मिला युवती का शव

**मुंगेर (नबिटा ब्यूरो)।** मुंगेर में एक नवविवाहिता की हत्या करके उसके शव को शौचालय की टंकी में छिपा दिया गया था। असरगंज थाना क्षेत्र के सजुआ कुशवाहा टोला गांव की यह घटना है। मृतका की पहचान अमीषा कुमारी (20 वर्ष) के रूप में हुई है। जिसकी शादी दो साल पहले हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है और मृतका के पति और सास को गिरफ्तार किया है। शंभूगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के अशोक कुमार सिंह की 20 वर्षीया पुत्री अमीषा कुमारी का शव मिलने से सनसनी फैली है। अमीषा की शादी सजुआ कुशवाहा टोला गांव के नंदकिशोर सिंह के पुत्र आशीष कुमार के साथ दो साल पहले हुई थी। बीते 7 मार्च को मृतका की मां मीरा देवी ने असरगंज थाने में अपनी बेटी के लापता होने की सूचना दी थी। जांच के आधार पर असरगंज थाना की पुलिस ने रविवार की देर रात को सजुआ कुशवाहा टोला गांव से शव बरामद किया है।

## विकसित भारत के लिए करनी होगी तीन गुना मेहनत : अश्विनी वैष्णव

■ **राज्य सभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 पारित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोमवार को राज्यसभा ने भारतीय रेल के संचालन को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया। सदन को संबोधित करते हुए, रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक रेलवे क्षेत्र में सशक्तिकरण, दक्षता में वृद्धि और सहकारी संघवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने चर्चा में भाग लेने वाले 25 सांसदों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह विधेयक मौजूदा कानूनों को सरल बनाने के लिए लाया गया है, जिससे राज्य सरकारों की शक्तियां कम नहीं होंगी बल्कि विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को अब 1,000 करोड़ रू0 तक की परियोजनाओं को स्वीकृत करने की



पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है। श्री वैष्णव ने यह भी उल्लेख किया कि सरकार द्वारा उन राज्यों में भी रेलवे के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जहां सत्ताधारी दल की सरकार नहीं है। केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को पूर्व की सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक बजट मिला है।

**रेलवे क्षेत्र में प्रमुख सुधार और उपलब्धियां:**

**बुनियादी ढांचा विकास**

● पिछले 11 वर्षों में 34,000 किलोमीटर नई रेलवे पटरियां बिछाई गईं, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।

● 45,000 किलोमीटर रेलवे का विद्युतीकरण पूरा किया गया, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी आई। 50,000 किलोमीटर पुरानी पटरियों को नई, उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से बदला गया।

**सुरक्षा सुधार**

● रेलवे सुरक्षा में निवेश बढ़कर 1.14 लाख करोड़ रू. हुआ, जो पिछली सरकारों में केवल 8,000 करोड़ रू. था।

● रेल फ्रैक्चर की घटनाओं में 91% की कमी आई– 2013-14 में 2,548 घटनाएं होती थीं, जो अब न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

● 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लागू की गई, जिसे एसआइएल-4 प्रमाणन प्राप्त है, जो रेलवे संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा स्तर सुनिश्चित करता है।

**रोजगार और क्षमता निर्माण**

● एनडीए सरकार के दौरान 5,02,000 नौकरियां दी गईं, जबकि यूपीए शासन में यह संख्या 4,11,000 थी।

● लाखों अभ्यर्थियों की भागीदारी के साथ रेलवे भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी रूप से आयोजित की गईं।

● आईजीओटी प्लेटफॉर्म पर रेलवे कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए गए।

**यात्री सुविधाएं और आधुनिकीकरण**

● 3,10,000 आधुनिक शौचालय रेलवे कोचों में स्थापित किए गए, जिससे स्वच्छता मानकों में जबरदस्त सुधार हुआ।

● लोको पायलटों के लिए 558 रनिंग रूम अब पूरी तरह वातानुकूलित हैं।

● नई पीढ़ी के इंजन अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर कार्य वातावरण के साथ निर्मित किए जा रहे हैं।

श्री वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर उठाई गई चिंताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने घोषणा की कि 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पूर्ण एक्सेस कंट्रोल लागू किया जाएगा, जिससे केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश मिलेगा।

## पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी जिले के मनिका थाना क्षेत्र के बरवैया ग्राम के पास से हुई है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने दी है। एसपी ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कई कांडों का वांछित अभियुक्त विनोद परहिया मनिका थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। एसपी ने बताया कि रविवार (9 मार्च 2025) को गुप्त सूचना मिली थी कि विनोद परहिया को मनिका के बरवैया ग्राम के पास घूमते देखा गया है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।




## शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए 12 मार्च तक ई-शिक्षाकोश पर डाटा करना होगा अपडेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी कर 12 मार्च तक सरप्लस और रिक्तियों से संबंधित सूचना ई-शिक्षाकोश पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। ताकि 13 मार्च से ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए सॉफ्टवेयर चलाया जा सके। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि शिक्षकों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए सरप्लस और रिक्तियों से संबंधित सूचना 12 मार्च तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करें। इसके बाद सभी कोटि में ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए आवेदन के लिए सॉफ्टवेयर चलाया जाएगा। सॉफ्टवेयर चलाने के बाद पोर्टल पर कोई सूचना अपडेट नहीं की जा सकेगी। शिक्षा विभाग शिक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन के लिए 13 मार्च से सॉफ्टवेयर चलाएगा। शिक्षकों की वरीयता और रिक्तियों के आधार पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ट्रांसफर-पोस्टिंग की जाएगी। सॉफ्टवेयर चलाने में करीब 7 दिन का समय लगेगा। एक बार सॉफ्टवेयर चलाने के बाद इसे किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए इसे नहीं चलाया जा सकेगा। डाटा अपडेट नहीं होने पर सॉफ्टवेयर चलाने का कार्य स्थगित रहेगा। एसीएस ने सभी डीईओ को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि शिक्षकों की स्वीकृत इकाई, कार्यरत शिक्षकों की संख्या, नाम एवं अन्य सूचनाएं ई-शिक्षाकोश पर अपडेट रहें। यदि किसी भी स्थिति में सूचनाएं समय पर अपडेट नहीं होती हैं तो प्राथमिक शिक्षा निदेशक को तत्काल फोन पर सूचित करना होगा, ताकि सॉफ्टवेयर चलाने का कार्य स्थगित किया जा सके। इस संबंध में सभी डीईओ शिक्षा विभाग को प्रमाण पत्र देंगे कि विद्यालयवार रिक्ति एवं अधिशेष शिक्षकों से संबंधित डाटा की एंट्री ई-शिक्षाकोश पर पूरी कर ली गई है। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पोर्टल पर सही जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

## एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई (नबिटा ब्यूरो)।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ 119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ 119 ने मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 से रात 1:43 बजे न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी। एयरलाइन ने कहा कि फ्लाइट को अब 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। यात्रियों को होटल आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सहायता दी गई है। हमारी टीम जमीनी स्तर पर लगातार काम कर रही है ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो।




## पटाखा दुकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच की मौत

### घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख, मामले की जांच में जुटी प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में दिल दहलाने वाली घटना घटी है। एक पटाखा दुकान में अचानक आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। जिसमे तीन बच्चे, एक दुकान मालिक और एक ग्राहक शामिल है। गढ़वा के एसपी दीपक पांडे ने घटना की पुष्टि की है। सभी शव को छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।

**धमाके के साथ लगी आग**

गढ़वा जिले के झारखंड- छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर गोदरमाना बाजार में एक पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। मृतको में तीन बच्चे, जिसमें एक लड़की है, एक दुकान मालिक और एक ग्राहक की मौत हो चुकी है। पटाखा दुकान में आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी तक किसी को भी पता नहीं है, लेकिन धमाका इतना जबर्दश्त था कि पूरे बाजार में दहशत का माहौल बन चुका था। वहां के लोगों ने किसी तरह पांचों लोगों को आनन-फानन में अस्पताल भेजा, जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया।



मरने वालों में कुश कुमार उम्र 46 वर्ष, अजित केशरी उम्र 36 वर्ष, सुशीला करकेटा उम्र 15 वर्ष, प्रियांश उम्र 10 साल एवं श्रेयांश 8 वर्ष शामिल हैं। गढ़वा के रंका एसडीपीओ ने बताया कि घटना ग्यारह से बारह बजे दिन की है, सभी को इलाज के लिए छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल लाया गया था, जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम कराने की तैयारी चल रही है।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख**

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी घटना को लेकर दुख जताया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर मैसेज पोस्ट करते हुए उन्होंने घटना को दुखद बताया है। उन्होंने मरांग बुरु से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदम

## श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दी सरकारी प्रयासों की विस्तार से जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सोमवार को बिहार विधानसभा के चतुर्दश सत्र में श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने प्रवासी मजदूरों के हितों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि राज्य सरकार संकट में फंसे श्रमिकों के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि बिहार राज्य से बाहर काम करने गए प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक पहुंचाने का खर्च श्रम संसाधन विभाग वहन करता है। इसके अलावा विपरीत परिस्थितियों में फंसे प्रवासी मजदूरों को घर वापस लाने की व्यवस्था भी सरकार करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस कार्य हेतु 86.50 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। अब तक इस योजना के तहत 47 मृत प्रवासी श्रमिकों के शव उनके घर पहुंचाए गए हैं, जिनमें 36 देश के अन्य राज्यों से और 11 विदेशों से लाए गए हैं। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में 'प्रवासी श्रमिक केंद्र' स्थापित किया गया है। इसके साथ ही, श्रम संसाधन विभाग ने प्रवासी श्रमिकों के मामलों के अनुश्रवण के लिए सहायक श्रमायुक्त (प्रवासी) एवं श्रम अधीक्षक (प्रवासी) के पद भी सृजित किए हैं। संकटग्रस्त श्रमिकों के परिजन नई दिल्ली स्थित प्रवासी हेल्पलाइन (7217788114) या पटना के टोल-फ्री नंबर (18002965656) पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बिहार सरकार न केवल प्रवासी श्रमिकों की आपातकालीन सहायता कर रही है, बल्कि उनके पुनर्वास और कौशल विकास के लिए भी कदम उठा रही है। राज्य में प्रवासी संसाधन-सह-परामर्श केंद्र स्थापित किया गया है जहां श्रमिकों के रिकॉर्ड का संधारण किया जा रहा है। इसके अलावा श्रमिकों को बिहार कौशल विकास मिशन के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है। ताकि वे अपने रोजगार के अवसर बढ़ा सकें। खास बात यह है कि प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को भी इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है जिससे उनके भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार अपने श्रमिकों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# बी. डी. कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बी. डी. कॉलेज, पटना के सभागार में सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ''नारी शक्तिः सशक्त समाज की आधारशिला'' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विवेकानंद सिंह ने की। इस अवसर पर प्रो. एन. एन. ठाकुर, नीतू तिवारी, डॉ. वाई. गुंजन रामराज, डॉ. नंदनी कुमारी, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार वर्मा तथा सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी सह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार में वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण की भूमिका, समाज में महिलाओं की स्थिति तथा उनके अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि एक सशक्त समाज की नींव महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण से ही मजबूत होती है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विवेकानंद सिंह ने कॉलेज की महिला प्राध्यापकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# महिलाकर्मियों के लिए श्रम संसाधन विभाग की अनूठी पहल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग की ओर से महिलाकर्मियों की सुविधा के लिए पटना स्थित नियोजन भवन परिसर में आज से पालना घर (क्रेच) काम करने लगा है। इसका विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है और इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मियों को मातृत्व सहयोग प्रदान करना है जिससे वे कार्यालय समय के दौरान अपने छोटे बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित कर सकें। श्रम संसाधन मंत्री ने कहा कि यह पहल विभाग में कार्यरत महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी। इससे उन्हें कार्यालय में रहते हुए अपने बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं होगी। सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पालना घर सरकार की महिला हितैषी योजनाओं के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है जो कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करेगा। वहीं मंत्री के द्वारा इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को बिस्किट, टॉफी एवं अन्य उपहार भी दिए गए। उक्त अवसर पर विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त राजेश भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विशेष सचिव आलोक कुमार ने नियोजन भवन में नवनिर्मित पालना घर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालना घर में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल सुविधा होगी। यह 15 से 20 बच्चों की क्षमता वाला केंद्र है। एक क्रेच वर्कर एवं एक सहायक क्रेच वर्कर की नियुक्ति की गयी है, जो बच्चों के ख्याल रखेंगी। इसके अलावा बच्चों के लिए खेलने से लेकर फीडिंग तक की समुचित व्यवस्था यहां की गयी है। यह पालना घर आधुनिक सुविधाओं से युक्त (टेबल, खिलौने, फीडिंग रूम, स्टोर रूम एवं आरओ) है।

# मसौढ़ी एवं लहसुना थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली पर्व को शांति और सद्भाव से मनाने को लेकर मसौढ़ी थाना एवं लहसुना थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जहां पर मसौढ़ी थाने में थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु के नेतृत्व में और लहसुना थाने में खुशबू खातून के नेतृत्व में आम जन के साथ शांति समिति की बैठक आहूत की गई जहां पर होलिका दहन को लेकर संवेदनशील जगहों और होली पर्व में शांति सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु ने बताया कि होली पर्व को लेकर चौक-चौराहे पर पेट्रोलिंग के साथ-साथ गलियों में बाइक पेट्रोलिंग की जाएगी।

# होली गीतों के साथ दिया स्वच्छता का संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा राजेंद्र नगर के गणपति उत्सव हाल में उपस्थित लोगों को होली गीतों के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में भाग लेने के लिए तथा शहर को स्वच्छ रखने हेतु श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पटना की मेयर सीता साहू, सांसद धर्मशिला गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी डॉ आनंद कुमार, कोमल बरनवाल, रीता जैन, कान्ति केसरी, ऋतु वर्मा, रेणु गुप्ता, संगीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, कोमल गुप्ता, श्वेता गुप्ता, रानी गुप्ता, रूबी गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, सूरज कुमार गुप्ता, प्रोफेसर संजय कुमार, डॉ. अमित केसरी, योगेंद्र कुमार गुप्ता, प्रेम गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, सूरज गुप्ता आदि की उपस्थिति रही और सबने पटना नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

# महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के अवसर पर प्रगति ग्रामीण विकास समिति की ओर से पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड में महिला भूमि अधिकार एवं हर महिला को मासिक 3000 मांग को लेकर एक दिवसीय महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड के 40 गांव से हजारों महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर एकता परिषद राष्ट्रीय समिति के सलाहकार प्रदीप प्रियदर्शी ने कहा कि महिलाएं अब जाग रही है और अपने अधिकार को समझ रही है। इसलिए सरकार हर महिला को घरेलू समस्या से निजात पाने के लिए वार्षिक 3000 दे तो महिलाओं के स्वास्थ्य एवं बच्चों के शिक्षा में बहुत मदद मिलेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष से सदन में भिड़ गए राजद विधायक ललित यादव

## सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विधायक को सीमा में रह कर बोलने की हिदायत दी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट के सातवें दिन सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने जैसे ही प्रश्नकाल की शुरूआत की, विपक्षी सदस्य खड़े हो गए। भाकपा माले के सदस्य अपनी बात कहना चाहते थे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल बाधित न करें। समय पर अपनी बात कहिएगा। इसके बाद सदन में प्रश्नकाल की शुरूआत हुई। इसी बीच सदन में राजद विधायक ललित यादव विधानसभा अध्यक्ष से भिड़ गए। राजद विधायक और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव में जमकर तू-तू-मैं-मैं हुई। ललित यादव ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाया। दरअसल, प्रश्न काल के दौरान अध्यक्ष सीरियल नंबर से विधायकों का सवाल पूछने के लिए नाम ले रहे थे जब विधानसभा अध्यक्ष ने राजद विधायक ललित यादव का नाम लिया तो वो सदन में मौजूद नहीं थे जिसके बाद अध्यक्ष आगे बढ़ गए और अगले विधायक ने सवाल पूछा। इस बीच ललित यादव सदन में पहुंच गए और अध्यक्ष से सवाल पूछे जाने की मांग करने लगे जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमने आपका नाम लिया था, आप सदन में मौजूद नहीं थे, अब हम पीछे नहीं जाएंगे। इस पर राजद विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात करने का आरोप लगा दिया जिससे अध्यक्ष भड़क गए फिर दोनों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुआ। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप हमारे कमरे में आइए हम आपको पूरी वीडियो दिखाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष के मना करने के बाद भी राजद विधायक हंगामा कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने राजद विधायक को सीमा में रहकर बोलने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बैठिए आप, ये तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन नियम से चलेगा आपके हिसाब से नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सदन नियमावली से चलेगा आपके मर्जी से नहीं चलेगा। बता दें कि प्रश्नकाल में पहला सवाल विधायक अजय सिंह का था। उन्होंने केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्यकर्मियों को ग्रुप इंश्योरेंस, ग्रेच्युटी व अन्य सुविधा देने की मांग की।

# जूनियर इंटरनेशनल स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के मणीचक मोड़ स्थित जूनियर इंटरनेशनल स्कूल में स्थापना के छह वर्ष पूरे होने पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूआत आये हुए अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने डांस मस्ती कर धमाल मचाया जहा पर मैजिक शो, डांस, ड्रामा कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्कूल के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि स्कूल के स्थापना के 6 साल हुए हैं जहां पर बच्चों को स्वच्छंद वातावरण में पठन-पाठन का माहौल दिया जाता है। मौके पर कुमारी खुशबूरानी, शिक्षक निशा कुमारी, अनु, काजल, जया, रोजी, मधु, परिधि, अयान, नाज आदि शामिल रहे।

# एसबीआई पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय पटना में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक के. वि. बंगारराजु ने की। कार्यक्रम का उदघाटन एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्ष साई लक्ष्मी ने बैंक के महिला स्टाफ सदस्यों तथा लेडीज क्लब के सदस्यगण की उपस्थिति में केक काटकर किया। समारोह में अतिथि स्वरूप आमंत्रित प्रसिद्ध भारत नाट्यम नृत्यांगना सुदीपा घोष तथा निशानेबाजी में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी मीरा कुमारी को सम्मानित किया गया। दोनों सम्मानित अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक की पहल की भूरि- भूरि प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक बंगारराजु ने समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय स्टेट बैंक 'महिला सशक्तिकरण' की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। समारोह को महाप्रबंधक प्रभास बोस तथा आर. नटराजन ने भी संबोधित करते हुए महिलाओं को बराबर की भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी। एक दिवसीय आयोजन के अंतर्गत बैंक की विशेषतः गर्भवती महिलाओं के लिए मैत्रेयी कक्ष का उदघाटन किया गया तथा 25 वर्ष तक की आयु की महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर रोकथाम टीकाकरण शिविर का आयोजन भी किया गया। समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी सुमित रॉय के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# शिक्षा व्यवस्था का हाल-बदहाल, बीइइओ ने पूछा स्पष्टीकरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो मगर इन दावों को आइना दिखा रहा है मसौढ़ी स्थित भगवानगंज का नवसृजित कैलाशनगर विद्यालय जहां पर बच्चे आज भी जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं, न उन्हें पोशाक मिला है और न ही उनके हाथों में किताब कॉपी है, इसके अलावा जब उन छात्रों से पठन-पाठन का जायजा लिया गया जहां छोटे-छोटे बच्चों ने बताया कि सर नहीं आते हैं मैडम दिन भर मोबाइल देखती रहती है। ऐसे में सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ऐसे ही पढ़ेगा इंडिया। क्या ऐसे बढ़ेगा इंडिया..? इस पूरे मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर से बात की गई। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही उस स्कूल के प्रभारी पर स्पष्टीकरण पूछा जा रहा है और 24 घंटे के अंदर जवाब तलब की गई है, संतोषजनक जवाब नहीं आने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# होली एकता एवं मित्रता का पर्व : स्वाति मोदी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी पाटलिपुत्र द्वारा होली मिलन समारोह रंगों और उल्लास से भरपूर रहा। इस खास अवसर पर जिला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन एवं फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन स्वाति मोदी और सचिव रोटेरियन ऋषि जायसवाल ने कार्यक्रम की शानदार व्यवस्था की। कार्यक्रम संयोजक अंजू अग्रवाल, रजनीगंधा अखौरी और श्रीमती मंकानी रहीं। कार्यक्रम में रजनीगंधा अखौरी ने 'गब्बर' के रूप में मनोरंजक प्रस्तुति देकर सभी का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा संयोजकों ने कुछ रोचक पहेलियां पूछीं जिनके सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। होली थीम पर आधारित हाउसी खेल का भी आयोजन किया गया जिसे रोटेरियन अखौरी बिश्वप्रिय और रोटेरियन श्याम अग्रवाल ने संचालित किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। इससे पहले क्लब अध्यक्ष रोटेरियन स्वाति मोदी और सचिव रोटेरियन ऋषि जायसवाल ने बैठक की शुरुआत की और क्लब की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान रोटेरियन अंजू अग्रवाल द्वारा 3150 डिग्री की सनशाइन राशि एकत्र की गई जिसे सामाजिक कार्यों में उपयोग किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि समारोह के अंत में जिला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन ने उन सभी सदस्यों को सम्मानित किया जिन्होंने मेजर डोनर के रूप में योगदान दिया।

# तिब्बत जन क्रांति दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

## विश्व समुदाय से तिब्बत की आजादी के लिए समर्थन करने की मांग




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत तिब्बत मैत्री संघ की ओर से तिब्बत की आजादी के लिए तिब्बत जन क्रांति दिवस के अवसर पर पटना के गांधी संग्रहालय में हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगोष्ठी में आए अतिथियों का स्वागत प्रमोद कुमार शर्मा एवं विषय प्रवेश सुरेंद्र कुमार ने किया। संगोष्ठी में पटना, गया, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, नालंदा, वैशाली आदि जिलों के करीब 60 लोग शामिल हुए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री रामचंद्र पूर्वे ने कहा कि भारत की सीमा से सटा हुआ सदियों से तिब्बत की सीमा रहा है। चीन हमारे सीमा में कभी भी नहीं रहा। तिब्बत पर चीन के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने के कारण सुरक्षा पर हमारा काफी खर्च बढ़ गया है। सीमा पर बराबर टकराव की स्थिति बनी रहती है। हम विश्व समुदाय से तिब्बत की आजादी के लिए समर्थन करने की मांग करते हैं। संगोष्ठी में केंद्र सरकार से यह मांग की गई कि परम पवन दलाई लामा जी को लोक सभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने और उन्हें भारत रत्न देने की मांग की गई। संगोष्ठी में तिब्बत की आजादी में शहीद हुए हजारों साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि पिछले 66 वर्षों में और आज भी चीनी नेतृत्व के तहत तिब्बती लोगों की पहचान को खत्म करने साजिश कर रहा है। चीन की सरकार ने तिब्बत की सैकड़ों लोगों की असामयिक मृत्यु, 6 हजार से अधिक मठों को नष्ट कर दिया है।

# बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 59,901 लाभुकों का कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन से चयन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आज विकास भवन सभागार में राज्य अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 59,901 लाभुकों का कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से निष्पक्ष चयन किया गया। बैठक में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, सचिव उद्योग विभाग बंदना प्रेयषी, तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद, एवं अनुश्रवण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बिहार लघु उद्यमी योजना का उद्देश्य-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों एवं नए उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। 19 फरवरी से 5 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान 2,32,900 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 59,901 लाभुकों का निष्पक्ष कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन द्वारा चयन किया गया। साथ ही 20% अतिरिक्त आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत आज निष्पक्ष और पारदर्शी कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से 59,901 नए लाभुकों का चयन किया गया है। यह योजना राज्य में छोटे उद्यमों को बढ़ावा देने और बेरोजगारी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह योजना ऋण-मुक्त है। इसके तहत लाभुकों को पूरी तरह से अनुदान के रूप में 2 लाख की वित्तीय सहायता दी जाती है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योग्य आवेदकों को बिना किसी भेदभाव के वित्तीय सहायता मिले और वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक संकल्प है।

# शोध के साथ-साथ डॉ कोमल बहुमुखी प्रतिभा की धनी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय वनस्पति विज्ञान सोसाइटी के फेलो अवार्ड से सम्मानित महिला वैज्ञानिक डॉ रश्मि कोमल का कार्यक्षेत्र वानस्पतिक भ्रूण विज्ञान तथा ऊतक संवर्धन है और इस क्षेत्र में इन्होंने महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। शोध के साथ-साथ डॉ कोमल बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं और साहित्य के प्रति भी रुचि रखती हैं। उनके द्वारा कई कविताओं की रचना की गई है। 'अवलोकित जीवन' इनकी कविताओं का संग्रह है। वैज्ञानिक व कवयित्री डॉ रश्मि कोमल के द्वारा रचित कविता संग्रह 'अवलोकित जीवन' का विमोचन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति 'प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार सिंह' तथा रजिस्ट्रार 'प्रोफेसर शालिनी' के कर कमलों द्वारा पटना विश्वविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस कविता संग्रह में 21 कविताएं है जिनके माध्यम से कवयित्री ने माता-पिता के स्नेह और समर्पण, जीवन के विभिन्न रंगों, मानवीय संबंधों और भावनात्मक रूप से जुड़े सामाजिक संबंधों को प्रतिबिंबित किया है। आशा है कि इन कविताओं के माध्यम से कवयित्री के सृजनात्मक अभिव्यक्ति का आप रसास्वादन करेंगे। इनकी कविताओं का संग्रह 'अवलोकित जीवन' एमेजन पर उपलब्ध है।

# श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन 'अखण्ड ज्योति पाठ' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री शक्तिधाम सेवा न्यास बैंक रोड, पटना में 8 मार्च से प्रारम्भ हुए पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन 10 मार्च को 10 बजे सुबह से 'अखण्ड ज्योति पाठ' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्यामजी की विशेष सजावट की गयी थी। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि अखंड ज्योति पाठ अर्चना टिबरेवाल एवं अंजू टेकरीवाल के नेतृत्व में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लाल, पीली साड़ी में सजकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से अखण्ड ज्योति पाठ किया। अखंड ज्योति पाठ का प्रारम्भ गणेश स्तुति से किया गया। प्रातः 10 बजे से श्री श्याम जी का विशेष अखण्ड ज्योति पाठ में महिलाओं के भजनों की गूंज से पूरा परिसर गुंजानमय हो रहा था। संध्या में अखंड पाठ की समाप्ति के बाद श्याम प्रभु की आरती हुई। सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। अमर अग्रवाल ने बताया कि रात्रि 9:30 बजे से प्रातः 5 बजे तक रात्रि जागरण श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा होगा। अखंड कीर्तन पाठ में महिला मंडल की शकुंतला अग्रवाल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार, सरिता बंका, सरोज बंका, संगीता गोयल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज के समारोह में अमर अग्रवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, रमेश मोदी, शंकर शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अक्षय अग्रवाल, महोत्स संयोजक जे पी तोदी, निर्मल अग्रवाल, विवेक शर्मा, सतीश अग्रवाल, ललन लाठ, गौरव शर्मा, अजय शर्मा, सुरेश झुंझुंवाला, मुन्ना अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शंकर शर्मा सहित काफी अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे।

# होली व रमजान को लेकर डिहरी थाना में शांति समिति की बैठक

## होली में हुड़दंगियों व सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना परिसर में सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने और रमजान महीने को लेकर एएसपी कोटा किरण कुमार कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद जेई टाउन बिजली प्रमोद कुमार सिंह की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक की गई। अधिकारियों ने कहा कि रमजान महीने में सभी मस्जिदों और होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। कहा किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। मनचलों व हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना पुलिस को दें। विवादित व चिन्हित स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बताया कि डीजे और अश्लील गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में एएसपी कोटा किरण कुमार ने सभी से सहयोग की अपेक्षा की बात करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान यदि कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो प्रशासन को सूचित करने का कार्य करें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने एवं सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने होली एवं रमजान पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आपस में भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का अपील किया। बैठक में उपस्थित थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार को त्यौहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने त्यौहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने कहा कि जहां-जहां भी मटका फोड़ने का कार्य होता है वहां पर प्रशासन तैनात किया जाए। इसके साथ ही होली के दौरान होम डिलीवरी शराब पर शराब तस्करों को चिन्हित कर अविलंब प्रतिबंध लगाने एवं गिरफ्तारी की मांग की है। दूसरी ओर कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार मुख्य पार्षद शशि कुमारी के प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी ने पर्व के दौरान शहर में साफ सफाई रहेगी। कहा कि रंग खेलना खुशी का प्रतीक है, लेकिन किसी के साथ जबरदस्ती न की जाए। सभी को स्वेच्छा से मिलकर होली मनानी चाहिए। पूर्व सांसद प्रतिनिधि अरूण शर्मा ने फर्स्ट ऐड एम्बुलेंस एवं अग्निशमन सेवा शहर में तैनात किया जाए। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार, सिटी मैनेजर आफताब आलम, राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद, जेई टाउन प्रमोद कुमार सिंह, डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, समाजसेवी अख्तर अंसारी, अमित पटेल, वार्ड पार्षद सोनू चौधरी, मंजू चौधरी, मीना देवी, अनिता देवी, राजद नगर अध्यक्ष धनंजय यादव, अरुण शर्मा, नगर मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष महफूज अंसारी, संजय कुमार सिंह उर्फ बाला जी, बबल कश्यप, पूजा समिति के कुंवर सिंह, दारा यादव, संजय गुप्ता, मुन्नालाल कसेरा, शोभा चन्द्रवंशी, मिंटू गुप्ता, सुरेंद्र सेठ, प्रकाश पासवान, तपेश्वर यादव, ददन यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# आरपीएफ ने 32 लीटर अवैध शराब की बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि आरपीएफ डिहरी के उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी देवलास राम, आरक्षी अभिमन्यु सिंह तथा मद्यनिषेध विभाग डिहरी सहायक अवर निरीक्षक रोनित राज साथ स्टाफ संयुक्त रूप से होली पर्व के मद्देनजर स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म पर गश्त कर रहे थे कि गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 4 पर गाड़ी संख्या-18612 डाउन के आगे के जनरल कोच के गेट के पास लावारिस हालत में एक पीला रंग का बोरा एवं एक काला रंग का बैग जिससे कि शराब की गंध आ रही थी रखा हुआ दिखाई दिया जिसके बारे में पूछताछ करने पर किसी भी यात्री ने उक्त बैग एवं बोरा को अपना होना नहीं बताया। उक्त गाड़ी हॉर्न देते हुए खुलने लगी तो लावारिस बोरा व बैग को उतार कर चेक करने पर पीला रंग के बोरा में कुल-119 अदद एवं काला रंग के बैग में 45 अदद ब्लू लाइम देसी मसाला शराब कुल-32.8 लीटर बरामद हुआ जिसका अनुमानित कीमत 11460/- है जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्यवाही करते हुए उप निरीक्षक मनोज कुमार के द्वारा एक लिखित शिकायत पत्र देकर अग्रिम कार्यवाही वास्ते मद्यनिषेध विभाग डिहरी को सुपुर्द किया गया।

# होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बराढ़ी बाजार पर जनसुराज के द्वारा रविवार की देर शाम जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अकोढ़ी गोला में जनसुराज प्रदेश कार्य समिति सदस्य व डिहरी विधान सभा से संभावित प्रत्याशी अभिषेक सांकृत ने जनता के साथ होली समारोह के दौरान एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर तथा माला पहनाकर शुभकामना दी तथा सभी को सम्मानित किया। इस अवसर पर अकोढ़ीगोला के ज्यादातर पंचायत के मुखिया, सरपंच, पैक्स अध्यक्ष और वार्ड सदस्य गण बड़े हृदय के साथ समारोह में शामिल हुए। अभिषेक सांकृत ने सभी को होली और रमजान को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का अपील किया। इस अवसर पर लोकगीत का कार्यक्रम सबने पसंद किया। दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए कलाकारों द्वारा भी भी पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत की गई जिसे सामूहिक तौर पर उपस्थित लोगों ने वाह-वाह करते हुए होली गीत का आनंद लिया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा गले मिलकर होली की बधाई दी।इस अवसर पर सुभाष राम, आर के सिंह, योग गुरु शैलेंद्र प्रसाद, अजय कुमार, उमेश सिंह, हीरालाल सिंह कुशवाहा, डॉ रामाधार कुशवाहा, डॉ एसके तिवारी, देशपति, अंकित सिंह, श्लोक सिंह कुशवाहा, नीलकमल पांडेय, डॉ शैलेश सागर, पीयूष रंजन, दिवाकर मिश्रा, नीलेश तिवारी, राणा सिंह, राहुल गुप्ता, अमित गुप्ता, राजीव रंजन, नंदलाल गुप्ता, रितु राज पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# दस आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के दस आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार हत्या के प्रयास, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। 74 लीटर देशी शराब, हीरोइन बरामद किया गया।

# मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** एससी एसटी थाना में डिहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली सन तटीय निवासी सरस्वती देवी ने मोहल्ले के संजय व विजय यादव पर अश्लील हरकत व मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि बीच बचाव करने आए उनकी पुत्री व पुत्र की भी पिटाई की गई है।

# आखिर कैसे होंगे उस मसीहा के सपने साकार : मोहन राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यह बात 'आखिर कैसे होंगे उस मसीहा का (डॉ भीम राव अंबेडकर) सपने साकार'। मेरे अंतरात्मा को बार-बार कोसते रहता, उद्वेलित करते रहता है जिन्होंने अपने समाज के समुत्थान व शोषण, दमन एवं अत्याचार से मुक्ति दिलाये जाने हेतु सामाजिक तिरस्कार, अपमान का घूंट पिया तथा यातनाएं भी सहन किया। क्या यही दिन देखने के लिए की समाज का चिंतक, समाज का स्तंभ अलग-अलग अपनी डफली व अलग-अलग-अपनी राग अलापते रहे हैं। आज इसी का परिणाम है जो मेहतर, डोम एवं बाल्मीकि (भंगी) समाज के लोग अपने अधिकार से वंचित हैं। मेहतर सेवा संघ बिहार के संरक्षक व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने कहा है कि संपूर्ण देश में मेहतर, डोम, बाल्मीकि (भंगी) समाज का हालात बद से बदतर है क्योंकि देश के तमाम नगर निगमों, नगरपालिकाओं के अलावे सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में ठीकेदारी प्रथा लागू कर इस मेहतर, डोम बाल्मीकि (भंगी) समाज का घोर शोषण किया जा रहा है। यहां तक की वर्षों की आजादी के बाद भी बिहार में 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन भी नहीं हो सका। संघ संरक्षक मोहन राम ने कहा कि सूबे बिहार में आरक्षण में वर्गीकरण की बात हो या राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की बात प्रायः समाचार पत्र 'नवबिहार टाइम्स' के द्वारा सरकार के पटल पर रखने का काम करते रहा, लेकिन आज तक बिहार में न तो सफाई कर्मचारी आयोग का गठन हुआ और न तो आरक्षण में वर्गीकरण ही। संघ संरक्षक मोहन राम, अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार राउत (राजू) एवं मेहतर सेवा संघ बिहार जिला शाखा रोहतास के कोषाध्यक्ष वीर वसंत लाल ने कहा है कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि केंद्र व सूबे बिहार में एनडीए की सरकार है ऐसी परिस्थिति में आरक्षण में वर्गीकरण एवं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन न होना बड़े ही दुर्भाग्य पूर्ण बात होगी क्योंकि बिहार के वंचित दलितों, मेहतर, डोम एवं बाल्मीकि (भंगी) समाज के लोग आशा भरी निगाहें संजोये हैं। लोगों ने सरकार से आशा व्यक्त किया है कि वंचित दलितों व बदहाल भंगी समाज के हित का ख्याल रखते हुए तत्काल लागू करने का प्रशंसनीय व प्रगतिशील कार्य करेंगे।

# आंदोलन तेज करने के लिए किसान संघर्ष मोर्चा ने चलाया जन संपर्क अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** किसान आंदोलन तेज करने के लिए किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने रामपुर प्रखंड में जन सम्पर्क अभियान चलाया। जन संपर्क अभियान की नेतृत्व कर रहे विमलेश पांडेय अध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने पसाई मईडाढ चमरियाव अकोढी गंगापुर चंद्रोदय ठकुरहट बिजरा झलखोरा निसीजा गांव में किसानों से संपर्क कर आंदोलन में शामिल होने की अपील की। पशुपति नाथ सिंह महासचिव श्रवण पटेल सुनील सिंह अरविंद सिंह आदि किसानों ने भूमि अधिग्रहण में 1 करोड़ 28 लाख रुपए प्रति एकड़ कृषि भूमि की मुआवजा के लिए किसानों से आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया। जन संपर्क अभियान में किसान नेताओं ने किसानों के बीच आंदोलन की प्रगति रिपोर्ट रखी। जन संपर्क अभियान में किसानों के बीच कहा गया जब लड़ेंगे नहीं हो तो मुआवजा नहीं मिलेगा। किसान नेताओं ने कहा सरकार किसानों की औने-पौने दाम पर भूमि अधिग्रहण कर रही है। जन संपर्क अभियान में किसानों का आह्वान किया गया भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए बिहार सरकार के द्वारा अधिग्रहित भूमि की मुआवजा के लिए अनिश्चितकालीन धरना में संख्या बढ़ानी होगी। पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप स्थल मसोई में किसानों ने 1 वर्ष 69 दिन अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को जारी रखे हुए हैं।

# 124 गर्भवती महिलाओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पीएचसी में सोमवार को 124 गर्भवती महिलाओं का प्रभारी डॉ रमेश कुमार व डॉ नीरज कुमार द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पीएचसी में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत हर माह के नौ तारीख को ये जांच शिविर का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में जच्चा बच्चा की जांच की गई। पर्चा काउंटर पर कतार में खड़ी महिलाओं ने पर्ची कटा जच्चा और बच्चा की जांच कराई। वही चिकित्सकों द्वारा लगभग 124 से अधिक गर्भवती महिलाओं को जांच के लिये लिखा गया जहां बीपी, वजन की जांच एएनएम प्रिया कुमारी, ऋषिबाला सी एच ओ अर्चना कुमारी, काउंसलर सविता कुमारी सहित अन्य एएनएम द्वारा किया गया। साथ ही सीएचओ इंदू कुमारी द्वारा गर्भवती महिलाओं को फैमली प्लानिंग के लिए सुझाव व विचार के साथ हम दो हमारे दो के तर्ज पर समझाया बुझाया जा रहा था। लैब टेक्नीशियन जाकिर हुसैन द्वारा डॉ द्वारा पर्चा पर लिखे महिलाओं का खून, पेशाब, सुगर, एचआईवी, हिमोग्लोविन की जांच किया गया।

# होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्थानीय थाना परिसर बेलाव में सोमवार को होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। पुलिस पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। थानाध्यक्ष अनीश कुमार व बीडीओ अरविंद कुमार व सीओ अन्नु कुमारी ने बैठक में कहा कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध न हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। शांति समिति की बैठक के समाप्त होते ही रंग गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। बैठक में मुखिया पति संजय राम, मुखिया प्रतिनिधि अनिल बैठा, पैक अध्यक्ष शिवजी सिंह, वार्ड सदस्य कृष्ण कुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पंजाबी बिरादरी पटना एवं लेडीज विंग द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लाला लाजपत राय भवन, पटना में पंजाबी बरादरी पटना एवं लेडीज विंग द्वारा एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस शानदार कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 250-300 से अधिक सदस्य शामिल हुए और रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत साईं म्यूजिकल ग्रुप- रंग बरसे द्वारा प्रस्तुत एक संगीतमय सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई जिसने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके बाद सभी सदस्यों ने अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर रंगों और संगीत में सराबोर नृत्य किया। पंजाबी बरादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना एवं उनकी पत्नी सीमा खन्ना ने भी डांस फ्लोर पर कदम मिलाए। अन्य प्रमुख सदस्य जिन्होंने आयोजन की शोभा बढ़ाई, उनमें लेडीज विंग की चेयरपर्सन उमा सिंह, हेमा गाला एवं उनके पति पृथ्वीपाल सिंह, डॉली कोहली, रोशनी सिंह, सीमा पॉल, नीलम छाबड़ा, पूनम सलूजा, इंदरपाल सिंह 'लवली', अनुप टंडन, विजय अरोड़ा, संजय सलूजा और अशोक मनकानी शामिल थे। समारोह में विशेष होली पारंपरिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी अतिथियों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए।

# 11 वें दिन भी धरना पर बैठे रहे वार्ड पार्षद

## नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच व कार्रवाई पर अड़े वार्ड पार्षद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच व दोषी पर कार्रवाई की मांग को लेकर वार्ड पार्षदों का 11 वें दिन सोमवार को भी अनिश्चितकालीन बैठे रहे। नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरना दे रहे वार्ड पार्षद धरना में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने का आह्वान कर रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि मांगों से संबंधित ज्ञापन धरना से पहले ही सम्बंधित अधिकारी को दिया गया था। अनिश्चिकालीन धरना के 11 वें दिन भी कोई भी अधिकारी धरनार्थियों से मिलने नहीं आया। धरना पर बैठे वार्ड पार्षद चिंता देवी व बेबी रस्तोगी ने बताया कि पार्षद अपने मांगों से पीछे नहीं हटेंगे जब तक वार्ड पार्षदों की मांग नहीं मानी जाए।

# सोनालीका ने की फरवरी 2025 में 10,493 ट्रैक्टरों की बिक्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी 2025 में कुल 10,493 ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 2025 के अंतिम चरण में प्रवेश किया। सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस प्रदान करने के अपने मजबूत बुनियादी मूल्य का लाभ उठाते हुए कंपनी ने अपनी वाईटीडी फरवरी 2025 में अब तक की सर्वाधिक 1,13,279 घरेलू ट्रैक्टर बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग वाईटीडी प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की विकास यात्रा में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए सोनालीका वास्तव में किसानों के लिए बेहतर परिणाम और सफलता सुनिश्चित करने हेतु इनोवेशन और ताकत सुनिश्चित करता है। शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा हम फरवरी 2025 में शानदार 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज करके उत्साहित हैं जिससे हमने वाईटीडी फरवरी 2025 में अब तक की सर्वाधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया है।

सोनालीका ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि फसल पैदावार बढ़ाने हेतु हमारी उन्नत कृषि तकनीक सभी भौगोलिक क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में सर्वश्रेष्ठ से बेहतर प्रदर्शन करती रहे। हमारा बुनियादी मूल्य सभी हितधारकों के लिए समावेशी विकास है जिसके द्वारा हम किसानों के लिए एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो इनोवेशन और विकास से समृद्ध हो।

# समकालीन अभियान के तहत 15 वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल के अंतर्गत विभिन्न थानों के द्वारा चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत कुल 15 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देशन पर समय-समय पर एस ड्राइव चलाकर विभिन्न मामलों में फरार वारंटी को युद्धस्तर पर धर पकड़ की जाती है। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी धनरूआ, पुनपुन समेत सभी आठ थानों में विभिन्न मामलों में चल रहे फरार वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा होली पर्व पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी फरार वारंटी की धर पकड़ की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत सभी थानों को निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति बरकरार रखने के लिए युद्ध स्तर पर फरार वारंटी की धर पकड़ करें।

# अभियान में दो वारंटी धराए, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के वारंटियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चलाया। अभियान विभिन्न स्थानों के दो वारंटी धराए, धराए वारंटियों से पूछताछ के पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराए वारंटी में कुदरा थाना के नंदू राम पिता स्वर्गीय कन्हैया राम ग्राम कानडीहरा व प्रवीण राम पिता बहादुर राम ग्राम भेलमा के निवासी हैं।

# बार-बार चुनाव होने से छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा असर : प्रो. रणबीर नंदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एक राष्ट्र एक चुनाव चुनाव अभियान के राज्य संयोजक व पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि देश में बार बार चुनाव होने से छात्रों के भविष्य पर असर पड़ता है। उनके रोजगार व देश के विकास के लिए जमा राशि बार -बार चुनाव में बर्बाद होती है। बार चुनाव होने से शिक्षकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण व चुनाव कार्य में चले जाने से स्कूल व कॉलेजों में बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। प्रो. रणबीर नंदन सोमवार को राजधानी के टीपीएस कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित छात्र-शिक्षक- कमर्चारी परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। प्रो. नंदन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से देश की जनता सफर कर रही है और आचार संहिता की वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रो. नंदन ने कहा कि आजादी के बाद 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव हो रहे थे। मगर किसी खास पार्टी की वजह से देश में बार-बार चुनाव का नौबत आया। उन्होंने बताया कि 1998 के लोस चुनाव में 9 हजार करोड़, 1999 के लोकसभा चुनाव में 10 हजार करोड़, 2009 के लोस चुनाव मे 20 हजार करोड़, 2014 के लोस चुनाव में 30 हजार करोड़, 2019 के लोस चुनाव में 60 हजार करोड़ व 2024 के लोकसभा चुनाव में 1लाख 20 हजार करोड़ खर्च हुए। उन्होंने कहा कि अगर ये पैसा बचता है तो युवाओं के रोजगार व देश के विकास में खर्च होगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीपीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि वह सारी बाधाओं को दूर कर पूरे देश में जल्द से जल्द लोकसभा व विधानसभा चुनाव कराये। उन्होंने कहा कि यह परिचर्चा अपने आप में ऐसा कार्यक्रम है जहां उनके कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व कर्मचारी एकजुट होकर चिंतन कर रहे हैं। इस परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन छात्र नेता अंकित तिवारी, स्वागत शिवम परासर व धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार ने किया। इस मौके कॉलेज के शिक्षक विजय कुमार सिन्हा, अबु बकर रिजवी, प्रो मनोज कुमार, प्रो व्यंकटेश कुमार, कर्मचारी संघ के दीपक कुमार, भाजपा नेता सुनील सेवक, मधु सिंह,अविनाश कुमार , सुनील कुमार, चंदन सिंह, रोहित सिंह, सुमन सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र व कर्मचारियों ने संबोधित किया।


**JEEVIKA**

**Bihar Rural Livelihoods Promotion Society**
**State Rural Livelihoods Mission, Bihar**
**Jagriti Jeevika Mahila Sankul Stariye Sangh**
**Batwan More Near Middle School Cluster Jamhor**

**कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager) हेतु विज्ञापन**

जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बतवां के द्वारा राजकीय अम्बेदकर आवासीय बालिका +2 विद्यालय कुशी, औरंगाबाद में संचालित दीदी की रसोई के सुगमतापूर्वक संचालन हेतु कैंटीन प्रबंधक के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है:-

| क्रम सं. | पदनाम का नाम | पद की संख्या | कार्य क्षेत्र | न्यूनतम योग्यता | उम्र सीमा | राजकीय अम्बेदकर आवासीय बालिका +2 विद्यालय कुशी, औरंगाबाद संस्थागत बिक्री एवं लाभ के आधार पर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कैंटीन प्रबंधक | 01 | 2+राजकीय अम्बेदकर आवासीय बालिका विद्यालय कुशी, औरंगाबाद | होटल प्रबंधन/कैटरिंग तकनीक (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (BHM)/बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT) / BSC इन हॉस्पिटेलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन/BA इन होटल मैनेजमेंट/BBA इन हॉस्पिटैलिटी/BBA इन होटल मैनेजमेंट होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा) उत्तीर्ण | विज्ञापन की तिथि से 21-45 वर्ष के बीच | 20000-50000 |

**आवश्यक मापदंड :-**

1. यह पद अस्थायी एवं अनुबंध पर आधारित है।

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन विहित आवेदन प्रपत्र में भरकर शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति एक बंद लिफाफा में दिनांक 20 मार्च 2025 संध्या 5:00 PM तक अंकित पते पर हाथों हाथ/डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें।

**आवेदन पत्र जमा करने का पूर्ण पता :-**

जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बतवां बद्री नारायण पब्लिक स्कूल के पीछे, प्रखंड-औरंगाबाद सदर, जिला-औरंगाबाद, बिहार, पिन-824101

**अध्यक्ष** ममता देवी | **सचिव** पानपति देवी | **कोषाध्यक्ष**

**जागृति जीविका महिला सकुल स्तरीय संघ बतवां**

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधान लिपिकों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सोमवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नवादा नवीन कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में प्रधान लिपिकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कैश बुक, सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, व्यवहार न्यायालय में लंबित वाद, विभागीय कार्यवाही की स्थिति, मानवाधिकार से संबंधित, माननीय लोकायुक्त, सूचना का अधिकार, सेवापुस्त का सत्यापन, सेवा लाभ, सेवान्त लाभ, एसीडीसी बिल, अंकेक्षण संबंधी अनुपालन, कार्य पुस्तिका, जन शिकायत निवारण से संबंधित विभागों के प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य मुख्य बिंदुओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। सभी विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अपने कार्यों को प्रभावी एवं पारदर्शित तरीके से संचालित करें ताकि प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो और आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाने के उपरांत कैश बुक अपडेट कर हाल में रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी लिपिकों को कहा कि आपके कर्म में ही आईना है, इसलिए सही ढ़ंग से अपने कार्यों एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सेवांत लाभ से संबंधित कर्मियों का सेवानिवृत के दिन ही यथासंभव भुगतान करने का निर्देश दिया गया। सभी कर्मियों का एसीपी, एमएसीपी ससमय देने का निर्देश दिया गया साथ ही कहा कि सभी कर्मियों का सेवापुष्टि भी ससमय दिलाया जाय। एसीपी, एमएसीपी से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन के साथ सेवापुष्ट सभी विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी प्रधान लिपिकों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने-अपने कार्यालयों में त्वरित गति से कार्यों का निष्पादन करायें और सभी प्रकार का प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्रवाई, विधान सभा/विधान परिषद से संबंधित प्रश्न, मानवाधिकार, न्यायालय में लंबित मामलों में विस्तृत प्रतिवेदन के साथ बैठक में आने का निर्देश दिया। बैठक में सभी प्रधान सहायक, प्रखंड स्तरीय सभी कार्यालय के अधिकारी एवं सभी प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोदाम में लगी भीषण आग, 50 लाख का होली का सामान जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नवादा के मुस्लिम रोड स्थित एक चार मंजिला श्रृंगार गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर पहुंची कई दमकल गाड़ियां भी अब तक इसे काबू में नहीं कर पाई हैं। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह बताया जा रहा है। घटना रविकांत के गोदाम में घटी, जहां होली के लिए थोक में खरीदी गई पिचकारियां, गुब्बारे और अन्य सामान रखा था। आग लगने की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय लोगों ने पाइप के जरिए आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे, जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई।

**संकीर्ण गलियां बनीं बाधा, अब तक नहीं पाया गया आग पर काबू**

दमकल विभाग की बड़ी और छोटी गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं, लेकिन गली संकरी होने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आग धीरे-धीरे और भयावह होती जा रही है, जिससे नुकसान का आकलन करना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि, स्थानीय लोगों के अनुसार, अब तक करीब 50 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो चुकी है। घटनास्थल पर मौजूद समाजसेवी जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि गोदाम में होली के सामान का बड़ा स्टॉक था, जो पूरी तरह जल गया है। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई है।

# होली मिलन समारोह में जमकर झूमे लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ विधायिका नीतू देवी के नेतृत्व में उनके आवास नरहट रोड स्थित आदित्य नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की तैयारी में विधायिका दम्पति स्वयं अपने कार्यकर्ताओं संग काफी तन-मन से समर्पित दिखे। झाल- मंजीरे, ऑर्गन, पैड, नाल और हारमोनियम से खूब शमां बंधी। दोपहर से शाम तक होली मिलन का कार्यक्रम चलता। कार्यक्रम में आये हुए आगंतुकों को विधायक दम्पति स्वयं स्वागत करते हुए दिखे। इस कार्यक्रम में कई नामी कलाकारों ने होली गा कर मौजूद लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विधायक पति शेखर सिंह उर्फ पप्पू सिंह,विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार विद्यार्थी, शैलेन्द्र कुमार ऊर्फ शालो सिंह, उप प्रमुख धर्मवीर कुमार, मुखिया धनंजय कुमार, नरेश सिंह, शशिध्वज वर्मा उर्फ अरविंद सिंह, अनंत पाण्डेय, सर्गुण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुनील चौधरी, अर्जुन चौधरी, सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# छात्र ने छत के पंखे से झूलकर लगाई फांसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के पंडितपुर गुलाब बाग मुहल्ला में बिते रात्रि में छात्र ने प्रेमप्रसंग चक्कर में फांसी लगाकर जान दे दिया। मृतक का पहचान राजगीर पंडितपुर के टोला गुलाब नगर निवासी कृष्णा चौधरी के छोटे बेटे पवन कुमार उर्फ चन्दन के रूप में किया गया है। इस घटना की सूचना पाकर राजगीर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां शव को पंखे के सहारे बिजली ताड़ के फंदे से झूलता हुआ पाया। शव को फंदे से उतार कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज भेज दिया। इस विषय में मृतक के भाभी काजल देवी ने बताया कि उसका देवर का पास के हीं एक लड़की से प्रेमप्रसंग तीन साल से चल रहा था। लड़की के परिजनों के द्वारा मेरे देवर पर शादी के लिए बराबर दबाव बनाया जाता था। सोमवार की रात को भी मेरे देवर के मोबाइल पर फोन कर धमकी दिया था। जिसके कारण वह काफी डिप्रेशन में था।

## दहेज की खातिर महिला की गला दबाकर हत्या

एंकगरसराय थाना क्षेत्र के निचला मानपुर गांव में एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या किए जाने की सनसनी खेज घटना घटी है। मृतका विपिन कुमार की पत्नी पूजा कुमारी है। फतुहा थाना के गुरुदेवचक गांव निवासी मृतका के भाई गणेश यादव बताया कि सोमवार की दोपहर आसपास के लोगों ने मोबाइल पर जानकारी दी कि उसकी बहन की गला दबा कर हत्या कर शव को ठिकाने लगाने जा रहा है। मायके वाले जब उसके ससुराल पहुंचे तो देखा कि ससुराल वाले उसके शव को ठिकाने लगाने जा रहे थे। मायके वालों को देखकर लाकर कमरे में रख कर सभी फरार हो गया। मायके वालों का आरोप है कि पांच साल पहले शादी हुई थी। बच्चे नहीं होने पर अक्सर उसे ताना देते हुए दहेज के लिए प्रताड़ित किया करता था। रविवार को भी पति ने मारपीट करते हुए घर से निकलने का धमकी दिया था। ग्रामीणों में चर्चा है कि पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# इनरव्हील क्लब ऑफ राजगीर ने मनाया होली मिलन समारोह

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरव्हील क्लब ऑफ राजगीर के होली मिलन समारोह में खूब गुलाल उड़े। क्लब की सदस्यों और आमंत्रितों के द्वारा मनोरंजक होली गीत, नृत्य और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त जमकर उठाया गया। समारोह में रंग गुलाल और फूलों की होली खूब खेली गई। इनरव्हील क्लब ऑफ राजगीर की उपलब्धियों को अध्यक्ष आभा सिन्हा द्वारा रेखांकित किया गया। उन्होंने बताया कि बहुत कम समय मे ही क्लब ने बहुत सारी सामाजिक कार्य कर न सिर्फ राजगीर में बल्कि जिला स्तर पर भी इनरव्हील राजगीर का नाम रौशन किया है। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सुधीर कुमार उपाध्याय ने कहा कि होली हिंदुओं का महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह भेदभाव और उच्च-नीच के भेद को मिटाता है। होली में वर्ग भेद सब मिट जाते हैं। क्लब आईएसओ सह जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता गहलौत कहा कि होली में रासायनिक रंगों का इस्तेमाल करने से लोगों को बचना चाहिए। रासायनिक रंगों और अबीर गुलाल से त्वचा, शरीर के अंगों और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए रसायनिक रंगों और अबीर गुलाल की जगह फूलों की होली स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम है। क्लब सचिव डॉ. अंजना कुमारी सहगल ने कहा कि होली पर्व प्रेम एवं आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग आपसी गिले-शिकवे भूलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाते हैं।

# वित्तरहित महाविद्यालयों की आधारभूत संरचना और शिक्षा के प्रति सरकार को देना होगा विशेष ध्यान : विधान पार्षद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज स्थित महिला महाविद्यालय में कार्यरत सात कालेज कर्मियों के अवकाश ग्रहण बाद रविवार को विदाई समारोह आयोजित की गई। जिसमे स्थानीय विधायक, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद सहित आधा दर्जन से अधिक जिले के विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य शिक्षाविद आदि उपस्थित रहे।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वारिसलीगंज विधायक अरूणा देवी की अध्यक्षता और प्रो अंजनी आनंद के संचालन में महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में पहुंचे विधान पार्षद डॉ नवल किशोर यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और शिक्षकों के प्रति समर्पित रहा हूं और आगे भी रहूंगा। कहा कि जब भी शिक्षकों की अनदेखी की जाएगी शिक्षकों की आवाज उठाते रहेंगे। वही स्थानीय विधायक अरूणा देवी ने महिला महाविद्यालय का क्षेत्र की महिलाओं में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर महिला महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सिंह उर्फ कप्तान साहब के चित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि बाद बरसों तक महाविद्यालय में सेवा देकर अवकाश ग्रहण कर चुके कॉलेज कर्मी प्रो नवल किशोर, प्रो रामचंद्र प्रसाद सिंह, प्रो विजय कुमार पांडे, प्रो शशि शेखर, प्रो अनिल कुमार, नरेश प्रसाद सिंह, नरेश कुमार उर्फ रामबली को प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह द्वारा व अन्य अतिथियो के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधान पार्षद डॉ नवल किशोर यादव के द्वारा महाविद्यालय में नवनिर्मित कलाभवन और संपर्क पथ का उद्घाटन किया गया। मौके पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ गोविंद तिवारी, मुखिया राजकुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, प्रो बृज बिहारी प्रसाद सिंह, डॉ रविंद्र कुमार रवि, प्रो अंजनी कुमार पप्पू, मुखिया राजकुमार सिंह,डॉ अजय कुमार रविकांत, डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ शंभू प्रसाद सिंह, डॉ जोगिंदर प्रसाद सिंह, एसएन सिन्हा के प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार एवं पूर्व प्राचार्य सत्यनारायण सिंह, विकाश कुमार, नीतीश कुमार, शिक्षक पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# फगुआ के गीतों पर थिरके नवादा नगर वासी

## मॉडर्न परिसर में नवादा जिला वासियों के लिए होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** होली के उत्साह और उमंग के बीच न्यू एरिया स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाजसेवी, शिक्षाविद और मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों व्यापारी, प्रबुद्धजन, मीडियाकर्मी और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पारंपरिक फगुआ गीतों और ढोलक-झाल की धुनों से पूरा माहौल संगीतमय हो गया। नवादा नगर के नागरिक होली गीतों पर जमकर झूमे। कार्यक्रम दिन में शुरू होकर शाम तक चलता रहा।

मौके पर डॉ. अनुज सिंह ने कहा, होली भाईचारे और प्रेम का पर्व है। इसी भावना को बनाए रखने के लिए हम हर साल इस तरह का आयोजन करते हैं। यह त्योहार हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की सीख देता है। नवादा प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि होलिका दहन के दिन लोग जलन और ईर्ष्या को खत्म कर नए साल की शुरुआत करते हैं वहीं, त्रिवेणी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि होली हमें आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एकजुट होकर आगे बढ़ने की सीख देती है। गोरेलाल सिंह ने बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में होली खेले से समां बांधा। राजाबीघा के पप्पू सिंह ने “होली खेले रघुवीरा और “गगन में उड़ेला अबीर पर शानदार प्रस्तुति दी। लोकगायक उदय पासवान की फगुआ धुनों ने पूरे परिसर को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में नवादा के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे, जिनमें शामिल थेः

रामचंद्र सिंह (आकाशवाणी कलाकार), रामनरेश सिंह , बंगाली पासवान, अधिवक्ता हरि कृपाल, प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार प्रभाकर, सुरेंद्र प्रसाद सिंह , दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ. साकेत बिहारी, विशाल कुमार, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, युवा नेता चंदन कुमार गोनामा इसके अलावा, नगर के व्यापारी, शिक्षाविद, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जदयू कार्यालय में खूब उड़े गुलाल, एक दूसरे को दी होली की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** जनता दल (यूनाइटेड ) कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी के नेतृत्व में मगही लोक कलाकारों ने होली गीतों से उपस्थित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथियों को मंत्र मुग्ध किया। रंग, अबीर लगाकर सभी साथियों ने एक दूसरे को बधाई दिए। होली मिलन समारोह में आए हुए सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि सामाजिक सद्भाव को बनाए रखना है। शांति एवं सद्भाव के साथ रंगों का पर्व होली को मानना है। जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि शांति एवं सद्भाव के साथ होली पर्व को मानना है । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बनाए गए सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने में सभी लोगों को महती भूमिका का निर्वहन करना है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सभी को स्वस्थ रखें , सभी के घरों में खुशहाली एवं भाईचारा बनी रहे। होली मिलन समारोह के अवसर पर जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, रालोमों के नेता अनिल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी जयशंकर चंद्रवंशी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजय सावने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दिया।

# फ्रंटलाइन का छात्र बना पूरे बिहार में सर्वोत्तम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** विगत दिनों में बीएससी के द्वारा ब्लॉक हॉर्टिकल्चर पदाधिकारी अर्थात प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की चयन परीक्षा के द्वारा नियुक्ति हुई जिसमें फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, नवादा का छात्र विकास वैभव प्रथम स्थान पाकर अपने स्कूल और अपने शिक्षकों का मान बढ़ाया है। पूरे बिहार के छात्र उद्यान पदाधिकारी बनने के लिए बीपीएससी की लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा में बैठे थे, जिसमें विकास वैभव ने पूरे बिहार में प्रथम स्थान पाया। परीक्षा फल देखकर फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, नवादा के चेयरमैन प्रो. बिजय कुमार एवं सभी शिक्षकों में खुशी की लहर हैं। सभी शिक्षक विकास वैभव को बधाई दे रहे हैं एवं आपस में मिठाई बांट रहे हैं। फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल नवादा के अध्यक्ष ने कहा कि विकास वैभव फ्रंटलाइन का मजबूत छात्र रहा है इसलिए इसे इस परीक्षा फल में भी अगली पंक्ति में रहना ही था। शुरू से ही विकास वैभव काफी मेहनती छात्र रहा है इसलिए इसका रिजल्ट में प्रथम स्थान आना ही था।

# माहुरी वैश्य परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** रविवार को नवादा में होली मिलन समारोह आयोजित करने का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। माहुरी वैश्य परिवार की ओर से मिर्जापुर स्थित माहुरी सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां माहुरी परिवार ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पटना माहुरी वैश्य मंच के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार लोहानी मुख अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संरक्षक इंजीनियर रंजीत कुमार लोहानी, पंकज कुमार अठघरा, अभय कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ। होली मिलन समारोह में महिला अध्यक्ष सोनी भदानी, सचिन खुशबू भदानी, नवयुवक संघ के अखिल भारतीय नवयुवक संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार अटघरा, राजू बरबिगहिया, अशोक कुमार पिंटू, मोहित कुमार तथा मीडिया प्रभारी पुनीत कुमार की अहम भूमिका रही। होली के गीतों पर महिला और लड़कियों ने जमकर ठुमके लगाए और पुआ पकवान के साथ होली मिलन का त्यौहार मनाया।

# हिलसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से सोमवार को हिलसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ प्रवीण कुमार ने की। इसमें जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और गणमान्य लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की गई। एसडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का त्योहार है, इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि होलिका दहन के दौरान सावधानी बरती जाए ताकि आसपास के बिजली के खंभों और तारों को नुकसान न पहुंचे, साथ ही किसी की संपत्ति को क्षति न हो। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि बिना सहमति के किसी को जबरन रंग या मिट्टी न लगाया जाए, और ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे दूसरे धर्म या समुदाय के लोगों को ठेस पहुंचे। डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि होली को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और विशेष गश्ती दल तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब कारोबारियों के खिलाफ भी प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है, और यदि किसी को अवैध शराब बिक्री की जानकारी हो तो वह गुप्त रूप से प्रशासन को सूचित कर सकता है। डीएसपी ने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि होली के रंग में हुड़दंग मचाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# शराब व बीयर की खेप बरामद

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली के त्योहार को देखते हुए अवैध शराब तस्करी के खिलाफ प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग ने गिरियक थाना क्षेत्र के खराट मोड़ के पास एक पिकअप वैन से नौ सौ लीटर विदेशी शराब बरामद की है। शराब तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए शराब की बोतलों और बीयर की कैनों को चिप्स और कुरकुरे के पैकेटों के नीचे छिपाकर रखा था। शनिवार की सुबह दीपनगर थाना इलाके के किचनीपुल पर पुलिस ने इसी तरह से लाए जा रहे 19 लाख के शराब को बरामद किया था। उत्पाद अधीक्षक उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि सूचना मिली थी कि होली के मौके पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। इसी आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने सतर्कता और संदिग्ध वाहनों की तलाशी की जा रही है। जांच के दौरान एक पिकअप वैन को रोका गया, जिसमें ऊपर से तो चिप्स और कुरकुरे के पैकेट भरे थे, लेकिन जब गहन जांच की गई तो नीचे 1300 कैन बीयर और 500 बोतल शराब छुपाकर रखी गई थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से पिकअप वैन के चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में लहेरी थाना क्षेत्र के किसान बाग निवासी नीतीश कुमार और दीपनगर थाना क्षेत्र के राणाबिगहा निवासी विकास कुमार है।

# प्रखंड उद्यान पदाधिकारी के पद पर बिहार में प्रथम स्थान लाकर विकास वैभव ने बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नारदीगंज,नवादा।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षाफल में प्रखंड उद्यान पदाधिकारी पद के लिएसफलता प्राप्त कर विकास वैभव ने पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश के साथ स्वजन का मान बढ़ाकर सभी को गौरान्वित किये हैं। उन्होंने अपने नाम का डंका पूरे बिहार राज्य बजाकर हौसला अफजाई की है। नारदीगंज प्रखंड कार्यालय में कृषि विभाग के द्वारा प्रखंड उद्यान पदाधिकारी पर कार्यरत विकास वैभव ने यह सफलता प्राप्त कर दिखाया। बताया जाता है कि विकास वैभव लखीसराय जिले के रामगढ़ चौक थाना अंतर्गत नंदनामा गांव के निवासी हैं। इन्होंने कार्य करते हुए भी नवादा में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रखी। ये बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। ये अपनी स्नातक कृषि में करते हुए स्नातकोत्तर की पढ़ाई इलाहाबाद कृषि विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त किये है।

## टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत पर खुशी

**पकरीबरावां।** फाइनल में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत पर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है। जीत के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। हैप्पी इंडिया नवादा के तन्ने पठान ने कहा कि देश के जाबाज खिलाड़ियों ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। कहा कि यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत, जुनून और टीम वर्क का नतीजा है। कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब इरादे मजबूत हों, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती।

CMYK

# पीएनबी आर से टी के नव निर्मित भवन का उद्घाटन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी गया के नव निर्मित प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं छात्रावास परिसर का उद्घाटन गया जिला के जिलाधिकारी त्यागराजन एस. एम. ( भा. प्र. से.) एवं पंजाब नैशनल बैंक के अंचल प्रबंधक सुधांशु शेखर दास द्वारा संयुक्त रूप से चंदौती प्रखंड के परिसर में 10 मार्च 2025 को किया गया। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, गया के मंडल प्रमुख विवेक कुमार सिंह, आर सेटी के राज्य निदेशक (एसडीआर), पीएनबी के मुख्य प्रबंधक, आर सेटी गया के निदेशक, अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस परिसर का निर्माण दिसंबर 2023 में प्रारंभ किया गया था जो एक वर्ष तीन माह में बनकर तैयार हो गया। यह संस्थान समाज में विशेष रूप से ग्रामीण स्वरोजगार को बढ़ावा देता है और आर्थिक स्वावलंबन का सशक्त माध्यम है।

## इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय पटना में महिला दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष सेवा पखवाड़े का समापन समारोह एवं महिला दिवस कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय पटना में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा ने की। बीमा आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार दोनों ने महिलाओं के साहस, समाज और कार्यालय में उनके योगदान पर चर्चा की। पखवाड़े के दौरान लंबित मामलों के निष्पादन तथा अन्य गतिविधियों में योगदान के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार प्रकट किया तथा इसी कर्तव्यनिष्ठा के साथ बीमितों व लाभार्थियों के लिए आगे भी काम करते रहने को प्रेरित किया।

### होली पर्व पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक

# संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** होली पर्व, ईद/ रमजान एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण कराने के उद्देश्य से जिले के सभी गणमान्य व्यक्तियों एव शांति समिति के सदस्यों के साथ जिला पदाधिकारी गया डॉ0 त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने समाहरणालय सभागार में विस्तार से समीक्षा बैठक करते हुए एक-एक सम्मानित सदस्यों से उनके क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कई एहतिहात के तौर पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन 13 मार्च को रात्रि में 10 बजे से होना है उसके पश्चात 14 मार्च को आतर है, उसके पश्चत 15 मार्च होली तथा 16 मार्च 2025 (मटका फोड़ होली) तक मनाई जाएगी। जिला पदाधिकारी में सभी सम्मानित सदस्यों को कहा कि जिस तरह से पूर्व के पर्व त्याहारों में आप सभी के सहयोग से शांति एवं आपसी भाईचारा माहौल में सम्पन्न हुए हैं उसी प्रकार यह होली का पर्व भी आप सभी से शांति माहौल में संपन्न हो यह अपेक्षित है। सभी शांति समिति के सम्मानित सदस्य अपने अपने क्षेत्र में पूरी लगन के साथ मौजूद रहे तथा लोगों को शांति से पर्व को मनाने हेतु प्रेरित करें। यह पर्व हर घर में मनाया जाता है इसलिए सभी लोगों का सहयोग काफी अहम एवं जरूरी है। होलिका दहन के दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित राह कर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मटका फोड़ या होली के दिन भीड़ लगाकर मस्जिद के निकट से गुजरते समय कीचड़ और रंग रास्ते से चलने वाले व्यक्तियों पर फेंक देते हैं जिसके कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिलाधिकारी ने इस तरह की घटनाओं को विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया। आप सभी शांति समिति के सदस्य इन सभी बिंदुओं पर अवश्य निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि होली पर्व के अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीतों में अश्लील गीत गाए जाने तथा डीजे पर बजने वाले संगीत में अश्लील गीतों के बजने पर पूर्णता रोक लगाएं। उन्होंने डीजे पर पूर्णता रोक लगाने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि डीजे संचालकों के विरुद्ध धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करें। किसी भी हाल में किसी भी क्षेत्र में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा इससे सुनिश्चित कराएं।



# सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण, यात्रियों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण अभियान के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के महत्वपूर्ण केंद्र सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य जोरों पर है। इस परियोजना के तहत नए स्टेशन भवन, फुट ओवरब्रिज, अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवललेटर और बेहतर यात्री सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कोना एक्सप्रेसवे से स्टेशन को बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है। सांतरागाछी रेलवे स्टेशन से कई प्रमुख मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित होती हैं जिससे इसे टर्मिनल स्टेशन का दर्जा प्राप्त है। स्टेशन और यार्ड के पुनर्निर्माण के तहत नए स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य पूरा हो चुका है। दो फुट ओवरब्रिज, सबवे, परिसंचरण सड़क, ऊंची पार्किंग और जल आपूर्ति पाइपलाइन का कार्य भी संपन्न हो चुका है। यार्ड के आधुनिकीकरण के तहत सांतरागाछी-संक्रैल लिंक लाइन बनाई जा रही है जिससे ट्रेन संचालन सुगम होगा। सांतरागाछी-संक्रैल लिंक लाइन के चालू होने के बाद शालीमार स्टेशन जाने वाली ट्रेनों को नई लाइन पर भेजा जा सकेगा, जिससे यार्ड में सतही क्रॉसिंग की समस्या कम होगी। संक्रैल-आंधुल के बीच फ्लाईओवर का निर्माण होगा, जिससे यातायात का दबाव कम होगा। मौजूदा मौरिग्राम फ्लाईओवर लाइन पर भार कम किया जाएगा और यातायात को अधिक सुव्यवस्थित किया जाएगा। दो अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाए जाएंगे जिनका उपयोग कुछ यात्री ट्रेनों के प्रारंभिक स्टेशन के रूप में किया जाएगा जिससे हावड़ा और शालीमार स्टेशन की भीड़ कम होगी। प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 की लंबाई बढ़ाई जाएगी जिससे 22 एल एच बी कोच वाली ट्रेनों का संचालन संभव होगा। डाउन लूप लाइन को सामान्य लूप लाइन में बदला जाएगा जिससे दोनों दिशाओं की ट्रेनें गुजर सकेंगी। इस परियोजना के पूरा होने से ट्रेन संचालन अधिक सुगम, सुविधाजनक और समयबद्ध होगा। यात्रियों को कम प्रतीक्षा समय, बेहतर प्लेटफॉर्म सुविधाएं और सुचारू ट्रेन संचालन का लाभ मिलेगा। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान कुछ असुविधा हो सकती है, लेकिन इसके पूर्ण होने के बाद यात्रियों को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का अनुभव मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इस आधुनिकीकरण कार्य में सहयोग करें और अस्थायी असुविधाओं के लिए धैर्य रखें, ताकि भविष्य में उन्हें बेहतर यात्रा अनुभव मिल सके।

## मसौढ़ी की पंचायतों में बनेंगे वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी वासियों के लिए एक अच्छी खबर है, दरअसल मसौढ़ी के सभी पंचायत में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनने जा रहा है जिसको लेकर सोमवार को सीडीडी विभाग के पदाधिकारी ने मसौढ़ी के तीन पंचायत में जमीन का चयनित स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया है। दरअसल फिलहाल मसौढ़ी प्रखंड के तीन पंचायत में इसकी शुरुआत की जा रही है जिसमें लखनौर बेदौली पंचायत के चेथौल, कराय पंचायत के घोरहुआं और खरांट पंचायत के गोढना गांव में जमीन चिन्हित की गई है। यह प्लांट एक एकड़ में बनेगा जो तकरीबन एक करोड़ की लागत से यह प्लांट बनने जा रहा है और इसे तकरीबन 10 एकड़ कृषि भूमि सिंचित करेगी, एक पंचायत में लगभग 10 हजार ग्रामीणों को इससे लाभ मिलेगा। जमीन चिन्हित कर जायजा लेने आए सीडीडी पदाधिकारी दीक्षा कुमारी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य गांव से निकलने वाले दूषित जल को स्वच्छ करते हुए उसे कृषि कार्य में प्रयोग करना, इसकी क्षमता 30 सीएमडी होगी। निरीक्षण के दौरान सीडीडी पदाधिकारी दीक्षा कुमारी, मनीष कुमार, सलाहकार प्रखंड समन्वयक संजीत कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक सविता कुमारी, मोनी कुमारी, सुनील कुमार के साथ ऑपरेटर रवि कुमार आदि शामिल रहे।

# विभाग द्वारा दिए गए दायित्वों का पूर्ण गुणवत्ता से निर्वहन करें : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी, गया डॉ. त्यागराजन एसएम ने आने वाले दिनों में भीषण गर्मी एवं हीट वेब को देखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी डीसीएलआर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर निकाय, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पशु एवं मत्स्य संसाधन पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, श्रम संसाधन पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, बिजली विभाग के अभियंता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, राज्य अग्निशमन विभाग को निर्देश दिया कि अपनी-अपनी विभाग द्वारा दिए गए दायित्वों का पूरी गुणवत्ता से निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि हीटवेव आपदा के श्रेणी में आता है। विभाग द्वारा जो भी दायित्व दिए गए हैं उसे अच्छी तरह से इंप्लीमेंट करें। जिला पदाधिकारी ने सभी नगर निकाय को निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड के समीप प्याऊ की व्यवस्था हर हाल में करवाएं। सभी आश्रय स्थल को दुरुस्त रखें। कूलर की भी व्यवस्था रखें। जरूरत पड़ने पर भाड़े पर एयर कंडीशन भी लगवाए। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन तथा अधीक्षक मगध मेडिकल को आदेश दिया कि मगध मेडिकल अस्पताल तथा सभी सरकारी अस्पतालों में कम से कम 2 बेड हीटवेव के लिए सेपरेट रखें तथा सभी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखें। हीट वेब का उपचार काफी सिंपल है, कृपया सभी अस्पताल उसे अच्छी तरह से उपचार करें। समय पर उपचार करने से रेफ़र करने की उम्मीद कम रहती है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र किसी क्षेत्र में छोटी-मोटी समस्याओं के कारण यदि पेयजल योजना बंद न रहे इसे सुनिश्चित करवाये। उन्होंने 2 दिनों की मोहलत दिया और कहा कि 2 दिनों के अंदर छोटे-मोटे समस्याओं को दुरुस्त कराते हुए पेयजल सुचारू करवाये।

# पत्रकार और पुलिस के बीच क्रिकेट मैच आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत बभण्डीह खेल मैदान में रविवार को पहली बार पुलिस और मीडिया के बीच शानदार क्रिकेट मैच एवं होली मिलन का आयोजन किया गया। यह क्रिकेट मैच एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में खेला गया जहां सर्व प्रथम राष्ट्रगान गाने के उपरांत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सोनम कुमारी, समाजसेवी भवानी सिंह, धीरज पासवान ने खिलाड़ियों का परिचय जाने के बाद क्रिकेट खेलकर इसका शुभारंभ किया। वहीं तत्पश्चात टॉस उछाला गया जहां पुलिस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं पुलिस और मीडिया की ओर से शानदार मैच देखने को मिला। दोनों टीमों ने बेहतर बल्लेबाजी गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण किया जहां पुलिस की टीम ने मैच अपने नाम किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मैच में खेल भावना की जीत हुई है। दोनों टीम के खिलाडी अपने अपने टीमों के लिए शानदार प्रर्दशन किया। विजेता और उप विजेता टीम को मुख्य पार्षद सोनम कुमारी, भवानी सिंह, धीरज पासवान ने शिल्ड देकर सम्मानित किया।

# होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना परिसर में आगामी होली और रमजान त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को दोपहर 12 बजे हुई। बैठक में स्थानीय पुलिस, जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे पर्व के दौरान सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। अफवाहों से बचें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना को दें। उन्होंने बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्यों को पर्व के दौरान शांति बनाये रखने में प्रशासन को सहयोग देने का अनुरोध किया। थानाध्यक्ष ने तेज आवाज में डीजे एवं अश्लील गाना बजाने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर एस आई मीरा कुमारी, ए एस आई दशरथ सिंह के अलावा मो.आकिब आलम, द्वारिका चंद्रवंशी, मो. शाहिद उर्फ साहू, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हरेंद्र दांगी, ध्रुवेश यादव, मुकेश कुमार, पूर्व मुखिया दिलीप सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष गणेश यादव, मो.हसनैन, मो. सगीर, मो.ताजुद्दीन, मो.शमशाद, अजय कुमार टुनटुन आदि उपस्थित थे।

## वैश्य सेवा दल का प्रेमालोक मिशन स्कूल का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** संपतचक स्थित प्रेमालोक मिशन स्कूल में सोमवार को वैश्य सेवा दल के एक प्रतिनिधि मंडल ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के निदेशक, प्रख्यात पर्यावरणविद एवं शिक्षाविद गुरुदेव श्री प्रेम से मुलाकात की। विद्यालय भ्रमण के दौरान दल के सदस्यों को स्कूल की कार्यप्रणाली और समाजसेवा के प्रति इसके समर्पण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने निस्वार्थ भाव से समाज सेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। वैश्य सेवा दल ने गुरुदेव श्री प्रेम के समाज कल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के हर तबके के सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए सतत प्रयासरत हैं।

## राजकीय मध्य विद्यालय आंती टोला जमालपुर की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने की जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** राजकीय मध्य विद्यालय आंती टोला जमालपुर का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने सोमवार के दोपहर दो बजे जांच पड़ताल किया जिसमें प्रधानाध्यापिका सबीहा खातून पर कार्रवाई की आशंका है। अखबार में प्रकाशित खबर के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन मध्य विद्यालय में अचानक पहुंचकर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी को देखा जिसमें एक शिक्षिका सोनी कुमारी अनुपस्थित पाई गई। बताया गया कि सोनी कुमारी बिना आवेदन के विशेषावकाश ली थी और प्रधानाध्यापिका के व्यक्तिगत मोबाइल पर जानकारी भेजी थीं। इशरत जहां आवेदन देने बी आर सी जा रही थीं। प्रधानाध्यापिका सबीहा खातून, शिक्षिका रागनी कुमारी, अफाकुन निशा, काजल गुप्ता एवं शिक्षक अजय प्रसाद उपस्थित थे। पंजी में दर्ज उपस्थिति के अनुसार छात्रों की संख्या नहीं थी। इतना ही नहीं कई रजिस्टर गोदरेज में बंद बताया गया और चाभी घर पर कहकर नहीं दिखाया जा सका। मध्याहन भोजन गैस चूल्हा पर न बनाकर बीते कई माह से गोईठा पर बन रहा है। वहीं, विद्यालय के समीप उपस्थि ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापिका पर मनमानी करने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई किए जाएंगे। मालूम हो कि बीते शनिवार को उर्दू भाषा में कराए जा रहे दैनिक प्रार्थना का चालीस सेकंड का वीडियो शिक्षक अजय प्रसाद के द्वारा बनाया गया था जिसे लेकर गांव के ही लड़कों द्वारा शिक्षक के साथ मारपीट हुई थी। जिसमें 9 लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। वहीं, सोमवार को दूसरे पक्ष से दिए गए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज हुई है। उक्त घटना को लेकर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सख्त दिख रहे हैं। होली और रमजान त्यौहार को लेकर कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए लगातार ग़श्ती तेज कर कड़ी नजर रखे हुए हैं। वहीं, उक्त घटना को लेकर इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार भी पहुंचे और जायजा लिया।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**अधिसूचना**

संख्या–11/न0वि0/गठन–04/2025 **481**/

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) की धारा 3 सह पठित धारा 4 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल निम्नलिखित आदेश का प्रारूप प्रकाशित करना चाहते हैं, जिससे प्रभावित हो सकने वाले व्यक्तियों के सूचनार्थ इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर उक्त प्रारूप पर विचार किया जाय।

प्रारूप प्रकाशन की अवधि में संबंधित जिला पदाधिकारी/प्रण्डलीय आयुक्त के माध्यम से जो भी आपत्तियाँ/सुझाव प्राप्त होंगी उनपर उक्त अधिनियम की धारा 5 के अधीन विचार किया जायेगा।

**प्रारूप आदेश**

संख्या–11/न0वि0/गठन–04/2025/

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) की धारा 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल घोषित करते हैं कि उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद एवं ओबरा प्रखण्ड के निम्नलिखित ग्रामों की परिधि में पड़ने वाले क्षेत्रों में, जिनकी चौहद्दी, क्षेत्रफल एवं जनसंख्या नीचे दी गई है, प्रशासनिक उपबंध करना तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों को उक्त क्षेत्र में लागू करना आवश्यक है:–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित नगर निकाय का नाम | सम्मिलित ग्रामों का नाम/थाना नं0 | प्रस्तावित नगर निकाय की चौहद्दी (थाना नं0 सहित) | प्रस्तावित नगर पंचायत का क्षेत्रफल | प्रस्तावित नगर पंचायत की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | जिला का नाम–औरंगाबाद | | |
| 1 | नगर पंचायत, जम्होर | जम्होर (105) सरसौली (290) | उत्तर–धनाव (103), धावा (98), गिजना (95), तेंदुआ (94), चिचमही (104), दुधौला (102), पुनपुन नदी दक्षिण –शिवनाथपुर (112), जोकहरी (113), बटाने नदी पूरब– पडरावा (286), मोरडिहरी (288), पाठक बिगहा (287), महथु (291), शंकरपुर (289) पश्चिम–पौथुन (106), रढुआ (110), चतुबिगहा (111), दुधौला (102) | 9.17 वर्ग कि0मी0 | 13537 |

इस क्षेत्र को नगर पंचायत, जम्होर कहा जायेगा।
2. यह अधिसूचना तुरंत प्रवृत्त होगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
(अभय कुमार सिंह)
सरकार के सचिव

PR. No. 21556 (URBAN) 2024-25

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ, खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-08/2024–25, **दिनांक–06.03.2025** द्वारा **नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य** जो PR No. 347968 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D) द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि/समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | कार्य का नाम | पूर्व में प्रकाशित | | संशोधित | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय |
| 1. | नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य | 13.03.2025 को 03:30 बजे अपराह्न तक | 13.03.2025 को 04:30 बजे अपराह्न तक | 18.03.2025 को 03:30 बजे अपराह्न तक | 18.03.2025 को 04:30 बजे अपराह्न तक |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।
(iii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 348248 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
**Email – dddopalamu@gmail.com**

**–:दुधारू पशु वितरण हेतु पलामू जिला के लिये सभी सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं एवं चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य विकास निदेशालय) झारखण्ड, राँची द्वारा पलामू जिला के लिये सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना दो दुधारू गाय/भैंस एवं कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत (05 गाय/भैंस, 10 गाय/भैंस) में चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक– 12.03.2025 से अगले आदेश तक के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू परिसर, आजाद नगर चौक, सुदना, डालटेनगंज में दुधारू पशुमेला का आयोजन किया गया है।

पशुमेला में पशु आपूर्तिकर्ता को पशु लाने संबंधी आवेदन जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को उपलब्ध करायेंगे एवं साथ ही जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से सम्पर्क स्थापित करेंगे।

दुधारू पशुमेला में पशुआपूर्तिकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | विवरणी | शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | दुधारू गाय | अधिक से अधिक संख्या में उन्नत देशी नस्ल की दुधारू गाय साहिवाल/गिर/रेड सिन्धी(लाभुक के माँग अनुसार संकर हॉलस्टीन फ्रिजियन/जर्सी)। |
| 2. | ब्याँत | पहली/दूसरी ब्याँत(अधिकतम 01 माह तक के अंदर का बाछा/बाछी। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त क्रय की कार्रवाई की जायेगी। |
| 3. | दूध देने की क्षमता | न्यूनतम 10–12 लीटर प्रतिदिन। |
| 4. | पशु स्वास्थ्य | राज्य के बाहर से जहाँ से गाय लाते हैं, के संबंधित स्थल के पशुचिक्तिक से संक्रमण बिमारी (Thileria, Redwater, HS, BQ & FMD) का टीकाकरण एवं स्वस्थ्य प्रमाण–पत्र का उल्लेख/अंकित अनिवार्य होगी अथवा स्थानीय पशुमेला स्थल के पशुचिकित्सक द्वारा टीकाकरण कराकर संगरोध प्रमाण पत्र अंकित कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराना अतिआवश्यक होगा अन्यथा गाय की बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। |
| 5. | पशु व्यापारियों को राज्य के बाहर से ही दुधारू पशु बिक्री हेतु लाना है। पशु व्यापारियों(विक्रेता) द्वारा पशु–क्रय से संबंधित रसीद/वाहन संख्या के साथ नोटराईज्ड शपथ–पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 6. | दुधारू पशुओं को रखने के लिए अस्थायी शेड का निर्माण पशु विक्रेता स्वयं के खर्च पर करेंगे एवं कार्यालय द्वारा पानी, बिजली उपलब्ध कराई जायेगी। | |
| 7. | लगातार तीन शाम दूध की दूहाई देखने के बाद ही पशु व्यापारियों एवं किसान/पशुपालक की आपसी सहमति के आधार पर दुधारू पशु की कीमत/गाय का मूल्य निर्धारण उपरान्त दुधारू गाय क्रय करेंगे। | |
| 8. | कम से कम 14 दिनों तक कोरेन्टाईन समय का पालन करना अति आवश्यक होगा। | |
| 9. | खून एवं संक्रमण रोग संबंधी जाँच पशु व्यापारी द्वारा अपने खर्च पर कराया जायेगा। | |

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 348217 Animal Husbandry (24-25)_D

संपादकीय

## पंजाब के सुनहरी भविष्य की ओर 'आप' का एक कदम

नशा एक कोढ़ की तरह है जो न सिर्फ व्यक्ति को तबाह कर देता है बल्कि उसके परिवार की पूरी तबाही का कारण भी बनता है। परिवार, जो समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, उस इकाई के प्रभावित होने का प्रभाव समाज पर पड़ता है। नशे में धुत व्यक्ति अपने परिवार और समाज को भूल कर अपराध की ऐसी दुनिया में दाखिल हो जाता है जिसमें उसका अंत निश्चित है। परिवार और समाज को आर्थिक तथा सामाजिक तौर पर कमजोर करने वाले इस नशे के कोढ़ को खत्म करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गहराई से विचार किया। इसको ध्यान में रखते हुए नशों की सप्लाई चेन को तोडने से लेकर नशों के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नशे में धुत नौजवानों का उपचार करने तक की योजना तैयार की गई थी। इस योजना के तहत मंत्रियों के साथ 5 सदस्यीय कैबिनेट कमेटी बनाई गई। कमेटी की अहम भूमिका नशों संबंधी की जा रही कार्रवाई की निगरानी करना है। कमेटी का नेतृत्व वित्त मंत्री हरपाल चीमा कर रहे हैं और इसमें 'आप' के पंजाब अध्यक्ष अमन अरोड़ा, मंत्री बलबीर सिंह, मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर और मंत्री तरुणप्रीत सौंद भी शामिल हैं। कमेटी में शामिल मंत्री जहां एक ओर विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं और नशों के विरुद्ध एक्शन प्लान का जायजा ले रहे हैं, वहीं वे नशा छुड़ाओ केंद्रों की सहूलियतों की भी जांच कर रहे हैं। इस योजना का सबसे अहम पहलू पंजाब में बुलडोजर कार्रवाई के रूप में लागू किया गया है जिसे प्रदेश के लोगों की ओर से काफी पसंद किया जा रहा है। अब पंजाब पुलिस जब फील्ड में नशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है तो पुलिस मुलाजिमों का भी सीना फख्र से चौड़ा हो जाता है। एक ओर जहां नशा बेच कर बनाई गई सम्पत्तियों पर मान सरकार का बुलडोजर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर नशे के कारण जिन नौजवानों की जिंदगी बर्बाद हो चुकी है उन्हें नशा छुड़ाओ केंद्रों में उपचार करवाने के लिए सहूलियतें मुहैया करवाई जा रही हैं। पंजाब के लोग इस बात के गवाह हैं कि राज्य की पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान नशाखोरी का मुद्दा उठा फिर चाहे वह कांग्रेस हो या फिर अकाली भाजपा सरकार मगर किसी भी सरकार ने दृढ़ इरादे के साथ इसे खत्म करने के लिए प्रयत्न नहीं किए। अब आम आदमी पार्टी ने इरादा और दृढ़ निश्चय के साथ नशों के विरुद्ध युद्ध शुरू किया है। इस मुहिम के आंकड़ों की बात करें तो नशा विरोधी मुहिम 1 मार्च से शुरू हुई थी और सिर्फ 4 मार्च तक पुलिस ने नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टैंस एक्ट (एन.डी.पी.एस.) के तहत 580 एफ.आई.आर. दर्ज कर 789 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। करीब 74 किलो हैरोइन, 19.5 किलो अफीम और 77 किलो सिंथैटिक ड्रग्स जब्त की गई है। कुल मिलाकर 4 दिनों में करीब 170 किलो नशा बरामद किया गया है। इसके साथ ही सरकारी जमीनों पर नाजायज कब्जे कर इमारतों का निर्माण और नशा तस्करी से संबंधित 60 के करीब इमारतों को जमींदोज कर दिया गया है। इन लोगों की ओर से गैर-कानूनी ढंग और तस्करी के माध्यम से करोड़ों रुपए की सम्पत्ति बनाई गई है। सरकार ने तो अपना काम शुरू कर दिया है अब समाज के विभिन्न वर्गों को इस मुहिम का समर्थन करने की जरूरत है। पंजाब के बुद्धिजीवियों, मीडिया, सामाजिक संस्थाओं और महिलाओं को भी आगे आना पड़ेगा। बुद्धिजीवियों को अपने विचारों और अपने लेखों के माध्यम से नशों के विरुद्ध युद्ध का समर्थन करना चाहिए। पंजाब के अंदर न केवल नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है बल्कि सरकार की ओर से सीमा पार आने वाले नशों को रोकने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार अपना एंटी ड्रोन सिस्टम तैयार कर रही है। इसके लिए सरकार ने एंटी ड्रोन लगाने वाली कंपनियों का ट्रायल किया है। पंजाब पुलिस की कुशलता पर पूरे देश को गर्व है मगर कई बार तकनीकी कारणों के चलते चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम को अपनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मान का यह बयान कि राज्य सरकार नशा तस्करों और उनके परिवारों को बिजली, पानी और अन्य सहूलियतों को सबसिडी न देने को यकीनी बनाएगी।

# मोदी का अनुशासन वाला विजन और एनसीसी का राष्ट्रवादी विस्तार

**पीएम मोदी कई बार कह चुके हैं, 'चूंकि मैं भी कैडेट रह चुका हूं, मैं आज भी अपने आप को एक कैडेट मानता हूं।' एनसीसी के बारे में प्रधानमंत्री की सोच और उनका विजन क्या है इसको समझने के लिए हमें उनके वक्तव्यों पर गौर करना होगा। अपने एक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, एकता और अनुशासन, एनसीसी की पहचान है। यह कोई मैकेनिज्म नहीं है। एनसीसी एक मिशन है। यह सिर्फ यूनिफॉर्म और यूनिफॉर्मिटी नहीं है, यह सच्चे अर्थ में यूनिटी है। प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर कहा है, मैं स्वयं एनसीसी कैडेट रहा हूं, इसलिए पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मुझे जो अनुभव मिला वह मेरे लिए अमूल्य है।**

अरविंद चतुर्वेदी



वर्षों पुरानी बात है। छोटे कद का एक दुबला-पतला सा छात्र अपने कुछ सहपाठियों के साथ स्कूल के इंस्ट्रक्टर के पास पहुंचा और उनसे एनसीसी के जूनियर डिवीजन में शामिल होने की अपनी इच्छा जताई। तब एनसीसी में जाने के लिए अच्छी सेहत और सुडौल शरीर को प्राथमिकता दी जाती थी। लिहाजा छात्र के कद-काठी को देखते हुए शिक्षक के मन में पहला ख्याल आया कि मना कर दें, लेकिन तभी उनका ध्यान छात्र के चेहरे की तरफ गया। बच्चे की आंखों की चमक और उसके चेहरे पर झलकते दृढ़ विश्वास ने उन्हें सोचने पर मजबूर कर दिया। वो मना नहीं कर सके। सीधे नामांकन की बजाए टेस्ट लेने का फैसला किया। तब शायद मन में ये विचार आया था कि यदि टेस्ट में पास नहीं हो पाया तो खुद ही बाहर हो जाएगा और उनकी दुविधा भी मिट जाएगी।

पहले दो सौ मीटर की सामान्य दौड़, फिर एक पैर से लंगड़ा दौड़ और आखिर में फ्रॉग जंपिंग यानि मेंढक की तरह कूदने की प्रतियोगिता। शिक्षक यह देखकर हैरान रह गए कि जिस बच्चे को अयोग्य समझ रहे थे उसने तो बाजी मार ली। अपने ज्यादा डील-डॉल वाले छात्रों को पीछे छोड़ते हुए वो अव्वल आया था। आखिरकार उस नन्हे और दुबले पतले छात्र को एनसीसी में दाखिला मिला और यहां से शुरू हुई अनुशासित जीवन के साथ लक्ष्य तय करने और उसे हासिल करने के लिए समर्पित होने की शिक्षा। ये वही बालक था, जिसने आगे चलकर नेतृत्व और नायकत्व की नई परिभाषा गढ़ी।

ये छात्र और कोई नहीं बल्कि देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। शिक्षक का नाम गोरधनभाई पटेल है, जिन्होंने दुनिया को ये कहानी बताई। उन्होंने ही वो मशहूर तस्वीर भी साझा की जिसमें एनसीसी की टीम के साथ के यूनिफॉर्म में छात्र नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी बैठे हैं। गोरधनभाई पटेल ने संस्मरण साझा करते हुए बताया था कि उस दौर में भी नरेंद्र मोदी के जीवन में गजब का अनुशासन था। वो रसोई में इस्तेमाल होने वाले बर्तनों को गर्म कर ड्रेस को प्रेस करते थे और पॉकेट में कपड़े का छोटा टुकड़ा रखते थे ताकि ग्राउंड में दाखिल होने से पहले धूल झाड़कर जूते को चमका सकें। वो तमाम बातें आज भी प्रधानमंत्री की जीवन शैली का हिस्सा है।

कलफ लगी कमीज, चमकते जूते और बेहद सतर्क, चुस्त, स्फूर्त और आत्मविश्वास से भरी हुई पीएम मोदी की चाल। बताने की जरूरत नहीं है कि इसकी नींव एनसीसी के दिनों मे पड़ी थी। प्रधानमंत्री अपने पुराने दिनों और एनसीसी के महत्व को कभी नहीं भूलते। चाहे युवाओं का संबोधित करने का मौका हो, मन की बात हो या फिर कोई और मंच। प्रधानमंत्री एनसीसी का न सिर्फ जिक्र करते हैं बल्कि युवाओं को उसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित भी करते रहते हैं।

पीएम मोदी कई बार कह चुके हैं, 'चूंकि मैं भी कैडेट रह चुका हूं, मैं आज भी अपने आप को एक कैडेट मानता हूं।' एनसीसी के बारे में प्रधानमंत्री की सोच और उनका विजन क्या है इसको समझने के लिए हमें उनके वक्तव्यों पर गौर करना होगा। अपने एक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, एकता और अनुशासन, एनसीसी की पहचान है। यह कोई मैकेनिज्म नहीं है। एनसीसी एक मिशन है। यह सिर्फ यूनिफॉर्म और यूनिफॉर्मिटी नहीं है, यह सच्चे अर्थ में युनिटी है।

प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर कहा है, मैं स्वयं एनसीसी कैडेट रहा हूं, इसलिए पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मुझे जो अनुभव मिला वह मेरे लिए अमूल्य है। एनसीसी जैसी विंग युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि बदलते वक्त की जरूरतों के साथ तालमेल बैठाते हुए एनसीसी भी आगे बढ़े। उन्होंने इसके विस्तार और अपग्रेडेशन को लेकर देशवासियों से सुझाव भी मांगे हैं। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि एनसीसी देश के कोने-कोने तक पहुंचे और समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एनसीसी पर इतना फोकस क्यों है, इसे समझने के लिए भी किसी और एक्सपर्ट के विश्लेषण की जरूरत नहीं है। उन्होंने खुद ही इसे स्पष्ट करते हुए कहा था, आखिरकार यह परेड, यह कैम्प, यह अनुशासन, यह कड़ी मेहनत किस काम के लिए है, यह सब क्यों देश के गरीब से गरीब व्यक्ति के हक का धन इन चीजों में क्यों लगाया जाता है. वो इसलिए लगाया जाता है कि देश के भीतर ऐसे न्यूक्लियस तैयार हों, ऐसी इकाइयां बनती चलें, जो मिशन मोड में औरों को भी प्रेरित करते रहें और देशभक्ति का जज्बा बढ़ता चले।

2014 में पहली बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनसीसी को सशक्त करने का काम शुरू कर दिया। एनसीसी की इकाइयों की संख्या में वृद्धि - एनसीसी का विस्तार सीमावर्ती क्षेत्रों और तटीय जिलों तक कर दिया गया है। 170 से अधिक सीमावर्ती तालुकाओं तथा लगभग 100 तटीय तालुकाओं में अब एनसीसी की उपस्थिति है।

इससे न सिर्फ एनसीसी का दायरा बढ़ा है बल्कि अधिक छात्रों को इसका लाभ मिल रहा है। 2014 में जहां एनसीसी कैडेट्स की संख्या 14 लाख थी जो आज बढ़कर 20 लाख से ऊपर पहुंच गई है। इनमें बालिका कैडेटों की संख्या 8 लाख से अधिक है।

एनसीसी कैडेटों के लिए विशेष अवसर - प्रधानमंत्री मोदी ने एनसीसी कैडेटों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें उन्हें राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया है। इससे कैडेटों में राष्ट्र सेवा की भावना को बढ़ावा मिला है।

समाज सेवा से जोड़ने के लिए कार्यक्रम - सरकार ने एनसीसी कैडेटों को सामाजिक सेवा से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। इससे युवाओं में समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने में मदद मिल रही है। एनसीसी कैडेट्स ने कोविड-19 महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे समाज सेवा में उनकी भूमिका और बढ़ी है। एनसीसी के कैडेट स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल लेन-देन जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से जुड़े हैं। बाढ़ और दूसरी आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में एनसीसी कैडेटों का योगदान भी प्रशंसनीय रहा है।

एनसीसी के लिए बजट आवंटन में वृद्धि - मोदी सरकार ने एनसीसी के विस्तार के लिए बजट में भी वृद्धि की है। इससे प्रशिक्षण सुविधाओं, उपकरणों और अन्य आवश्यकताओं को बेहतर बनाया जा रहा है। इससे एनसीसी और कैडेट्स की कार्यकुशलता में काफी सुधार हुआ है।

अध्यात्म

### जब तक डरते रहेंगेतब तक सफलता भी नहीं मिलेगी



पुराने समय में एक राजकुमार तलवार चलाने से भी डरता था। राजा ने राजकुमार को तलवारबाजी सिखाने की बहुत कोशिश की थी, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। राजकुमार में तलवार चलाने का साहस नहीं था, फिर भी पिता ने किसी तरह राजकुमार को थोड़ी बहुत तलवार चलाना सिखा दी। राजा ने राजकुमार को युद्ध में ले जाने की भी कोशिश कई बार की, लेकिन राजकुमार डर की वजह से युद्ध में नहीं जाता था। राजा अपने पुत्र का डर दूर करने की कोशिश करते रहते थे, लेकिन राजकुमार की हालत वैसी की वैसी थी। एक दिन उनके राज्य पर दुश्मनों में आक्रमण कर दिया। राजा की सेना के मुकाबले दुश्मनों की सेना बहुत बड़ी थी। कुछ ही समय में राजा के सभी महारथी योद्धा युद्ध में मारे गए। अंत में राजा ही जीवित बचे थे। जब राजकुमार को मालूम हुआ कि युद्ध में सब कुछ खत्म हो गया है तो वह भी हिम्मत करके महल से बाहर निकला। बाहर निकलते ही उसने देखा कि सामने से दुश्मनों की सेना आगे बढ़ रही है। वह डर गया। अपने महल की ओर भागने के लिए पीछे पलटा तो उसने देखा कि पीछे भी दुश्मनों की सेना ने उसके पिता को बंदी बना लिया है। राजा को बंदी बना देखकर महल के अंदर के सेवकों ने महल का दरवाजा बंद कर दिया, ताकि दुश्मन महल के अंदर न आ सके। मैदान में राजकुमार अकेला और सामने दुश्मनों की सेना थी। उसके पास दो विकल्प थे। पहला ये कि वह समर्पण कर दे और दूसरा ये कि वह तलवार उठाकर दुश्मनों का सामना करे। राजकुमार ने दूसरा विकल्प चुना। उसने तलवार उठाई और वह दुश्मनों पर टूट पड़ा। राजा द्वारा सिखाई गई तलवारबाजी से वह दुश्मनों पर भारी पड़ने लगा। राजकुमार को लड़ते देखकर महल के सेवकों को भी जोश आ गया और वे भी लड़ाई में कूद पड़े। कुछ ही देर में उन्होंने दुश्मनों को वहां से खदेड़ दिया और राजा को आजाद करवा लिया। इस प्रसंग की सीख यह है कि जब तक हम डरते हैं, किसी भी काम की शुरुआत नहीं कर पाते हैं। डर की वजह से ही हम सफलता से दूर रहते हैं। निडर होकर काम करने से ही कामयाबी मिल सकती है।

# पीएम मोदी का वैश्विक बिहार संबंध



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय दौरों के दौरान बिहार के लोगों से निरंतर संवाद किया है, भारत की वैश्विक पहचान में उनके योगदान को स्वीकार करते हुए। उन देशों में जहां बिहारी समुदाय की मजबूत उपस्थिति है, वहां बड़े प्रवासी सम्मेलनों को संबोधित करने से लेकर बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को मान्यता देने तक, उनके संवाद बिहार की वैश्विक छाप को उजागर करते हैं।

### मॉरीशस दौरा

पीएम मोदी 11-12 मार्च को मॉरीशस की यात्रा करेंगे, जो उनकी 2015 के बाद दूसरी यात्रा होगी। मॉरीशस और भारत के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। मॉरीशस की 12 लाख की जनसंख्या में लगभग 70त्न लोग भारतीय मूल के हैं, जिनमें से अधिकांश की जड़ें बिहार से जुड़ी हैं।

### गयाना, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो-

2024 में, प्रधानमंत्री मोदी ने गयाना का दौरा किया और वहां भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संबंध मजबूत किए। गयाना में 3.2 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकांश के पूर्वज बिहार से आए थे। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के नेताओं से भी मुलाकात की। सूरीनाम में भारतीय प्रवासी समुदाय कुल जनसंख्या के 27त्न से अधिक है, जबकि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय मूल के लगभग 5.5 लाख लोग रहते हैं।

### सेशल्स और फिजी दौरे-

2015 में प्रधानमंत्री मोदी की सेशल्स यात्रा ने भारत और वहां के भारतीय समुदाय के बीच गहरे संबंधों को फिर से पुष्टि दी।

2014 में, उन्होंने फिजी का दौरा किया, जहां उन्होंने भारतीय मूल के 3 लाख से अधिक लोगों से संवाद किया, जिनमें से कई के पूर्वज बिहार से थे।

### कुवैत यात्रा-

हाल ही में कुवैत यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने मीना अब्दुल्ला के श्रमिक शिविर में भारतीय श्रमिकों से मुलाकात की। एक बिहारी श्रमिक ने अपने जिले में हवाई अड्डे के निर्माण का सपना साझा किया और ÷मोदी की गारंटी÷ पर विश्वास व्यक्त किया। यह बातचीत बिहार के लोगों की आकांक्षाओं और पीएम मोदी की विकास दृष्टि में उनके विश्वास को दर्शाती है।

### बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर पहचान-

पीएम मोदी ने बिहार की कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया।

- 2023 के त्र20 शिखर सम्मेलन में, नालंदा विश्वविद्यालय की छवि स्वागत क्षेत्र की पृष्ठभूमि थी।

- विभिन्न विदेशी दौरों के दौरान, उन्होंने वैश्विक नेताओं को बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी पेंटिंग उपहार में दी।

- 2024 में गयाना के राष्ट्रपति को बिहार की मिथिला क्षेत्र की मधुबनी पेंटिंग भेंट की।

- 2018 में सिंगापुर यात्रा के दौरान, उन्होंने रुपे कार्ड का उपयोग करके इंडियन हेरिटेज सेंटर से मधुबनी पेंटिंग खरीदी।

- 2015 में जर्मनी यात्रा के दौरान, हनोवर के मेयर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार बऊआ देवी द्वारा बनाई गई मधुबनी पेंटिंग भेंट की।

- हाल ही में अमेरिका और फ्रांस यात्रा में, उन्होंने अमेरिका के उपराष्ट्रपति के बेटे को भारतीय लोक कलाओं पर आधारित जिग्सॉ पज़ल उपहार में दिया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के माध्यम से न केवल वैश्विक बिहारी प्रवासी समुदाय से संबंध मजबूत किए, बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी विश्व स्तर पर प्रस्तुत किया। उनकी यह प्रतिबद्धता बिहार के योगदान को वैश्विक पहचान दिलाने और उसकी स्थायी विरासत को मजबूत करने में सहायक रही है।

## विश्व का खलनायक बन रहे ट्रम्प !

अवधेश कुमार

अमरीका का राष्ट्रपति पद संभालने के साथ डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर दिए वक्तव्यों, निर्णयों तथा विदेशी नेताओं के साथ व्यवहार से निःसंदेह, अमरीकी नीतियों और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को लेकर आशंकाएं पैदा हुई हैं। यह तो अनुमान था कि वे जो बाइडेन की नीतियों में व्यापक बदलाव लाएंगे, लेकिन इस सीमा तक जाएंगे इसकी कल्पना शायद ही किसी ने की होगी। पश्चिम एशिया की समस्या पर यह वक्तव्य देकर उन्होंने हलचल मचा दी कि गाजा पट्टी पर कब्जा कर उसका पुनर्निर्माण करेंगे एवं नए सिरे से बसाएंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध पर उनकी नीति उलट गई है। वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सीधा संपर्क कर बातचीत कर रहे हैं और ऐसा लगता है कि जैसे दोनों के बीच समझौता तय हो गया है। यूरोपीय देशों को वे यूक्रेन को सैन्य व अन्य सहयोग पर लगातार खरी-खरी सुना रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ ह्वाइट हाऊस की संयुक्त पत्रकार वार्ता में उनकी बहस हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को तो ह्वाइट हाऊस से निकाला गया। साफ था कि ट्रम्प उन्हें युद्ध के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए डांट रहे हैं कि आप तृतीय विश्व युद्ध कराने की ओर बढ़ रहे हैं। इस तरह का व्यवहार किसी राष्ट्र प्रमुख का कभी देखा नहीं गया। अमरीका सहित विश्व भर में ट्रम्प विरोधियों की बड़ी संख्या है तथा विश्व को अपने किस्म की व्यवस्था देने की बौद्धिक, वित्तीय, व्यावसायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक राजनीतिक आदि व्यवस्थाएं देने में लगे राज्य, गैर राज्य शक्तियां-संगठन-समूह आदि ट्रम्प को समाज एवं विश्व का खलनायक बनाने की होड़ में लगे हैं। सामान्य तौर पर लगता है कि कोई नासमझ या सिरफिरा व्यक्ति अमरीकी राष्ट्रपति पद पर आसीन हो गया है। व्यवहार ऐसा है जो होना नहीं चाहिए। क्या यही सच है? न भूलिए कि ट्रम्प अमरीकी राष्ट्रपति हैं और अमरीका की शिक्षित जनता ने उन्हें सीधे निर्वाचित किया है। ऐसा व्यक्ति न सिरफिरा हो सकता है और न बिना सोचे-समझे या गैर योजना से कुछ करेगा। इसलिए मान लीजिए कि ट्रम्प सुनियोजित तरीके से अपनी रणनीति के तहत बढ़ रहे हैं और उनके निश्चित लक्ष्य हैं।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पुरुष जातक महिला मित्रों के प्रति आकर्षित रहेंगे। विधिक मामलों में आपको कुछ उलझनों का सामना करना पड़ेगा। भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। परिजनों को आज उपहार देने का विचार बनेगा।

**मिथुन**
आपकी कोई योजना असफल हो सकती है। इसीलिये आज आपको सावधानी रखनी चाहिये। जीवनसाथी के ऊपर किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

**कर्क**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक सदस्यों के बीच सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

**सिंह**
नयी जॉब ढूँढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अच्छा है। प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कन्या**
समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में विजय मिलने के योग बन रहे हैं। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है।

**तुला**
नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। घर का वातावरण अशान्ति युक्त होगा। किसी गम्भीर बीमारी से ग्रसित हैं तो आपको विशेष सावधानी रखनी चाहिये।

**वृश्चिक**
दैनिक आय में वृद्धि होगी। लम्बे समय से रुके हुये कार्यों की बाधा दूर हो सकती है। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

**धनु**
मित्रों से मदद लेनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके ऊपर ज्यादा भरोसा नहीं कर रहे हैं। इसीलिये अपने काम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। शत्रु नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं।

**मकर**
आपके व्यवहार से सभी लोग बेहद प्रसन्न रहेंगे। बच्चों को करियर और विवाह सम्बन्धी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कुंभ**
मौसम में बदलाव आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। जीवनसाथी के साथ आज समय अवश्य बितायें। इससे आपको काफी लाभ होगा।

**मीन**
आज परिस्थितियाँ आपके अनुकूल रहेंगी। विरोधियों के विरुद्ध परिवार और मित्रों का समर्थन आपको प्रसन्न कर देगा। किसी रोमांचकारी अनुभव के साक्षी बन सकते हैं।

# बिहार दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

## 'उन्नत बिहार विकसित बिहार' की थीम पर मनाया जायेगा बिहार दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** आगामी 22 से 26 मार्च तक ''उन्नत बिहार विकसित बिहार'' थीम पर बिहार दिवस मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन के द्वारा शुरू कर दी गई हैं। इसको लेकर सोमवार जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन की अध्यक्षता में सभी प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। मुख्य कार्यक्रम जिला समाहरणालय स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित की जायेगी, जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं उत्कृष्ट कार्यों का स्टॉल पर प्रदर्शित करने को कहा गया है। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः 06:00 बजे से किया जाएगा, जिसमें जिला के पदाधिकारियों के साथ स्कूली बच्चे एवं आमजन जिला समाहरणालय परिसर से चांदनी चौक, वीआईपी मोड़ से होते हुए प्रभात फ़ेरी निकला जाएगा, जो श्यामा सरोवर पार्क जाकर खत्म होगी। वहां जाकर जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण भी पदाधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। विभिन्न प्रखंडों में भी इसी तर्ज पर प्रभात फ़ेरी निकलवाने को कहा गया है। मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन 11:00 बजे सुबह में किया जाएगा, जिसमें स्टॉल प्रदर्शनी के साथ साथ मुख्य अतिथियों के द्वारा अभिभाषण इत्यादि का कार्यक्रम निर्धारित है।




### नीली रोशनी से होगा जगमग सरकारी भवन व थाना

बिहार दिवस को लेकर सभी सरकारी भवनों एवं थानों को ब्ल्यू रोशनी से सजाने को कहा गया है। इस अवसर पर सभी तरह के निजी संस्थानों एवं आमजनों से भी अपने अधिष्ठानों एवं भवनों को ब्लू रोशनी से सुसज्जित करने का अनुरोध जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। बिहार दिवस को लेकर विभिन्न तरह का खेल एवं अन्य गतिविधियां करवाने का भी निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन तथा कबड्डी प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है, जिसको जिम्मेदारी जिला खेल पदाधिकारी को दी गई है। वही छात्रों को बीच पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसकी जिम्मेवारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया है। रंगोली के माध्यम से बिहार के विकास एवं अन्य सामाजिक संदेश देते हुए रंगोली का आयोजन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस एवं जीविका को दिया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मौका

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें स्थानीय प्रतिभा को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शनी का मौका देते हुए बाहरी कलाकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के रक्तदान शिविर भी लगाने को कहा गया जिसमें स्वेच्छा से लोगों के द्वारा रक्तदान करने हेतु प्रेरित भी किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एवं सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों अंतर्गत विभिन्न माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी करने को कहा गया है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला गोपनीय पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# अपनी फरियाद लेकर नहीं जाना होगा डीएम कार्यालय, घर बैठे लगा सकेंगे गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** सोमवार को जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन के द्वारा सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्येक शुक्रवार को जिला समाहरणालय के मंथन सभागार में आयोजित होने '' जनता के दरबार में जिला पदाधिकारी कार्यक्रम से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए जिला जन-शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अभिजीत सोनल के द्वारा बताया गया कि इस पोर्टल के

### पोर्टल का शुभारंभ

माध्यम से कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन पोर्टल http//jansamadhanskp.bihar.gov.in पर जाकर अपनी समस्या के समाधान के लिए आवेदन कर सकतें है। उन्हें अब शारीरिक रूप से जनता दरबार कार्यक्रम में उपस्थित होना अनिवार्य नहीं है। आवेदक इस पोर्टल पर अपने मोबाईल नम्बर से पंजीकरण कर सकते है, जिसके उपरांत उनके दिए गए मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को अंकित कर आगे लॉगिन किया जा सकता है। आवेदक उसके बाद अपना नाम, पता इत्यादि विवरणी दर्ज कर, विभाग का नाम एवं अपनी शिकायत उसमें दर्ज करा सकतें है। आवेदन करते ही उनके पास उनके आवेदन के आलोक में एक आवेदन संख्या जनरेट हो जाएगा। आवेदक के निष्पादन की स्थिति की जानकारी उनके दिए गए मोबाइल नम्बर पर मिलती रहेगी। साथ ही ऑनलाइन भी वो आवेदन की निष्पादन की स्थिति देखा जा सकता है। इस पोर्टल की एक और खासियत है कि अगर आवेदक आवेदन करते समय गलत विभाग का नाम दर्ज कर दिये तो, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है, यह विभागीय पदाधिकारियों की जिम्मेदारी दी गई है कि संबंधित आवेदन को उचित प्राधिकार के पास भेज दें। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए यह पोर्टल विकसित किया गया है। जनता की समस्या का समाधान आकर ही हो, यह जरूरी नहीं है। वे अपनी परेशानी यहां बता सकते है, हम उसका समाधान करेंगे। साथ ही आने जाने पर होने वाले व्यय तहत समय की बचत होगी

# संदेश में 210 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश प्रखंड के तीर्थकॉल सोन दियारा से पुलिस ने 210 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वही 1000 लीटर महुआ पास विनष्ट किया। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सोमवार दोपहर एलटीएफ प्रभारी रणजीत कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि तीर्थकॉल ब्रह्मस्थान से पूर्व सोन नदी के दियारा इलाका में अवैध रूप से शराब बनायी जा रही है। वे दल बल के साथ सोन नदी के दियारा इलाका में पहुंचे थे, कि पुलिस बल को दूर से देखते ही शराब तस्कर भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपित दुर्गा चौधरी संदेश थाना के तीर्थकोल गांव के अजबलाल चौधरी का पुत्र है। दूसरा रविश कुमार है। वह पटना जिला के धाना गांव थाना रानी तलाव (कानपा) रहने वाला था वह स्व उमाशंकर राय का पुत्र था। पुलिस ने आरोपितों से पूछताछ की। कुल 210 लीटर शराब बरामद हुई। रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि करीब 1000 हजार लीटर महुआ पास को बर्बाद कर दिया गया। उसके उपरांत दोनों शराब तस्कर को पकड़ कर संदेश थाना लाया गया।

# एक्सेलेंस कॉन्वेंट से सोनाली ने सिमुलतला मेंस में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** एक्सेलेंस कॉन्वेंट बरबीघा से सोनाली ने सिमुलतला के मेन्स परीक्षा में सफलता हासिल परचम लहराया है।

एक्सेलेंस कॉन्वेंट ने विगत वर्ष में भी सिमुलतला को स्नेहा कुमारी के रूप में बिहार टॉपर भी दिया था। इसी कड़ी को जोड़ते हुए इस बार फिर से सिमुलतला आवासीय विद्यालय के मेंस परीक्षा के पहले लिस्ट में सोनाली कुमारी रौल 2460095, पिता बुलबुल सिंह निमी ग्राम निवासी ने सिमुलतला के मेन्स परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय का भी नाम रौशन किया है।

विद्यालय के प्रिंसिपल इंजीनियर पिंकेश आनंद ने विद्यालय में एक समारोह का आयोजन कर सोनाली को सम्मानित किया। सिमुलतला का मेंस परीक्षा कुल 300 अंकों का होता है, जिसमें से सोनाली ने 247 अंक प्राप्त कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के निदेशक शत्रुघन कुमार ने सोनाली को भविष्य की अग्रिम बधाई देते हुए बताया कि विद्यालय में 20 मार्च को ''टैलेंटेड-20, एक वर्ष मुफ्त शिक्षा'' का आयोजन होने जा रहा जो कि गरीब बच्चों के लिए कंपटीशन की तैयारी करने का एक सुनहरा अवसर है। सिमुलतला के साथ-साथ अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल, बी0 एच0 यू0, आर के मिशन, नवोदय इत्यादि सभी विद्यालय में प्रत्येक वर्ष सैकड़ों बच्चे सफल होकर कीर्तिमान रच रहे हैं।

# पुराने विवाद में पड़ोसी ने की रिटायर्ड पुलिस ड्राइवर की पीट-पीट कर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** शेखपुरा में पुरानी विवाद में पड़ोसियों रिटायर्ड पुलिस वाहन चालक की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी।

मृतक की पहचान मिशन थाना क्षेत्र के रामपुर सिंडाय गांव निवासी 65 वर्षीय चंद्रदेव पासवान के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार को घटित हुई है, रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मिशन थाना अध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। मृतक के बेटे ने पड़ोस की एक लड़की को भगा लिया था, जिसको लेकर दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था।

शनिवार को इसी रंजिश में पड़ोसी अखिलेश पासवान, चुनू पासवान और मुकेश पासवान ने अन्य लोगों के साथ मिलकर चंद्रदेव की पिटाई कर दी थी। जिसका रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भी कई मामले दर्ज हैं। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भेजकर ने जांच कराई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की तहकीकात की जा रही है। मृतक के बेटे बबलू पासवान ने बताया कि उनके पिता 2019 में मुजफ्फरपुर से रिटायर्ड हुए थे। तब से वे गांव में रहकर खेती-किसानी का कार्य कर रहे थे। पिटाई में उनके सिर और नाक पर गंभीर चोटें आई। जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# समन्वय समिति की बैठक में संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को आयोजित हुआ। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनकी अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। इनमें मुख्यमंत्री कन्या उत्थानयोजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल का जल, शौचालय निर्माण कार्य, आयुष्मान भारत कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना और कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना शामिल थीं। बैठक के दौरान डीएम ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के महादलित टोलों में सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नल जल योजना का क्रियान्वयन अविलंब सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, डीआरडीए डायरेक्टर को शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। डीएम ने सभी पदाधिकारियों को सीडब्लयूजेसी एवं सेवांत लाभ के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लेबर सुपरिटेंडेंट को ई-श्रम कार्ड निर्माण में तेजी लाने, और नगर आयुक्त, नगर निगम को व्यापक प्रचार-प्रसार कर शहरी क्षेत्र में पीएम सूर्य घर योजना का लाभ अधिक से अधिक घरों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को विभिन्न विभागों के लंबित एनओसी को अविलंब समन्वय स्थापित कर निर्गत करने और भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को इन सभी कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), डीआरडीए डायरेक्टर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# 101 लीटर शराब को किया गया विनिष्ट

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर मे मजिस्ट्रेट की निगरानी में 101 लीटर शराब को विनष्ट किया गया। मजिस्ट्रेट सहार अंचलाधिकारी राकेश शार्मा के नेतृत्व मे सहार और अजीमाबाद थाना का कुल 101 लिटर शराब को विनष्ट किया गया। मजिस्ट्रेट ने बताया कि 84-5 लिटर महुआ शराब और 16-5 लिटर अंग्रेजी शराब को गढ्ढा खोद कर विनष्ट किया गया। जिसमे सहार थाना का 43 लिटर देसी शराब और 16 लिटर अंग्रेजी शराब वहीँ अजिमाबाद थाना का 41 लिटर महुआ शराब को विनष्ट किया गया है।

# सफलता : छह लाख की विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** होली पर्व को देखते हुए डीएम तनय सुल्तानिया के आदेश पर उत्पाद विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उत्पाद विभाग सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश से बिहार में पटना की ओर लायी जा रही है। अवर निरीक्षक राहुल कुमार दूबे के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। छापेमारी टीम को बक्सर पटना फोरलेन बामपली मोड़ के पास एक महत्वपूर्ण सफलता मिली जब एक स्कार्पियो को रोका गया। स्कॉर्पियो की जांच करने पर वाहन के अंदर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। वाहन के चालक को गिरफ्तार करते हुए अग्रेतर कार्यवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द किया जा रहा है। उक्त वाहन से आफ्टर डार्क ब्लू ह्विस्की 180 का 864 पीस, 8 पीएम 180 एमएल का 96 पीस बरामद किया। वाहन से कुल 960 पीस में 172.800 लीटर है। जब्त शराब को उत्तर प्रदेश से पटना ले जाना था। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक राहुल कुमार दुबे सहायक अवर निरीक्षक रविंद्रकुमार व रवि कुमार के साथ साथ सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। वही दूसरी ओर रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि आरा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गोठहुला वार्ड नंबर 10 में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। जाँच दौरान एक टीनशेड के बने अस्थाई घर से भरी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उक्त घर से कुल 924 पीस में 173.160 लीटर शराब बरामद हुआ है।

# विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** लंगट सिंह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग और प्रो सोहन राज लक्ष्मी देवी तातेड जैन चेयर के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया. लंगट सिंह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग और प्रो सोहन राज लक्ष्मी देवी तातेड जैन चेयर के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

भारतीय ज्ञान-परम्परा में पर्यावरण चिंतन (जैन धर्म-दर्शन के विशेष सन्दर्भ में) विषय पर आयोजित व्याख्यान की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय ने की तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रो किस्मत कुमार सिंह मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय ने वरीय सहयोगियों तथा अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो राय ने कहा कि भारतीय ज्ञान-परम्परा में पर्यावरण संरक्षण का एक समृद्ध और गहन इतिहास रहा है।




इसमें केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी शामिल नहीं है, बल्कि जीवन में सभी के प्रति सम्मान और करुणा की भावना को भी शामिल किया गया है। आज पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन और बढ़ते प्रदूषण से पूरी दुनिया जूझ रही है। इन गंभीर समस्याओं से उबरने का एक मात्र उपाय दुनियाभर के पर्यावरण को हरा भरा बनाना है। प्रो राय ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाली आदतें अपनाकर, प्रदूषण कम करके और बिजली व पानी की खपत को कम करके सभी लोग अपने-अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। मानव और पर्यावरण के बीच गहरे संबंध को समझाना जरूरी है, तभी लोग इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेंगे।

पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। मुख्य वक्ता प्रो किस्मत कुमार सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा और विशेष रूप से जैन धर्म-दर्शन के मूल दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए बताया कि आज के समय में इन सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि एलएनटी कॉलेज के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से अनुशासित प्रयास करने की अपील करते हुए कहा कि जब हम अनुशासित होते हैं, तो हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे परिवर्तन लाने के लिए तैयार होते हैं, जैसे कि ऊर्ज़ा की बचत करना, प्लास्टिक का उपयोग कम करना और अपशिष्ट का प्रबंधन करना, जिनके व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। व्याख्यान का समन्वय दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विभाग की डॉ दीपिका कुमारी ने किया। मौके पर प्रो जयकांत सिंह, डॉ रमेश विश्वकर्मा, डॉ अर्चना सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ त्रिपदा भारती, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ नवीन कुमार, सुजीत कुमार, ऋषि कुमार, लालबाबू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ गिरफ्तार

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहार थाना कु पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए चोर की पहचान सहार थाना क्षेत्र के नोनौर गांव निवासी उमेश सिंह के पुत्र अरुण कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। यह ट्रैक्टर ट्रॉली जनवरी माह में स्वराज ट्रैक्टर के साथ चोरी हुई थी। ट्रैक्टर मालिक नोनौर गंज निवासी रविंद्र कुमार ने इस संबंध में लिखित प्राथमिक की दर्ज कराई थी। पुलिस इस संबंध में अपने स्तर से जांच कर रही थी। इसी बीच ट्रैक्टर मालिक के द्वारा मिली जानकारी के बाद पुलिस पेरहाप गांव के पास एक ट्रैक्टर की जांच करने पहुंची। पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ भागने लगा जिसे पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा। चोरी की ट्रैक्टर ट्रॉली को एक दूसरी सोनालिका ट्रैक्टर के साथ लगाकर उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने चोर ननौउर गांव निवासी अरूण कुमार उर्फ़ छोटु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ट्रॉली के साथ प्रयोग की जा रही सोनालिका ट्रैक्टर भी जप्त किया है। सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि जेल भेजा गया आरोपी पूर्व में अवैध रूप से बालू खनन कर परिवहन करने के मामले में जेल जा चुका है।

### चापाकल मरम्मती दल रवाना

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत जिले में 'हर घर नल का जल' योजना को और प्रभावी बनाने के लिए ''चपाकल मरम्मती दल रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ पूरे जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करेगा, जिससे जलापूर्ति एवं पेयजल संकट के समाधान में तेजी आएगी। इस रथ में मिस्त्री एवं टेक्निकल टीम रहेगी, जो जल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करेगी। अगर किसी को जलापूर्ति या पेयजल से संबंधित कोई समस्या होती है, तो वे कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 06182-350034 या टोल-फ्री नंबर 1800-123-1121 पर संपर्क कर अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज करा सकते हैं। यह नियंत्रण कक्ष प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यरत रहेगा। इसके अलावा, प्रत्येक प्रखंड के लिए सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल आरा द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नंबर- 8544428632 भी जारी किया गया है।

### पूर्व मुखिया का निधन

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहार पंचायत के पूर्व मुखिया इरशाद अहमद की ब्रेन हेमरेज होने से मौत हो गई है। शनिवार की देर रात एक तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए पटना ले गए थे। पटना के एक निजी क्लीनिक में उन्होंने सोमवार की 4:00 बजे के करीब अंतिम सांस ली। दिवंगत इरशाद अहमद वर्ष 2001 से 2006 तक सहार पंचायत के मुखिया थे। उनकी मौत पर समाजसेवी व आम लोगों के बीच गम का माहौल है।

### लगाया गया जुर्माना

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगा पार खवासपुर थाना की पुलिस जाम को नियंत्र करने के लिए 21500 जुर्माना वाहन मालिको पर लगाया है। सोमवार को एकदशी पर्व पर गंगा नदी के घाट पर ओहार मुंडन कराने लोग आते है। जहां उत्तर प्रदेश और खवासपुर के लोग अपने अपने वाहन लेकर घाट पर पहुचते है। पुलिस यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए मुश्तैद थी। कुछ वाहन नियमों को ताक पर रख इधर उधर आने जाने लगे। जिससे पुलिस को जाम हटाने में काफी मुश्किल का सामना कर रही थी। यातायात के नियमो के उलंघन मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाध्यक्ष चंदन भगत ने बताया कि मुंडन में करीब 10000 की भीड़ को खवासपुर पुलिस पदाधिकारी सुबह से दोपहर 2 बजे तक जाम को कंट्रोल किया। जाम करने वाले वाहन मालिकों पर जुर्माना किया गया है।

### 100 लीटर महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चांदी पुलिस ने खनगांव अवस्थित सोन नदी के समीप से एक शराब धंधेबाज को 100 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धंधेबाज को जेल भेजा। इस बाबत थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि खनगांव के समीप सोन नदी की ओर से शराब लेकर आने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये 100 लीटर महुआ शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कारोबारी को खदेड़ कर हिरासत में लिया। तलाशी लिए जाने पर कुल 100 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया तथा धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज महेन्द्र यादव है जो थाना क्षेत्र के खनगांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त धंधेबाज के साथ एक और धंधेबाज था जो चकमा देकर फरार हो गया। उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में भय व्याप्त है।

### सावित्रीबाई फुले का स्मृति दिवस मना

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत के प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की स्मृति दिवस सूर्य नगर फूहां गांव में सोमवार को 4:30 बजे से आयोजित किया गया। अध्यक्षता शिक्षक महेन्द्र प्रताप शर्मा ने की। कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम शिक्षिका थी। जिन्होंने अपने जीवन काल में अपने दूरदर्शी कार्य किये। उनके पति ज्योति राव फुले के साथ मिलकर 18 स्कूल खोले। साथ ही उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनता की उपस्थिति में मिलजुलकर स्मृति दिवस मनाये। कई छात्र छात्राओं ने कविता, कहानियों के साथ साथ पहाड़ा पढ़ माता सावित्रीबाई फुले को श्रद्धा सुमन अर्पित की। पूर्व शिक्षक अर्जुन कुमार ठाकुर ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले त्याग के प्रतिमूर्ति थी,जिन्होंने शिक्षा की अनवरत दीप प्रज्वलित होता रहे उसके लिए उन्होंने अपनी सुधी भुला दीं। यही नहीं रुकी वे सामाजिक कुरुतियों के खिलाफ आन्दोलन चलायीं, जैसे-बाल विवाह, सतीप्रथा और विधवाओं के सिर मुड़वाने के विरोध किये,और पीड़ित महिलाओं के लिए शरणागृह बनवाई विधवा पुनर्विवाह का बढ़ावा इत्यादि अनेकों कार्य किये।मानवाधिकार कार्यकर्ता मंजू कुमारी ने उनकी जीवनी पर विशेष प्रकाश डाली, उनको साथ देने वाली फातिमा शेख की सहयोग की चर्चा की।जिन्होंने स्कूल चलाने के लिए अपने यहां जगह दीं, यही नहीं अभिवंचित समाज उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार ग्रामीण चिकित्सक अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष सह सामाजिक सेवक डॉ जेएन उपाध्याय के द्वारा संदेश में होली मिलन समारोह मनाया गया ।यह मिलन समारोह संदेश के संगम कंप्लेश में किया गया जहां पर सभी ग्रामीण चिकित्सक ने बड़ चढ़ के होली मिलन समारोह में भाग लिया। सभी डॉ एक दूसरे को रंग अबीर लगाए। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ जेएन उपाध्याय ने किया। कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। होली मिलन समारोह प्रेम और सौहार्द का यह पर्व आधुनिकता के कारण अपनी चमक धमक पर सोता जा रहा है ।पारंपरिक सांस्कृतिक विलुप्त होती जा रही है। फूहड़ गीतों का चलन बढ़ गया है। जिसका समाज पर गलत असर पड़ रहा है। होली जब नव रस अष्टसिद्धि नव नधी संयुक्त रूप से आल सात होने लगे उस क्षण को होली कहते हैं।

# महिला कर्मी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ कर रही निर्वहन : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के प्रति सम्मान तथा उनके आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, वरीय उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का संदेश जिलावासियों तक पहुंचाने हेतु गुब्बारा छोड़ा गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस जिला अंतर्गत कार्यरत सभी महिला पदाधिकारी/ कर्मी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रही है। जो कि सभी बालिकाओं के लिए प्रेरणा की स्रोत हैं एवं सफलता तथा महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन उदाहरण हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र पुरुषों से पीछे नहीं है वे आजीविका के हर एक क्षेत्रों में जैसे अंतरिक्ष, सेना, प्रशासन , स्वास्थ्य, शिक्षा, राजनीति ही क्यों नहीं हो सभी जगह परचम लहरा रही हैं। इसी क्रम सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि बेटियों को बचाने के लिए कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु हम सभी को दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना होगा तभी महिला सशक्तीकरण का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक एवं वरीय उपसमाहर्ता द्वारा अपने सफलता एवं संघर्ष के अनुभवों को साझा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों यथा (खेल, शिक्षा, कला एवं संस्कृति) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले की 9 बालिकाओं अनु प्रिया तिवारी, नेहा खातून, आस्था भारती, पुष्पांजलि कुमारी, पूजा कुमारी, शबाना खातून , सिमरन कुमारी, केसर राज को नायिका पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र एवं ब्रांडेड स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण के विषय एवं लोक कला पर सांस्कृतिक प्रस्तुति किया गया। साथ ही बेटी के महत्व, नारी शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,के महत्व को दर्शाते हुए मनमोहक नाट्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया । कार्यक्रम के दौरान महिला विकास निगम, बिहार, पटना द्वारा निर्मित की गयी लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया। इसके अलावा कैम्ब्रिज स्कूल एवं महारानी जानकी कुंअर एवं मुजीब गर्ल्स हाइ स्कूल की बच्चियों के द्वारा गायन एवं नृत्य का प्रदर्शन किया गया। मृणालिनी सहाय द्वारा बेखौफ परिंदा गाने पर एकल प्रस्तुति दर्शकों का मन मोहा. मंच का संचालन राखी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर के सभी पदाधिकारीगण सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक वीरेन्द्र राम, जिला मिशन समन्वयक निधी कुमारी, केंद्र प्रशासक मुक्ति श्रीवास्तव, जिले की सुप्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ हेना चंद्रा, लैंगिक विशेषज्ञ, सभी महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका मोतिहारी सदर, मोतिहारी ग्रामीण, समेत जिले के तमाम पदाधिकारीगण/कर्मीगण अधिक की संख्या में उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल की भाभी व शिक्षिका प्रिया देवी का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के भजौना गांव निवासी एवं पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल के छोटे भाई चुनमुन सिंह की पत्नी और प्राथमिक विद्यालय, पोखरभिंडा की शिक्षिका प्रिया देवी का पटना के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्हें तबीयत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार को मांझी थाना क्षेत्र के भजौना गांव में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए डुमईगढ़ घाट ले जाया गया। शवयात्रा में परिजनों और ग्रामीणों का काफिला शामिल रहा। सरयू नदी के तट पर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में गांव और क्षेत्र के लोग घाट पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दौरान, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल की भाभी के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रिया देवी के निधन से गांव, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों में सत्येंद्र सिंह भवानी, जितेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, राजेश्वर सिंह, अनिल सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मुखिया मनीष कुमार सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह, अजय पंडित, योगेंद्र शर्मा, पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, मुकेश सिंह और रौशन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। शिक्षिका प्रिया देवी के निधन पर शिक्षा जगत और समाज के कई प्रमुख लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रो. अजीत कुमार सिंह, शिक्षक डॉ. शशि भूषण शाही, व्यास सिंह, कमल कुमार सिंह सेंगर, शैलेंद्र सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, योगेश कुमार सिंह, लायन राकेश मिश्रा, शिक्षिका मंजू कुमारी, बिंदु कुमारी, सुचिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, मधुलिका कुमारी, नीतू कुमारी, राजीव कुमार सिंह, नीरज सिंह, मुकेश मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# अगले 60 दिनों तक जिले के 23 प्रखंडों में सिथेटिक पाइरोथाइराइड का होगा छिड़काव : सीएस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिले में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को सदर पीएचसी मोतिहारी से सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव एवं डीवीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा की देखरेख में प्रशिक्षित दलकर्मियों के द्वारा सिथेटिक पाइरोथाइराइड का छिड़काव आरम्भ किया गया।मौके पर सिविल सर्जन ने कहा की अगले 60 दिनों तक जिले के 23 प्रखंडों में दवा छिड़काव कार्यक्रम चलाया जाएगा ताकि लोग कालाजार रोग से बच सकें। उन्होंने बताया कि प्रखण्डों के स्वास्थ्य केंद्रों को दवा, बैनर, पोस्टर उपलब्ध कराई जा चुकी है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शरतचंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के 23 प्रखंडों के चिह्नित 345 पंचायतों के 1 हजार 2 सौ 43 गांवों के 01लाख 88 हजार 627 घरों में संचालित होगा। उन्होंने बताया कि जिले में कालाजार के मामलों में कमी आ रही है। वर्तमान में नवंबर 24 तक 24 केस ही प्रतिवेदित है। कालाजार से मुक्त करने की दिशा में स्वास्थ्य कर्मी व विभागीय अधिकारी सक्रिय हैं। इसके लिए महादलित बस्तियों एवं झुग्गी-झोपडी में कालाजार से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सिंथेटिक पाइरोथाइराइड कीटनाशकों का छिड़काव किया जाएगा। कालाजार को जड़ से समाप्त करने व छिड़काव की गुणवत्ता के लिए प्रखंड स्तर पर बैठक के आयोजन के साथ कर्मियों का प्रशिक्षण करा दिया गया है। ताकि जिले से कालाजार खत्म हो सके। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यवेक्षक टीम का गठन किया गया है जो छिड़काव कार्य का सतत अनुश्रवण करेगी। छिड़काव के वक्त इन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है -घर की दीवारों में पड़ी दरारों को भर दें,खाने-पीने के सामान, बर्तन, दीवारों पर टंगे कैलेंडर आदि को बाहर कर दे,भारी सामानों को कमरे के मध्य भाग में एकत्रित कर उसे ढक दें। डॉ एससी शर्मा ने बताया कि कालाजार के संपूर्ण उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी है। इसके लिए सरकार की तरफ से आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। आशा कार्यकर्ता छिड़काव होने से पहले घर-घर जाकर लोगों को इसकी जानकारियां देंगी। उन्होंने बताया कि छिड़काव चक्र के दौरान चयनित गांवों के सभी घरों एवम गौशाला के अंदर पूरी दीवार पर दवा का छिड़काव किया जाना चाहिए। अगर एक भी घर छिडकाव से वंचित रह गया, तो बालू मक्खी के पनपने का खतरा बना रहेगा। वीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से ही कालाजार होता है। उन्होंने बताया कि यह मक्खी कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे कि मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है। इसलिए दवा का छिड़काव घरों, गौशालाओं की दीवार पर छह फीट तक किया जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि क्षतिपूर्ति के रूप में कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है। रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। इससे पीड़ित होने पर शरीर में तेजी से खून की कमी होने लगती है। मौके पर सीएस डॉ रविभूषण श्रीवास्तव, डीवीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, अस्पताल प्रबंधक संध्या कुमारी, डॉ खालिद अख्तर, वीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार, कंसलटेंट अभिषेक कुमार, विनोद राम व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# टेक्नो होली रंगोत्सव: रंगों, इनामों और जश्न का धमाका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि खुशियों, अपनापन और जश्न का प्रतीक भी है। इस बार टेक्नो, जो अपनी इनोवेशन और बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है, इस रंगोत्सव को और खास बना रहा है। धमाल, मस्ती और ढेर सारे सरप्राइज के साथ यह होली और भी रंगीन होगी। टेक्नो अपने ग्राहकों के लिए इस त्यौहार को यादगार बनाने का बेहतरीन मौका दे रहा है। 7 मार्च से 31 मार्च 2025 के बीच कोई भी ग्राहक अपने नजदीकी रिटेल स्टोर से टेक्नो स्मार्टफोन खरीदकर शानदार इनाम जीत सकता है।

**भाग लेने की प्रक्रिया बेहद आसान है—** स्मार्टफोन खरीदने के बाद कोड स्कैन करें।
अपनी डिटेल सबमिट करें।
लकी ड्रॉ में शामिल हो जाएं।

**24 भाग्यशाली विजेताओं को मिलेगा:** नया स्कूटर, गोल्ड वाउचर, लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफोन
लकी ड्रॉ का रिजल्ट 4 अप्रैल 2025 को घोषित किया जाएगा। तो तैयार हो जाइए इस होली, शानदार इनाम जीतने के लिए! टेक्नो सिर्फ ग्राहकों ही नहीं, बल्कि अपने रिटेल पार्टनर्स का भी आभार व्यक्त कर रहा है। ब्रांड की ग्रोथ में उनके योगदान को सम्मान देते हुए, टेक्नो ने खासतौर पर रिटेल पार्टनर्स के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन किया है। इस ड्रॉ में जीतने वाले पार्टनर्स को विशेष उपहार दिए जाएंगे।
टेक्नो हमेशा अपने रिटेल नेटवर्क को अहमियत देता आया है और इस तरह की पहल के जरिए भारतीय संस्कृति से जुड़े अपने संबंधों को और मजबूत करता है।
मज़ा यहीं खत्म नहीं होता! टेक्नो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी होली के रंग बिखेरने वाला है। जहां कई सरप्राइज़ेस और मजेदार कॉन्टेस्ट होंगे। तो जुड़े रहिए और इस खास मौके को मिस न करें! रंगों का त्यौहार खुशियां, इनाम और ढेर सारी मस्ती लेकर आया है क्योंकि टेक्नो रंगोत्सव इसे और भी खास बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## एक नजर

### बाल श्रम के लिए ले जाए जा रहे छह बच्चों का रेस्क्यू

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** मानव तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ निरीक्षक के मार्गदर्शन में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन, बचपन बचाओ टीम और स्वच्छ रक्सौल की संयुक्त टीम ने छह बच्चों को रेस्क्यू किया। बाद में सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति, मोतिहारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां समिति ने उन्हें बाल गृह में अस्थायी रूप से रखने का आदेश दिया। इसके अलावा, रक्सौल जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 से एक भटकती हुई नाबालिग बच्ची को भी टीम ने रेस्क्यू किया। सभी बच्चों की पहचान और पुनर्वास की प्रक्रिया जारी है।

### सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के कटगेनवा गांव में बैद्य स्वर्गीय अमर पटेल अनुमंडलीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भुवन पटेल ने स्वर्गीय अमर पटेल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके जीवन और समाज में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। आयोजक अवध बिहारी पटेल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों और उपस्थित आगंतुकों के समक्ष स्वर्गीय अमर पटेल के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर नीतीश कुमार, सरवन कुमार, डॉ. खालिद अनवर, डॉ. अशोक चौधरी, संजय कुमार झा, कृष्ण कुमार महतो, मनीष कुमार वर्मा, उमेश सिंह कुशवाहा, महेश्वर सिंह, सुनील कुमार, विजय कुमार, रोशन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए सोमवार को हरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी किशन पासवान ने की। उन्होंने बताया कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, भोजपुरी गीतों में अश्लीलता पाई जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि मस्जिदों, कब्रगाहों और अन्य धार्मिक स्थलों के पास होली न खेलें ताकि किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत न हों। थाना प्रभारी ने माइक्रोफोन के जरिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने की अपील की ताकि शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बैठक में पंचायत जनप्रतिनिधियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित लोगों में हरपुर मुखिया सुनील साह, उप मुखिया विकास कुमार, जदयू नेता सुभाष सिंह, सरपंच नागेंद्र महतो, तेजामूल हक, सफीउल्लाह, राजद अध्यक्ष मोबारक अंसारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के मकरी महुआवा गांव में पिछले दिनों बाइक की ठोकर से घायल बच्ची की मौत पीएमसीएच पटना में इलाज के क्रम में हो गई है। मृत बच्ची कुड़िया बंगरी निवासी रंजीत ठाकुर की दस वर्षीया पुत्री रेशमी कुमारी हैं। इस संबंध में मृतका की माता धनीशा देवी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर बाइक सवार तीन लोगों को आरोपित करते हुए कार्रवाई की मांग की हैं।

### 10 मार्च से वार्षिक मूल्यांकन शुरू

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में सोमवार से वार्षिक मूल्यांकन प्रारंभ हो गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में प्रखंड के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग-1 से वर्ग-8 तक के सभी छात्र-छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माह मार्च, 2025 में प्रारंभ हो चुका है इस क्रम में सुझायात्मक सह-शैक्षिक गतिविधियों का वर्ग शिक्षक द्वारा संपूर्ण वर्ष किये गये अवलोकन के आधार पर छात्र-छात्राओं की मूल्यांकन एवं ग्रेडिंग की जायेगी। सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा विभाग से प्राप्त निर्देश पर एक विद्यालय के शिक्षक को दूसरे विद्यालय में वीक्षण कार्य करने के लिए प्राधिकृत भी कर दिया गया है।

### मतदाता सूची में फोटो अपडेशन को लेकर समन्वय बैठक

**पालीगंज।** पालीगंज अनुमंडल कार्यालय के सभा कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अमन प्रीत सिंह की अध्यक्षता में आगामी 190 पालीगंज विधानसभा चुनाव को लेकर एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची में फोटो अद्यतन और अन्य महत्वपूर्ण चुनावी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे। अवर निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन के अलावा जदयू से मोहम्मद शाहिद और हेमंत पटेल, भाजपा से दीपक कुमार और कमलेश शर्मा, तथा राजद से नीरज कुमार यादव सहित विभिन्न दलों के नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया को सुचारू बनाना और चुनावी तैयारियों को मजबूत करना था।

## पेंशनर समाज की हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबन (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार पेंशनर समाज, मधुबन शाखा के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक सोमवार को रा. मध्य विद्यालय मधुबन बालक लमें हुई जिसकी अध्यक्षता सभापति चन्द्रिका प्रसाद सिंह ने की। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभापति ने सूचित किया कि राघवेन्द्र शर्मा बनाम राज्य सरकार द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु शिक्षकों की संशोधित वरीयता सूची डीइओ कार्यालय में तैयार है। किन्तु कई जिलों में भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति की अलग-अलग तिथियों का निर्धारण किया गया है जिससे पूरे राज्य में एकरूपता न होकर विसंगति उत्पन्न हो गई है। इसके निराकरण के लिए सभी जिलों के डीइओ की पटना में होने वाली आगामी बैठक में राज्य सरकार द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

# जहानाबाद में सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अनुदान योजना हेतु शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अनुदान योजना के तहत 12 मार्च को सुबह 11 बजे, गांधी मैदान स्थित खेल भवन परिसर में एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से नए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और पेंशन व अनुदान योजनाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का समाधान किया जाएगा।



**130,000 से अधिक लाभार्थी को मिल रही पेंशन योजना का लाभः** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अनुसार, जहानाबाद जिले में वर्तमान में 1,30,000 वृद्धजन, दिव्यांग और विधवाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ ले रही हैं। पहले भी प्रखंड और पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से नए आवेदनों को आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा, पेंशन स्वीकृति, भुगतान और अन्य अनुदान योजनाओं में आ रही समस्याओं का लगातार समाधान किया जा रहा है।

**शिविर में आवेदन व समस्याओं का समाधानः** इस जागरूकता शिविर के दौरानः नए पेंशन और अनुदान योजना के आवेदनों को स्वीकार किया जाएगा। पेंशन भुगतान, स्वीकृति और अनुदान योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लाभार्थियों को उनकी योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों तक इस शिविर की जानकारी पहुँचाएँ। उन्होंने कहा कि योग्यता रखने वाले सभी आवेदकों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। इस शिविर में आमजन अपनी आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का अधिकतम लाभ ले सकेंगे।

# नमाज पढकर लौट रहे युवक की अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या

## डीएसपी व थानाध्यक्ष घटनास्थल पर मौजूद, एसआईटी ने दो संदिग्धों को लिया हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** आज अहले सुबह रामगढवा थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत के आर्या नगर गांव में नमाज पढकर लौट रहे एक युवक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक उक्त गांव निवासी शेख नुरेन बताया गया है। घटना का कारण प्रथम दृष्टया आपसी दुश्मनी बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी व थानाध्यक्ष दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की पडताल में जूट गए हैं। वही घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात स्वयं घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिए और



अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एस आईटी टीम का गठन कर आवश्यक निर्देश दिए। दूसरी तरफ गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी ने बताया कि शीघ्र ही मामले का उद्भेदन करते हुए सही अपराधियों को दबोच लिया जायेगा और हत्यारों को कठोर सजा दिलायी जायेगी।

# एसएस कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद स्थित एसएस कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में जल विज्ञान उत्सव मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम अगामी 22 मार्च यानि विश्व जल दिवस के आयोजन तक चलेगा। सोमवार को इस अभियान के पहले दिन पोस्टर कंपटीशन का आयोजन हुआ, जिसमें स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर,सत्र 2022-24 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र छात्राओं ने जल संरक्षण एवं भू-गर्भ जल स्तर को ऊपर लाने हेतु प्रभावी उपायों एवं तकनीकों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 स्नेहा स्वरुप ने बताया कि पोस्टरों के माध्यम से वर्षा




जल संचयन, ड्रिप सिंचाई प्रणाली , वृक्षारोपण के महत्व एवं जल अनुकूल उपकरणों के इस्तेमाल को बखूबी दर्शाया गया। इन पोस्टरों के माध्यम से जीवनदायिनी नदियों को निर्मल व अविरल बनाए रखने के उपायों को भी प्रदर्शित किया गया। जल संरक्षण के महत्व को प्रदर्शित करने वाले इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) कृष्णानंद ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को वर्तमान वैश्विक जल संकट के आलोक में जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण के द्वारा ही जल संकट की चुनौतियों से हम पार पा सकते हैं। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में प्रो0 प्रवीण दीपक एवं डॉ0 कमल कुमार रहे। इस अवसर पर डॉ0 अंशु कुमार मल्लिक, डॉ0 सुनीता तिवारी , डॉ0 रागिनी सिन्हा, डॉ0 मधु सिंह,अनिल कुमार द्विवेदी, नीरज कुमार समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** होली पर्व को लेकर रविवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ बुशरा नवेद व सीओ सुनील कुमार मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने कहा कि होली मिलकर खुशी पूर्वक मनाने वाला त्योहार है। इससे में किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था में खलल की कोशिश को सहन नहीं किया जाएगा। अराजक तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी। डीजे व अश्लील गाना बजाने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। मौके पर एसआई धनंजय कुमार, मुखिया उपेंद्र पासवान, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, भाग्यनारायन यादव, रविन्द्र सहनी, अवधेश प्रसाद, गुंजन जयसवाल, अमेरिका राम, मो. याकूब, चुमन जयसवाल, मो. लालबाबू, रामेश्वर यादव, राजकिशोर गुप्ता आदि मौजूद थे।

# स्टूडियो का शटर तोड़कर ढ़ाई लाख के सामान की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** ब्लॉक रोड दुर्गा स्थान चौक स्थित प्रिंस प्रेस एंड स्टूडियो में अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर करीब अढ़ाई लाख रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। स्टूडियो के मालिक अनिल कुमार, जो मीरपुर गांव के निवासी हैं, ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार रात 9 बजे दुकान बंद करके वे घर चले गए थे। सोमवार सुबह 6 बजे जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था और पास में एक नया खंती (खुदाई का औजार) पड़ा हुआ था, जिसे संभवतः चोरों ने ताला तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया। दुकान के अंदर जाने पर दो वीडियोग्राफी कैमरे, एक प्रिंटर, एक फोटोकॉपी मशीन और एक कंप्यूटर मशीन गायब मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को




सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। चौराहा अति व्यस्त क्षेत्र में आता है, ऐसे में रात्रि गश्ती के बावजूद इस तरह की चोरी पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।


**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/5981655; दिनांक: 05.03.2025** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम और एफआरटी), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के समीप, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **मद श्रेणी:** सेवड़ाफुली जं., श्रीरामपुर, कोननगर, रिसड़ा एनजीटी नामित स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों की बाहरी एजेंसियों द्वारा मशीनीकृत/मैनुअल सफाई के साथ-साथ ट्रैक से कचरा उठाने और VAT के कूड़े-कचरे के निपटान कार्य के लिए कस्टम बोली; **समान श्रेणी:** सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन कार्य-परिणाम आधारित; **अनुमानित बोली मूल्य (रु):** 1,40,65,751.57; **ईएमडी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि (रु):** 2,20,330.00; अर्बिट्रेशन खण्ड: नहीं; **मध्यस्थता खण्ड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 दिन; **बोली समाप्ति तिथि/समय:** 14.03.2025, 14.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 14.03.2025, 14.30 बजे, **कार्यालय का नाम:** हावड़ा मंडल; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 71 लाख; **समान/समरूप कार्य के लिए पिछले अनुभव की आवश्यक अवधि :** 3 वर्ष; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाण पत्र (एटीसी में अनुरोधित) "यदि कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता प्रमाणित करने के लिए सहायक दस्तावेज क्रेता द्वारा मूल्यांकन करने के लिए अवश्य अपलोड किए जाना चाहिए; क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?: हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार:** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन विधि:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीना): 30

(HWH-656/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


CMYK

# कृषक सहभागिता बीज उत्पादन कार्यक्रम सशक्त उद्यमिता का प्रतीक : डॉ श्वेता मिश्रा

## श्री अन्न बीज उत्पादन तकनीक विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, शिवहर जिले के 35 किसान हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** विगत कुछ वर्षों से श्री अन्न (मिलेट्स) की मांग बढ़ी है। इनके मूल्य वर्धित उत्पादों की बाजार में उपलब्धता भी सुनिश्चित हो रही है। लोगों में सेहत के प्रति बढी जागरुकता के कारण अब मिलेट्स को भारतीय व्यंजनों तथा भोजन में आम आदमी शामिल भी कर रहे है। मुख्य अन्वेषिका-सह-संयोजक, श्री अन्न परियोजना, डॉ श्वेता मिश्रा ने सोमवार को लघु कदन्न फसलों (श्री अन्न) का बीज उत्पादन तकनीक विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करने हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि यह पौष्टिकता के महत्व के प्रति जन जागरूकता के वजह से संभव हो पाया है। अतः श्री अन्न के मांग एवं उपलब्ध्ता के अंतर कम करने की दिशा में गुणवक्तापूर्ण बीज उत्पादन कार्यक्रम निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगा। बताते चलें कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पोषक अनाज एवं मूल्य श्रृखला उत्कृष्ठता केन्द्र, डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा द्वारा आयोजित किया गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए पाठ्यक्रम निदेशक डॉ राजीव कुमार श्रीवास्तव, ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तम व गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन किसानों द्वारा तथा किसानों के खेत पर करने का प्रयास सफलता पूर्वक किया गया है। जो श्री अन्न बीज के उपलब्धता मामले में आत्मनिर्भर बनाने दिशा में सार्थक साबित होगा। दिनांक 08-10 मार्च, 2025 तक चले इस प्रशिक्षण में शिवहर जिला की लगभग 35 महिला बीज उत्पादक प्रतिभागी के रूप में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस क्रम में प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र तथा श्री अन्न के बीज का पैकेट प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत डॉ रितम्भरा सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ कौशल किशोर ने किया। मौके पर डॉ पुष्पा सिंह एवं डॉ मिथिलेश कुमार सिंह के अलावा कई वैज्ञानिक व किसान उपस्थित थे।

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा आंतरिक संसाधन की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा आंतरिक संसाधन की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार अंतर्गत दाखिल- खारिज के मामलों, परिमार्जन प्लस के मामलों, ई-मापी से संबंधित लंबित मामलों, सीडब्ल्यूजेसीध एमजीसी वादों, मुख्यमंत्री जनता दरबार के मामले, सीएम डैशबोर्ड के मामलों के साथ-साथ आंतरिक संसाधन में वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की समीक्षात्मक बैठक की गई। विदित हो कि दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन के मामलों में लगातार अनुश्रवण के कारण लंबित मामलों की संख्या में काफी कमी आई है।




जिलाधिकारी द्वारा शत प्रतिशत मामलों को निर्धारित समय अवधि में निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा ई-मापी में प्रत्येक माह में निर्धारित लक्ष्य कम से कम 20 मापी कराने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा प्रियंका प्रियदर्शनी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महेश्वर हजारी ने की मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के मुक्तापुर रेलवे गुमटी एवं जूट मिल रोड पर भारी जाम की समस्या को देखते हुए बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रेल ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुक्तापुर रेल गुमटी और जूट मिल रोड पर लगातार जाम लगने के कारण आम लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्रों और गंभीर मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए रेल ओवरब्रिज का निर्माण जनहित में प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, गोविंदपुर बांध रेल लाइन के पास दो-पाया पुल के निर्माण का भी प्रस्ताव दिया गया है, जिससे समस्तीपुर-दारभंगा मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को जाम से राहत मिलेगी। मंत्री महेश्वर हजारी ने रेल मंत्रालय से जल्द से जल्द इस प्रस्ताव को स्वीकृति देने और निर्माण कार्य शुरू करने का अनुरोध किया है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि ओवरब्रिज नहीं बना, तो आने वाले दिनों में जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है।

## बायपास सड़क की स्वीकृत मिलने पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने निकाली आभार यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर को जाम निजात को ध्यान में रखते हुए देव में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्य मंत्री ने पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह के अनुशंसा पर बायपास बनाने का घोषणा की गई। जिसके खुशी मे एनडीए कार्यकर्ताओं ने रफीगंज शहर मे गाजे-बाजे के साथ आभार यात्रा निकाला और पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह को विभिन्न जगहो पर स्वागत किया गया। आभार यात्रा रफीगंज के बस स्टैंड से मेन बाजार, मुरली बाबू चौक, स्टेशन रोड, लोहार पटी, महराजगंज से डाकखाना गली जाकर समाप्त हुई।

## जिला भाजपा कार्यालय पर होली मिलन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर जिला के संगठन उत्तरी और दक्षिणी के जिला अध्यक्ष नीलम सहनी और शशिधर झा की संयुक्त अध्यक्षता मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री भाजपाइयों के प्रेरणा श्रोत अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी सह विरासत कार्यकर्म आयोजित किया गयाफ। कार्यक्रम का संचालन मनोरंजन मोदीं और मुकेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सबसे पहले मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर और एमएलसी मिजोरम राज्य के प्रभारी देवेश कुमार एवं जिला अध्यक्ष सहित मंचासिन नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तदुपरांत सर्वप्रथम जिला के सभी मंडल अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ सभी कार्यकर्ता और नेता को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री श्री ठाकुर के अलावा एमएलसी देवश कुमार, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान, भाजपा नेता राम सुमिरन सिंह, प्रदीप साह शिवे, जय कृष्ण झा, जिला उपध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, आदि ने संबोधित किया। मौके पर संजय सिंह, लालन सिंह, सुशील चैवे, मधु कुमारी, अशोक पासवान, सहित सभी मंडल अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला योजना कार्यालय)

Phone No:-06186-222096, Email: aurangabad.dpo-bih@gov.in

**—: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :—**

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सांसद, लोकसभा क्षेत्र, काराकाट, श्री राजा राम सिंह, द्वारा औरंगाबाद जिला के विभिन्न प्रखंडों में सौर उर्जा से संचालित हाई मास्ट लाईट पोल सहित का क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु निविदादाता से तकनीकी एवं वित्तीय दोनों निविदा Double Bid System के अन्तर्गत सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। ख्याति प्राप्त फर्मो/विक्रेताओं/प्रतिष्ठानों से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 17.03.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक निबंधित/स्पीड पोस्ट/स्वयं द्वारा जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में स्वीकार किया जायेगा। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नही की जाएगी। ससमय प्राप्त होने वाली निविदा **दिनांक 17.03.2025 को ही अपराह्न 03:30 बजे** जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। जिसमे निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहेगें। क्रय किए जाने वाले समग्रियों की विस्तृत जानकारी जिला योजना कार्यालय औरंगाबाद से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की विशिष्टियाँ एवं सभी शर्ते औरंगाबाद जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. उपस्कर का नाम एवं प्रकार :— **सौर ऊर्जा से संचालित हाई मास्ट लाईट पोल सहित।**
2. कुल उपस्कर की संख्या :— **11**
3. अनुमानित लागत :— **33**,00,000.00

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR- 021296 ( Planning ) 2024-25

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


# विशेष अभियान के तहत दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया हैं। यह कार्रवाई हसपुरा थाना की पुलिस द्वारा की गई हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के मुश्किमाबाद निवासी मुन्ना खां एवं अहियापुर निवासी पिंटू यादव के रूप में की गई हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया हैं। ये दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे जबकि पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। इसी क्रम में आज पकड़े गए। आवश्यक कार्यवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ समस्तीपुर सिटी ने दी रोटेरियन डॉ आरके मिश्रा को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** मेडिकाना हॉस्पिटल के संस्थापक शहर के जाने-माने युवा समाजसेवी चिकित्सक रोटेरियन डॉ राजीव मिश्रा के अकस्मात असमय निधन पर जिले भर में शोक सभा का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ समस्तीपुर सिटी के सदस्यों ने प्रेसिडेंट डॉ सीबी सिंह की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर डॉ मिश्रा को अश्रूपूरित श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सर्वप्रथम दो मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की चिर शान्ति के ईश्वर से प्रार्थना की गयी। तदुपरान्त उनके चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ सिंह ने कहा कि यकीन करने की कोशिश में असहज हो जाता हूं कि हमने एक हरदिल अजीज, मरीजों व समाज के प्रति बेहद संवेदनशील, खुशमिजाज, उत्साही और सरल व्यक्तित्व के धनी चिकित्सक व सक्रिय रोटेरियन को खो दिया है। बताते चलें कि विगत सोमवार को हर दिल अजीज शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव मिश्रा का हृदय गति रुक जाने से अचानक निधन हो गया था। इस खबर ने सब को हतप्रभ कर दिया। इस दौरान डॉ अमृता ने कहा कि अपने पिता स्मृतिशेष डॉ आरपी मिश्रा के नक्शेकदम पर चल कर उनकी विरासत को उन्होंने बाखूबी संभाला था। अपने पिता के आदर्श पुत्र के रूप में पिता की तरह ही व्यवहार कुशल थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सकीय जिम्मेदारियों के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रियता अप्रतिम थी।


**जल संसाधन विभाग**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**सोन बराज प्रमण्डल, इन्द्रपुरी, (रोहतास)**

**राष्ट्रीय स्पर्द्धा निविदा आमंत्रण**

**(केवल ई—टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 295 दिनांक 24.02.2025 एवं पत्रांक 349 दिनांक 03.03.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03SBD/2024—25 जिसका पी0 आर0 नं0 20326 (WRD) 2024—25 है, से संबंधित कार्य की निविदा निम्नरुपेण संशोधित की जाती है ।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण—विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) रू0 | बेलट्रॉन को देय "बीड प्रोसेसिंग फी" (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सोन नदी के दायें किनारे अवस्थित औरंगाबाद जिला अन्तर्गत ओबरा प्रखंड के नवनेर ग्राम में कटाव निरोधक कार्य । (एजेण्डा सं0—220/605/2025) | 165.49680 | 3.30994 | 10,000.00 | 3,540.00 | 15.05.2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | : | कार्यपालक अभियंता, सोन बराज प्रमण्डल, इन्द्रपुरी, (रोहतास) |
| 3 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | : | दिनांक — 24.02.2025 |
| 4 | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि | : | दिनांक 07.03.2025 के 10.00 बजे पूर्वाहन से 13.03.2025 के 03.00 बजे अपराहन तक (केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 5 | प्री—बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि | : | दिनांक 10.03.2025 को 02.30 बजे अपराहन में मुख्य अभियंता सिचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, डिहरी कार्यालय। |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 13.03.2025 के अपराह्न 03.30 बजे (केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)। |
| 7 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय | : | सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | : | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 9 | निविदा की वैद्यता अवधि | : | 120 दिन। |
| 10 | विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु | : | वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in /www.wrd.bih.nic.in / www:state.bihar.nic.in पर देखा जा सकता है। |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**

सोन बराज प्रमंडल, इन्द्रपुरी

**PR. No. 21265 (WRD) 2024-25**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना की पुलिस ने रविवार की रात्रि चार नंबर फॉल के समीप से देसी व विदेशी शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी चितरंजन कुमार शर्मा, सड़सा गांव निवासी विकास कुमार, कामा बिगहा गांव निवासी राहुल चौधरी और उसके पिता रामजी चौधरी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि तस्कर लूना और बाइक पर शराब लादकर उक्त रास्ते से गुजर रहे थे। इसी क्रम में पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से 82 बोतल टनाका देसी शराब तथा 39 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने थाना मुख्यालय के हमीद नगर मोड़ से 40 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में एक बाइक भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के घाटो गांव निवासी प्रिंस कुमार व सचिन कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में

# मवेशी से लदा वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने गश्ती के दौरान लभरी पुल के पास से एक वाहन पर लदा पांच पशुओं को जब्त किया। मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज निवासी चालक सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान फीता विगहा के पास पिकअप वाहन संख्या बीआर 26जीबी 7426 पर पशु तस्कर पशुओं को अवैध रूप से भर कर ले जा रहे थे। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पीछा किया गया और लभरी गांव पुल के पास धरदबोचा गया। पिकअप पर दो भूरा रंग का गाय, दो उजला रंग का गाय एक उजाला रंग का बाछी कुल पांच पशु



बरामद हुआ। ड्राइवर से इसकी कागजात की मांग की गई तो कुछ भी उत्तर नहीं दिया। जिसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया और पशुओं को चवन गौशाला देवकुंड भेज दिया गया। पिकअप वाहन के स्वामी गिरफ्तार चालक को आरोपित बनाते हुए सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया गया।

# रामविजय महतो की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** ग्राम औरवा में स्व. रामविजय महतो की स्मृति में आयोजित पूर्व-प्रायोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गईं और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन औरंगाबाद के सिविल सर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि डॉ. कुमार वीरेंद्र प्रसाद (सेवानिवृत्त सिविल सर्जन, औरंगाबाद), डॉ. किशोर कुमार (अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, औरंगाबाद), डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह (जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, औरंगाबाद), मो. अनवर आलम (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), कुमार आनंद प्रकाश (क्एख्र, औरंगाबाद), डॉ. निर्मल कुमार सिंह (डेहरी) और कुमार हर्षवर्धन (मलेरिया विभाग, औरंगाबाद) सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अतिथियों को माला, गमछा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन आयोजक विकास कुमार सिंह ने किया। 20 विभिन्न रोगों के लिए विशेष चिकित्सा काउंटर बनाए गए। 158 लोगों की आंखों की जांच हुई। 200 लोगों का शुगर टेस्ट किया गया। 521 अन्य मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रसिद्ध आंख अस्पताल डॉर्ड, दाउदनगर की टीम ने मैनेजर मनोज कुमार के नेतृत्व में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा बस्टल फार्मास्युटिकल्स के निदेशक विभूति अनुराग द्वारा दवाओं की निःशुल्क व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर शिक्षक कृतिराज, प्रफुल्ल कांत निराला, अस्पताल प्रबंधक अक्षय कुमार, पंकज कुमार, अनुराग रंजन, आशुतोष मिश्रा समेत कई समाजसेवियों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। आयोजनकर्ता विकास कुमार सिंह ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर 2018 से हर वर्ष उनके दादाजी की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों के अनुरोध पर अस्पताल को 24x7 संचालित करने और अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

डॉ. जयदेव प्रसाद (गया), डॉ. एस. नारायण, डॉ. शशि कुमार, डॉ. यदुनंदन शर्मा, लेखापाल राजेश कुमार (रफीगंज अस्पताल), सुभाष कुमार (उख्रए), डीईओ सुनील कुमार वर्मा, मो. अजहर अली, कृष्णा कुमार, रंजीत कुमार सहित कई अन्य चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने शिविर में सेवाएं प्रदान की।


**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/6006600; दिनांक: 05.03.2025.** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम और एफआरटी), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के समीप, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती हैं: **मद श्रेणी:** बर्द्धमान स्टेशन का 2 वर्ष अर्थात 730 दिनों की अवधि के लिए परिणाम आधारित मशीनीकृत सफाई कार्य के लिए कस्टम बोली; **समान श्रेणी:** सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन कार्य-परिणाम आधारित; **अनुमानित बोली मूल्य (रु.):** 2,00,09,892.98; **ईएमडी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि (रु.):** 2,50,050.00; **अर्बिट्रेशन खंड:** नहीं; **मध्यस्थता खंड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव की वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 (दिन); **बोली की समाप्ति तिथि/समय:** 21.03.2025, 14.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 21.03.2025 14.30 बजे। **कार्यालय का नाम:** हावड़ा मंडल; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 101 लाख; **समान/समरूप कार्य के लिए पिछले अनुभव की आवश्यक अवधि :** 3 वर्ष; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाण पत्र (एटीसी में अनुरोधित) "यदि कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता प्रमाणित करने के लिए सहायक दस्तावेज क्रेता द्वारा मूल्यांकन करने के लिए अवश्य अपलोड किए जाना चाहिए; **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?**: हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार:** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन विधि:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीना):** 30

(HWH-658/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: जीईएम/2025/बी/6007280; दिनांक: 06.03.2025,** मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बोगी विनिर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे,बज बज , 88/1, अधर दास रोड, पोस्ट ऑफिस + पुलिस स्टेशन - बज बज, कोलकाता -700137 , द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **मद श्रेणी:** पूर्व-स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - मिगाट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 27 एमआईजीएमएजी वेल्डिंग संयंत्र का कुल 03 वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध; **मिग मैग वेल्डिंग प्लांट:** कॉम्प्रिह: **अनुमानित बोली मूल्य ( रु) :** 30,69,029.00: **ईएमडी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक, **ईएमडी राशि (रु):** 61,380.00; **मध्यस्थता खंड: नहीं;** अनुबंध अवधि: 3 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 120 (दिन): **बोली समाप्ति तिथि/समय:** 25.03.2025, अपराह्न 15.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 25.03.2025 अपराह्न 15.30 बजे; **कार्यालय का नाम:** कैरिज और वैगन वर्कशॉप लिलुआ; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 16 लाख; **समान/समरूप सेवा के लिए आवश्यक पिछले अनुभव के वर्ष:** 1 वर्ष; **समान सेवाओं का पिछला अनुभव आवश्यक:** हाँ; **अनुभव के वर्षों और कारोबार के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव के वर्षों और कारोबार के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज**: अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोधित) "यदि कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए अपनी पात्रता साबित करने के लिए सहायक दस्तावेजों को क्रेता द्वारा मूल्यांकन के लिए अपलोड किया जाना चाहिए। **क्या आप बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज दिखाना चाहते हैं?** : नहीं; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार:** एकल पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन विधि:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीना):** 38

(MISC-372/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


C M Y K

# पैसे के अभाव में विकास कार्य को नहीं होने दिया जायेगा प्रभावित : मंत्री




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** डिविजनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दरभंगा में बिहार सरकार के मंत्रियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार तथा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने अपनी उपस्थिति थे। समारोह में चैंबर के अध्यक्ष पवन सुरेका ने सभी उपस्थित मंत्रियों का संस्था की ओर से स्वागत करते हुए बतलाया कि इन मिथिला पुत्रों का स्वागत करते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है और हमारे मन का यह विश्वास अब दृढ़ हो गया है कि हमारे इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा और इस क्षेत्र की पहचान और रूप रेखा बदल जाएगी। अतिथियों का पुष्पमाला एवं बुके तथा अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मंत्री संजय सरावगी ने बतलाया कि आपलोगों की शुभ कामनाओं के कारण ही आज मुझे बिहार सरकार में यह जिम्मेदारी मिली है और मैं अपनी पूरी सामर्थय से इसे निभाऊंगा, मेरे विभाग में एक भी गलत काम नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बतलाया कि अभी एक लंबी राशि से दरभंगा में कई प्रकार के विकास कार्य हो रहे हैं। सभी कार्यों पर मेरी पैनी नजर है। सभी कार्य तीव्र गति से हों इसके लिए मैं तत्पर रहूंगा।उ न्होंने शहर की ट्रैफिक समस्या का भी जिक्र किया और इस हेतु बनाए जा रहे सभी छह फ्लाई ओवर की प्रगति से भी लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने यह भी बताया कि इसी ट्रैफिक की समस्या से निजात पाने के लिया दरभंगा से लहेरियासराय के बीच एलिवेटेड रोड स्वीकृत की गई है और इसके लिए राशि का आवंटन भी हो चुका है। विकास के किसी भी काम को पैसे के अभाव में रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बतलाया कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं और अपनी प्रगति यात्रा के दौरान उन्होंने काफी योजनाओं की घोषणा की है। मंत्री जीवेश कुमार ने भी अपने संबोधन में इस क्षेत्र में चल रही विकास की कई योजनाओं का जिक्र किया और विकास के प्रति अपने संकल्प की घोषणा की। फल व्यापारियों की मांग पर उंन्होने कहा की दरभंगा टावर के पास अवस्थित फल मंडी को कैदरबाद स्थित पुराने बस स्टैंड में हस्तान्तरित किया जायेगा। मंत्री हरि सहनी ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की आज उन्हें धन पुत्रों और लक्ष्मी पुत्रों के बीच आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने राष्ट्र विकास में व्यवसाय एवं उद्योग जगत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी जिक्र किया तथा क्षेत्र के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया। सभा को विनोद साह, कृष्ण देव साह, पवन कुमार बागड़ियां, कैलाश बैरोलिया, श्याम पंसारी, अभिषेक चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। संस्था के प्रधान सचिव सुशील कुमार जैन ने सभा में अमर पत्र प्रस्तुत किया और कोषाध्यक्ष मुकेश खेतान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के रवि शंकर, एस एम माइकल, अरुण शर्मा, सुनील सिंह, ललित खेतान, मनमोहन सरावगी, प्रदीप चौधरी, मनोज बैरोलिया, संतोष साह उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाभ मिले हर बच्चे को : डीएम

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्योहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**एकमा (सारण)।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से एकमा थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने की। बैठक में एकमा बीडीओ डॉ. अरुण कुमार विशेष रूप से शामिल रहे। पुलिस निरीक्षक उदय कुमार ने सभी से अपील किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी भाईचारे को मजबूत करें। बीडीओ डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि त्योहारों का असली आनंद तभी है जब हम सभी मिलजुलकर उन्हें मनाएं और समाज में शांति एवं सद्भाव का वातावरण बनाए रखें।

बैठक में पूर्व मुखिया सुरेश राय, व्यापार मंडल अध्यक्ष बच्चा सिंह, योगेंद्र शर्मा, परमहंस पांडेय, ललन पांडेय, बलिराम ठाकुर, नरेंद्र प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, निशार अहमद, सत्येंद्र प्रसाद, अख्तर अंसारी आदि अन्य त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर होली को मिलजुलकर शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उपस्थित सदस्यों ने अपने हस्ताक्षर सहित सहमति पत्र भी प्रस्तुत किया, जिसमें शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया गया। बैठक में शामिल पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और पुलिस एवं प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर एकमा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में सभी ने मिलकर होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

## राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री का न्यास समिति ने किया अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** मां श्यामा मन्दिर न्यास समिति द्वारा श्यामा मन्दिर परिसर में न्यास समिति के संरक्षक सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर न्यास समिति के अध्यक्ष सह पूर्व कुलपति प्रो. एस. एम. झा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे न्यास समिति के संरक्षक को अब बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। साथ ही उन्होंने मंत्री के स्वर्णिम कार्यकाल की कामना की। माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो. जयशंकर झा ने श्यामा महोत्सव को राजकीय किए जाने की मांग की। साथ ही राजकीय अहिल्या-गौतम महोत्सव विधिवत होने में मंत्री द्वारा किए गए पूर्व के सहयोग के संस्मरणों को साझा किया। नवाह संचालन समिति के वरीय सदस्य सुनील शर्मा ने कहा कि लगातार पांच बार से विद्यायक पद को सुशोभित कर चुके लोकप्रिय संजय सरावगी के मंत्री बनने के हमलोग इंतजार में ही थे।न्यास समिति के संरक्षक के नाते अभिनंदन से अभिभूत होकर मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि कैबिनेट में जगह देकर मुख्यमंत्री ने मिथिला के लोगों को सम्मान दिया है। साथ ही उन्होंने अपने विभाग में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का सिद्धांत अपनाने सहित आमजन की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु एक नए मेकेनिज्म जल्द लाने पर बल दिया। जयंत कुमार झा, आदित्य कुमार झा के वैदिक मंगलाचरण से शुरू हुए कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष प्रो. जयशंकर झा ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन न्यास समिति के प्रभारी कोषाध्यक्ष सह सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने किया। मौके पर प्रभारी सह सचिव द्य मधुबाला सिन्हा, न्यासी डॉ.संतोष पासवान,वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा सहित नवाह संचालन समिति से जुड़े सिद्धू मल, डॉ. रमेश झा, जितेंद्र सिंह, डॉ. अंजू अग्रवाल, बिनोदानंद झा, राकेश झा, जयप्रकाश झा, उज्ज्वल कुमार आदि मौजूद थे। विदित हो कि अभिनंदन समारोह में न्यास समिति की ओर से समेकित रूप से माँ के आशीर्वाद स्वरूप माँ की चुनरी, पाग, अंगवस्त्र, मिथिला पेंटिंग सहित मां श्यामा की तैल चित्र से अभिनंदित किया गया।

## रिफाइनरी में वेंडर विकास कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी के सामग्री एवं संविदा विभाग ने टाउनशिप में विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य एससी-एसटी, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों के विकास को प्रोत्साहित करना था। यह कार्यक्रम एनएसआईसी-राष्ट्रीय एससी-एसटी हब, बोधगया, डीआईसीसीआई बिहार चौप्टर एवं भारतीय उद्यमी संघ के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं एवं एचएसई) हंसराज गणवीर, महाप्रबंधक (सामग्री एवं संविदा) रामिंदरजीत सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) देबाशीष दास, महाप्रबंधक (सतर्कता) एन. राजेश, उप मघप्रबंधक (सामाग्री) निशांत कुमार, मुख्य प्रबन्धक प्रभारी (संविदा) बबन कुमार तथा उनकी टीम की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर श्री प्रकाश ने अपने संबोधन में विक्रेताओं को नियमित रूप से अपडेट रहने, जीइएम पर पंजीकरण करने और अनुबंध निष्पादन में सुरक्षा, गुणवत्ता और समय-सीमा का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने बरौनी रिफाइनरी सामग्री एवं संविदा विभाग विभाग की सराहना करते हुए एससी-एसटी, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों से खरीद लक्ष्यों की प्राप्ति पर संतोष व्यक्त किया। हंसराज गणवीर ने प्रतिभागियों को टेंडर दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक पढ़ने की सलाह दी ताकि वे प्रतिस्पर्धी और सूचित निविदा प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम में 188 एससी-एसटी एवं महिला प्रतिभागियों (इनमें 27 महिलाएँ) सहित कुल 228 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिफाइनरी प्रमुख ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के योगदान और उत्साह की सराहना की गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डा. नवजोत सिमी, आईपीएस, कमांडेंट बीएसएपी-8, बीएसएपी-19, बेगूसराय द्वारा योग ध्यान केंद्र के सामने वृक्षारोपण से किया गया। मुख्य अतिथि आईपीएस, डा. नवजोत सिमी ने अपने संबोधन में बच्चों की परवरिश में लिंग समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बचपन से ही लड़के और लड़कियों के बीच समानता की भावना विकसित करना आवश्यक है। जिससे समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त किया जा सके। इसके अलावा, डा. सिमी ने महिलाओं को चुनौतियों का सामना करने और नए अवसरों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। जिससे वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग कर सकें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। अपने सम्बोधन में श्री प्रकाश ने रिफाइनरी में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर गर्व व्यक्त किया। हाल ही में महिला कर्मचारीयों का फैक्ट्री परिसर में दो शिफ्ट (सुबह और शाम) में कार्य करने के लिए मिली अनुमति को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। जो कि न केवल एक पहल है, बल्कि एक गेम-चेंजर भी है। जो महिला इंजीनियरों के लिए नए दरवाजे खोलता है। उन्होंने सीआईएसएफ की महिला कर्मचारियों के समर्पण की सराहना कि और सभी को अपनाने और कार्यस्थल को और अधिक समावेशी, प्रगतिशील और सशक्त बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बेगुसराय स्थित टायक्वोंडो मे नेशनल स्तर पर उपलब्धि पाने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) जी.आर.के. मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस. के. सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) ए पी सिंह सहित महाप्रबंधकगण, सी ई सी आईओओए पियूष राय, कार्यकारी अध्यक्ष बीटीएमयू रजनीश रंजन, मीनाक्षी ठाकुर, डब्ल्यूआईपीएस समन्वयक, बरौनी रिफाइनरी एवं सीआईएसएफ-बरौनी इकाई की महिला कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थीं।

## एक नजर

### विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेनीपुर (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव से एसडीपीओ आशुतोष कुमार के नेतृत्व में एएलटीएफ की टीम छापामारी कर एक पिकअप पर लदी भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्मीपुर में छापामारी कर राजस्थान के जालौर जिला सरवाना थाना क्षेत्र के सुराचाड निवासी बाबूलाल के पुत्र सोहन लाल को एक मिनी ट्रक पर लदा 85 पेटी में 763.920 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ एवं अनुसंधान के क्रम में अन्य लोगों के नाम सामने आया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एएलटीएफ टीम के पुलिस अधिकारी क्षितिज रंजन कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### मारपीट में जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के नावकोठी वार्ड संख्या 2 में मामूली विवाद में हुई मारपीट में एक महिला जख्मी हो गई। इसका इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। जख्मी पुनीत दास की पत्नी पारो देवी है। उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गाँव के ही सोनू कुमार, संजू देवी, राम बालक सिंह के पुत्र सोनू कुमार पर गाली गलौज करने, मारपीट करने, कान का बाली छीनने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठी हुई थी। अरूण दास का पुत्र सोनू कुमार साइकिल शरीर पर साइकिल धकेल दिया। इस पर मै उसे डाटी तो उपरोक्त सभी मिलकर गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर मारपीट किया जिससे मै अर्द्ध नग्न होकर जख्मी होकर गिर गई।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत पहसारा से एक एलबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी पहसारा का नरेश सिंह है। वह थाना कांड संख्या 128৳15 के तहत हत्या के प्रयास का प्राथमिकी नामजद था। लंबी अवधि से वह न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहा था। न्यायालय ने उसके गिरफ्तारी हेतु वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त अपर थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, एस आई कुंदन रजक, विश्वजीत कुमार, उमाशंकर झा, रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गर्भवतियों का स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया।इसमें डा हिमांशु ने 78 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच की गयी। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। उन्होंने गर्भवती महिला को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। मौके पर डॉ हिमांशु बी सीएम उषा कुमारी, लैबटेक्नीशियन पंकज कुमार जोशी, काउंसर राजकुमार सिंहा, एएनएम विभा कुमारी, रीणा, शालिनी, प्रभा, दीपा सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता,लाभुक आदि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना परिसर में शुक्रवार को होली व रमजान पर्व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बरौनी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर ने की। इस मौके पर मौजूद बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार ने होली व ईद का पर्व को शांति व सद्भाव और आपसी भाईचारे के बीच मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्र से बाहर सुरक्षित तरीके से खुले मैदान में होलिका दहन करें। किसी भी सूरत में डीजे एवं अश्लील गीत बजाने, नशीला चीज बेचने व सेवन कर हुड़दंग करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। बरौनी थानाध्यक्ष ने उपस्थित ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की। वहीं इस मौके पर बरौनी अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### रोजगार मेला का होगा आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला के भगवानपुर प्रखंड ने जीविका द्वारा मंगलवार को प्रखंड परिसर स्थित मैदान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नौकरी की तलाश करने वालों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने और विभिन्न नौकरी के अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा किया जाएगा।

## मिलजुल कर मनाएं जुमा और होली का त्योहार : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बलिया।** प्रखंड कार्यालय के प्रखंड सभागार में सोमवार को होली पर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक बुलाई गई।

बलिया अनुमंडल पदाधिकारी एसडीओ रोहित कुमार बैठा की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीओ ने कहा कि होली के अवसर पर अनुमंडलस्तरीय बैठक पहली बार बुलाई गई है। चूंकि इस बार होली रमजान के महीना में है। और विशेष रूप से होली का दिन जुम्मा का दिन है। जिसे देखते हुए बैठक बुलाने अति महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा की पर्व त्योहार में आधी परेशानी वहीं खत्म हो जाती है जहां

**डीजे पर रहेगा प्रतिबंध**

डीजे पूर्णत प्रतिबंध हो जाए और नशा पर भी पूरी तरह से पाबंदी लग जाए। बैठक में उन्होंने कई बार नगर शांति सद्भावना समिति के कामकाज की भरपूर सराहना की और आगे भी सहयोग करते रहने की अपेक्षा की है। एसडीओ रोहित कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। विशेष रूप से रात्रि की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्ती तेज कर दी जाएगी। होलिका दहन 13 मार्च की रात्रि में होगा। होली 14 एवं 15 दोनों दिन होने की बात बैठक में बताई गई है। बैठक में डीसीएलआर तारकेश्वर प्रसाद साह, बलिया वीडियो सनी कुमार, सीओ रवि कुमार, बलिया थाना के सहायक थानाध्यक्ष गौतम कुमार, डंडारी साहेबपुर कमाल वीडियो सी ओ, प्रमुख बलिया ममता देवी ,नगर परिषद अध्यक्ष मोहम्मद जमालुद्दीन, उप प्रमुख सच्चिदानंद पासवान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंपा देवी, शांति सद्भावना समिति अध्यक्ष बृज किशोर मेहता, पूर्व उपमुख पार्षद मोहम्मद जावेद अख्तर, बलिया व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, जदयू अध्यक्ष आनंदी महतो, मृत्युंजय कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य शिवाजी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता फरोग उर रहमान, राकेश रोशन मुन्ना, सनोज पासवान, मनोज दास, मोहम्मद सरफराज, मिथिलेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## न्याय के साथ विकास, सबका साथ, सबका विकास करने वाले हैं सीएम नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शहीद नीरज स्मृति सभागार में जनता दल यूनाइटेड बरौनी के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता व संचालन जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष बरौनी शंभू कुमार सिंह ने किया। बैठक में बेगूसराय जिला प्रभारी प्रो. डा. रामप्रवेश पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष दरभंगा सह तेघड़ा विधानसभा प्रभारी सुनील भारती, समस्तीपुर जिला प्रभारी सह पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, अलौली विधानसभा प्रभारी सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष नंदलाल राय, महासचिव अरूण कुमार गांधी, रामनरेश सिंह, बीहट नगर अध्यक्ष विक्रम कुमार मंचासीन थे। जिला प्रभारी ने कहा कि बिहार को देश ही नहीं अपितु विश्व के फलक पर लाने वाले विकास पुरुष मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विश्व स्तर पर सुशासन बाबू कहा जाता है।

## बिहार राज्य सब जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारम्भ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** तीन दिवसीय 22 वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप का उद्घाटन बिहार राज्य कबड्डी संघ के सचिव कुमार विजय एवं दरभंगा जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नाजिया हसन उप महापौर दरभंगा के द्वारा किया गया।

बिहार राज्य के विभिन्न जिले से आए हुए सभी टीम का स्वागत समारोह पूर्वक किया गया एवं किड्स हेवन स्कूल दरभंगा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। जिसमें कबड्डी दरभंगा केअध्यक्ष संजय कुमार सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के खेल में और निखार आएगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने जल्द एक और टूर्नामेंट ग्रामीण स्तर पर कराने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि नाजिया हसन विभिन्न जिले से आए हुए खिलाड़ी को धन्यवाद देते हुए खेल के शुभारंभ की घोषणा की। वही मौक़े पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी दरभंगा परिमल, ब्रजेश सिंह सचिव वालीबॉल, अमरनाथ लाइनस क्लब दरभंगा, रवींद्र कुमार सिंह संयुक्त सचिव बिहार हैंडबॉल, आयोजन सचिव सह राष्ट्रीय खिलाड़ी अमित कुमार चौधरी एवं बबलू सहनी जिला परिषद् सदस्य उपस्थित थे। आयोजन समिति अध्यक्ष अमन कुमार किड्स हेवन सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर जिनके सहयोग से ये आयोजन किया गया उपस्थित रहे।

उद्घाटन मैच दरभंगा बनाम गया के बीच खेला गया जिसमें दरभंगा ने गया को 36-34 से पराजित किया। दूसरा मैच पटना बनाम मधुबनी के बीच खेला जिसमें पटना ने मधुबनी को 36-13 के बड़ी अंतराल से हराकर प्री क्वार्टर की ओर कदम बढ़ाया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु राज्य ऑफिशियल के रूप में जयशंकर चौधरी एवं अरुण कुमार अपनी माहिती भूमिका निभा रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बिहार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन होगा जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल के मंच पर बिहार को गौरव प्रदान करेंगे।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
**(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)**
**पुर्नः—ई—निविदा आमंत्रण सूचना संख्या —28/औरंगाबाद/2024—25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :—कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :—दिनांक 07.03.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की ) तिथि एवं समय :—दिनांक 24.03.2025 से 16.04.2025 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :— दिनांक 24.03.2025 से 16.04.2025 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय(तकनीकी बीड) दिनांक—17.04.2025 को 3:00 बजे अप0 तक (OnWebsite www.eproc2.bihar.gov.in)
7 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :—तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :—(i) दिनांक18.03.2025को अपराहन 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक—17.03.2025 को अपराहन 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :—(i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। (iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निमार्ण विभाग पटना का कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :—120 दिन
11. कार्य विवरणीः—

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय कल्याण बालक छात्रावास, औरंगाबाद प्रखंड सदर (विद्युतीकरण, अग्निशमन कार्य एवं 05 वर्षीय अनुरक्षण एवं मरम्मति सहित ) | 490.62 लाख | 981500.00 | 10,000.00 | As per website | 09 माह |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 21362 (BCD) 2024-25

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग गांव से अपहृत तीन लड़कियां बरामद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से अपहृत तीन लड़कियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। हालांकि अपहरणकर्ता अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से शादी की नीयत से तीन नाबालिक लड़कियों का अपहरण करने को लेकर उनके परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि तीनों लड़कियों को बरामद कर लिया गया है। अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद तीनो लड़कियों को ब्यान के लिए न्यायालय में भेजा गया है। ब्यान के उपरांत न्यायालय के आदेशानुसार अग्रेतर करवाई की जाएगी।

### भूमि विवाद में मारपीट, दो घायल, एफआईआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के धुमनगर में भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई है। घटना में दोनों पक्षों के तरफ से दो लोग घायल हो गए हैं।परिजनों ने बताया कि जख्मी साहेबाज गोरखपुर में इलाजरत है। मामले में दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज कराई है। एक पक्ष के साकिर हुसैन ने शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही मुन्ना आलम, परवेज आलम, साहेब आलम समेत अन्य को आरोपित किया है। आरोप है कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। उक्त लोग लाठी डंडे लेकर आये और मारपीट करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष के परवेज आलम ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें साकिर हुसैन, साहील हुसैन, समीर हुसैन, सज्जाद हुसैन को आरोपित किया है। आरोप है कि उक्त सभी लोग लाठी डंडे से लैस होकर आएं और मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली प्रेम व भाईचारे का पर्व है।इसको आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए।होली में हुडदंग करने वाले के खिलाफ पुलिस कड़ी नजर रखेगी।ऐसे तत्वो को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।उक्त बातें सोमवार को मझौलिया थाना परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने कही। उन्होंने जन प्रतिनिधियों से शांतिपूर्ण और बिना डर भय के होली पर्व मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि अश्लील गाना और डीजे बजाने पर जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है।अगर कहीं से भी डीजे बजाने या अश्लील गाना बजाने की सूचना मिलती है तो डीजे जब्त कर डीजे मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मौके पर अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार,अंचलाधिकारी राजीव रंजन,भानु प्रकाश,अनंत कुमार सरपंच रियाजुद्दीन अंसारी,शेख मुस्ताक शिवजी राम,मुखिया सत्यप्रकाश मुखिया प्रतिनिधि मोहन गुप्ता हरिशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता की हत्या कर शव जलाया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर तुतुहिया गांव में एक विवाहिता की हत्या कर शव जला देने की घटना घटी है।मृत विवाहिता की पहचान रामपुर तुतुहिया निवासी सनोज बिन की पत्नी बिंदु देवी के रूप में हुई है। मामले में मृतिका के पिता लौकरिया थाना के रामपुर सुभाषनगर निवासी अंबिका बिन ने हत्या कर शव जला देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें पति सनोज बीन, ससुर शिवबच्च बीन, देवर बागड़ बीन, अजय बीन समेत छह लोगों को आरोपित किया है।आरोप है कि उसने अपनी बेटी की शादी 7 वर्ष पूर्व की थी। उसके तीन बच्चे भी है।उसने बताया है कि दहेज में रुपए की मांग को लेकर उसकी बेटी को हमेशा प्रताड़ित किया जाता था।रविवार को उसे ग्रामीणों ने सूचना दी कि उसकी बेटी को जहर देकर मार दिया गया है और शव को भी जला दिया गया है। जब वह बेटी के ससुराल पहुँचा तो ससुराल वाले घर छोड़कर फरार मिले।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर मृतका के ससुराल वालों की धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।उन्होंने बताया कि मृत विवाहिता का कोई सुराग नहीं मिल सका है। ग्रामीण भी शव जला देने की बात बता रहे है। घटना के हर पहलू की जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**गुठन/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड प्रमुख विंध्यवासिनी नारायण सिंह की उपस्थिति में बीडीओ डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक थाना परिसर में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व और रमजान महीने के जुम्मे की नमाज पर विशेष चर्चा किया गया। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं से अनुरोध किया कि सामंजस्य बैठाकर पर्व मनायें। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने कहा अश्लील और अश्लीलता बिल्कुल बर्दास्त नही की जायेगी और डीजे पर दो अर्थी अश्लील गीत बजा तो सीधे जेल भेजने की करवाई की जायेगी क्योंकि डीजे और अश्लीलता दोनों वर्जित है। बैठक में पूर्व प्रमुख कामोद प्रसाद नारायण सिंह,मुखिया लल्लन राय,श्रीनिवास गुप्ता,नमिलाल पासवान,अमित चौबे,बीडीसी रविन्द्र पासवान,मुन्ना कुशवाहा, नीतीश कुशवाहा,दिलीप गुप्ता,ध्रुप चौधरी,निर्भय शुक्ला,अरविंद यादव,मुंशी हाशमी,विनोद कुमार,शेषनाथ सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली कि अग्रिम शुभकामनाये दी

## घर-घर पहुंच खराब पड़े सरकारी चापाकल की मरम्मती करेंगे मिस्त्री : जिला पदाधिकारी

### समाहरणालय परिसर से नौ चापाकल मरम्मती वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला पदाधिकारी ने किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/विवेक राही**



**सिवान।** आगामी गर्मी को देखते हुए सरकार के निर्देश के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग चापाकल मरम्मति कार्य को तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। इसको कार्य रूप देने के लिए सोमवार को जिला पदाधिकारी, सीवान के द्वारा समाहरणालय परिसर से 09 चापाकल मरम्मति वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता ई. सुभाष चन्द्र सिन्हा ने बताया की मरम्मति वाहन सभी 19 प्रखण्डों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक भ्रमण कर मरम्मति का कार्य करेगी।

**खराब चापाकलों की मरम्मति हेतु जारी हुआ नियंत्रण कक्ष का नंबर**

वही श्री सिन्हा ने बताया कि जिले में 40235 अदद सरकारी चापाकलों का लाभ आमजनों को मिल रहा है। इसमें खराब चापाकलों की मरम्मति हेतु प्रमण्डलीय कार्यालय में अधिष्ठापित प्रमण्डलीय नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर- 06154-242075 एवं अवर प्रमण्डल के विभागीय फोन नम्बर- 8544428678, 8544428680 पर कॉल कर पहले सूचना देनी होगी। कार्यालय में सूचना प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित प्रखण्डों के कनीय अभियंताओं को सूचना प्रदान की जायेगी, जहाँ से वे चापाकल मरम्मति दल को भेज कर उसमे तैनात मरम्मति दल से मरम्मति कार्य करायेंगे। चापाकलों की साधारण मरम्मति जिसमें वॉकिंग बदलना, वाल्भ बदलना, हैंडील बदलना आदि शामिल है, को निःशुल्क किया जायेगा। वहीं कार्यपालक अभियंता ने बताया की आमजन सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक प्रमण्डलीय नियंत्रण कक्ष में अपनी समस्या लोकेशन सहित नोट करा सकेंगे, जिसके बाद विभाग मरम्मति की कार्रवाई करेगी। मौके पर लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल सीवान के कार्यपालक अभियंता श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा, सहायक अभियंता, श्री अनन्त कुमार गुप्ता एवं श्री सुधांशु शेखर चौबे, सभी कनीय अभियंता तथा सभी प्रमण्डलीय कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## भूमि विवादों का निपटारा तत्परता से करें : जिला पदाधिकारी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री नीतीश कुमार के दूरगामी सोच के तहत भूमि विवादों का निपटारा स-समय करने हेतु प्रत्येक शनिवार को अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से कैंप का आयोजन सिवान जिले में किया जा रहा है। जिसको लेकर सोमवार को जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में भूमि विवाद से संबंधित अंचलाधिकारी गण एवं थाना प्रभारी गण के द्वारा कृत कार्रवाइयों के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी अंचलों में अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से भूमि विवाद निपटारा कैंप लगाकर भूमि विवादों का निपटारा करते रहने का सख्त निर्देश दिया।



वही भूमि विवाद निपटारा कैंप में कृत कार्रवाई को भू- समाधान पोर्टल पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार भूमि विवाद के निपटारा हेतु काफी गंभीर है और इस संबंध में सरकार के स्तर से भू- समाधान पोर्टल पर दर्ज मामलों की लगातार समीक्षा की जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सिवान ने बताया कि भूमि विवादों का निपटारा स-समय हो जाने से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं होती है। आपस में भाईचारा बना रहता है तथा इससे आमजनों का प्रशासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत होता है।

## वीआईपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल्मीकि नगर में सोमवार को विकासशील इंसान पार्टी विआईपी का दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई। इस बैठक का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक की शुरूआत में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा संगठन धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है और मजबूत हो रहा है। लेकिन इस साल हम सभी के लिए अग्निपरीक्षा है। आने वाले विधानसभा चुनाव सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आने वाला चुनाव बिहार के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीति और प्राथमिकता गरीबों का कल्याण रही है। यह पार्टी गरीबों की आवाज बनने वाली पार्टी है। हमें बाबा साहेब के सपनों को पूरा करना है, जिसमें समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है।

## कृषि विज्ञान केंद्र मधोपुर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विज्ञान केंद्र मधोपुर के परिसर में सोमवार को जिला कृषि विभाग बेतिया के सहयोग से किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी, 2025 का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा किया गया। उपस्थित किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा के निदेशक डॉ. के. के. सिंह, पिपराकोठी के निदेशक डॉ. एस. के. पुरबे, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, जिला पशुपालन अधिकारी तथा जिला कृषि कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं सांसद प्रतिनिधि प्रदीप साराफ ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण राय ने उपस्थित अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के विभिन्न कार्यक्रमों, प्रदर्शित तकनीकों



और उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला कृषि कार्यालय तथा कृषि विज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए प्रेरित करना, उन्नत बीज, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से उनकी आय को दोगुना करना है।इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, फसल प्रबंधन, मृदा जांच, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, बागवानी, पशुपालन, एवं जलवायु अनुकूल कृषि के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त जैव उर्वरक उत्पादन, कृषि यंत्रीकरण, एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर भी जानकारी दी गई।कृषि प्रदर्शनी में विभिन्न कृषि यंत्र, जैव उर्वरक, फसल बीज, कीटनाशक, जैविक उत्पाद, पशु आहार, मशरूम उत्पादन के नमूने, मधुमक्खी पालन के उपकरण, एवं कृषि नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी से अवगत कराना था। जिलाधिकारी, ने अपने कहा कि पश्चिम चंपारण के किसानों के लिए यह मेला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिला कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र, मधोपुर के सतत प्रयासों के कारण आज जिले के किसान कृषि के क्षेत्र में नए-नए नवाचार अपना रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर उन्नत तकनीक अपनाएं और अपनी आय को दोगुना करें। इसके अलावा आईएआरआई पूसा के निदेशक डॉ. के. के. सिंह ने किसानों को जैविक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

एमजीआईएफआरआई मोतिहारी के निदेशक डॉ. एस. के. पुरबे ने मत्स्य पालन, जलाशय प्रबंधन, एवं कृषि विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।कृषि विज्ञान केंद्र, मधोपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों, किसानों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र, मधोपुर सदैव किसानों के हित में कार्य करता रहेगा एवं उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।इस भव्य किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी में लगभग 2340 किसान एवं कृषक महिलाएं शामिल हुए और विभिन्न वैज्ञानिकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन के सफल समापन के उपरांत किसानों को तकनीकी पुस्तकें, वितरित किए गए।कृषि विज्ञान केंद्र, मधोपुर एवं जिला कृषि कार्यालय,बेतिया के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह मेला किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से किसानों को उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता रहेगा।कार्यक्रम में जिला प्रशासन, जिला कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के सभी वैज्ञानिक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 2.75 करोड़ में हुई बेतिया बस स्टैंड की डाक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** न्यू हरिवाटिका बस स्टैंड की बंदोबस्ती पर 2.75 करोड़ की अधिकतम बोली पर की गई। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके लिए सुरक्षित जमा राशि 2,63,62, 476 निर्धारित की गई थी। पुरानी गुदरी के वसीम खान के द्वारा छठे चक्र 2.75 करोड़ की अधिकतम बोली के आधार पर वर्ष 2025-26 के लिए बंदोबस्ती सशक्त स्थायी समिति द्वारा आवंटित की गई। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र में मालवाहक वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली के सैरात बंदोबस्ती की बोली सुरक्षित जमा राशि 1,59,65,910 के विरुद्ध इसकी बंदोबस्ती की अधिकत्तम बोली के आधार पर बथुवड़िया बगहा एक अंचल के जवाहर साह को सातवें चक्र की अधिकतम बोली के आधार 1, 97, 50,000 में की गई। महापौर ने बताया कि इसके अलावा सागर पोखरा बोलेरो स्टैंड, न्यू हरिवाटिका बस स्टैंड कैंटीन के अतिरिक्त नगर निगम के विभिन्न वार्डों में स्थापित 10 शौचालयों के साथ सागर पोखरा एवं उत्तरवारी पोखरा नौकायान, नजर बाग पार्क बंदोबस्ती इत्यादि के लिए 11 और 20 मार्च की तिथि निर्धारित है। महापौर ने कहा कि बाकी सैरातों कि आगामी 11 और 20 मार्च को नगर नगर निगम के सभागार में लगने वाली बंदोबस्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की।

## आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देती है होली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर महावीरपुरम में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.शिशु मंदिर के आचार्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी.अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है. हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए और परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए.सचिव कौशलेंद्र प्रताप ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है. इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए. होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का



भी संदेश देता है. यह त्योहार एकता का संदेश देता है.हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए.इस मौके पर विद्यालय के आचार्यो द्वारा ढोल एवं झाल पर पारंपरिक होली गीतों को गया गया.लोगों ने जमकर फगुआ के गीतों का आनंद लिया.इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश नारायण सिंह,संरक्षक शंभू नाथ प्रसाद,कोषाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश,क्षेत्रीय प्रचार प्रसार संयोजक नवीन सिंह परमार एवं मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित हुए.

## होली पर्व के पूर्व शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सघन छापेमारी करें : जिला पदाधिकारी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी पर्व को लेकर जिले में शराबबंदी को कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सोमबार को समाहरणालय सभागार में एक समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में जिला पदाधिकारी ने आगामी होली पर्व के पूर्व शराबबंदी कानून के जिला में सख्ती से अनुपालन करवाने के लिए सीमावर्ती जिला एवं दिया। इसके अलावा जिला पदाधिकारी ने छापेमारी के दौरान जप्त शराब के विनष्टीकरण को प्राथमिकता देने का सख्त निर्देश के साथ कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सिवान ने चरणबद्ध कार्रवाई हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा अविलंब बनाने का निर्देश दिया। ताकि शराब के खुदरा एवं थोक आवक पर प्रभावी ढंग से रोक



सीमावर्ती राज्य के जिलों के जिला पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी जिला पदाधिकारी ने शराबबंदी कानून के सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है। जिसके लिए सीमावर्ती चेक पोस्टों पर वाहनों की सघन चेकिंग करने के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार सघन छापामारी करने का निर्णय लिया गया। जिला पदाधिकारी ने इस संबंध में सीमावर्ती प्रखंडों के थाना प्रभारी को अपने-अपने प्रखंडों के सीमा से लगने वाले सीमावर्ती जिलों के थाना प्रभारी के साथ बैठक कर छापामारी के संबंध में विस्तार से कार्यक्रम बनाने का निर्देश लगाई जा सके। इसके साथ ही जिला में देसी-विदेशी शराब के बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए वाहनों की सघन चेकिंग करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। चौक चौराहा पर लगातार चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी थाना प्रभारी को शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि वे शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने दायित्वों का मुस्तैदी से निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शराब के अवैध कारोबारियों से संलिप्तता की शिकायत के प्रमाणित होने पर पुलिस बल पर भी एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करने के साथ ही साथ त्वरित गति से कानूनी कार्रवाई करते हुए सजा दिलवाई जाएगी।

## होली में किया हुड़दंग तो सख्ती से निपटेगी पुलिस

### सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रंगों का त्योहार होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था की समीक्षा समेत शांति समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से हर पर्व, त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की परम्परा रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण पर्व, त्योहार सम्पन्न कराने में जिलेवासियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन को आप सभी अपेक्षित सहयोग करें। उम्मीद है होली त्योहार को भी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता देंगे। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि इस वर्ष होली का त्योहार 14 एवं 15 मार्च को मनाये जाने की सूचना है। जबकि 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किये जाने की सूचना है। साथ ही वर्तमान समय में पवित्र रमजान माह चल रहा



है। ऐसे में सभी आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिलान्तर्गत होली त्योहार के अवसर पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है एवं वहां पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिला मुख्यालय एवं सभी अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। नियंत्रण कक्ष में रिजर्व दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बल रखे गये है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी का गठन किया गया है।जिला के सभी अग्निशमन वाहनों को तैयारी की हालत में रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि वैसे तो पर्व में डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसके साथ हीं अश्लील गानों के बजाने पर भी रोक लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि बसो, यात्री टैक्सी या ऑटो में यदि अश्लील गाना बजाया जाता है तो संबंधित लोगो के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि होली के मद्देनजर अफवाह फैलाने वालों, विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांति एवं सदभाव के साथ होली का त्योहार सम्पन्न कराना है। समाज में शांति सदभाव कायम रहे, इसके लिए सभी को सार्थक प्रयास करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सजग एवं सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समाज में अशांति फैलाने वाले असामाजिक, शरारती तत्वों को चिन्हित करें, उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले में अनुमंडलस्तर, प्रखंडस्तर, थानास्तर पर अधिकांशतः जगहों पर शांति समिति की बैठक कर ली गयी है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक अबतक नहीं हुई है, वहां अविलंब शांति समिति की बैठक कराने के निर्देश दिए। डीडीसी सुमित कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सभी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। सभी लोगो के सुझावों पर अमल कराया जाएगा। इस अवसर पर एसपी डा. शौर्य सुमन, एडीएम राजीव कुमार सिंह, एडीएम विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, निगम आयुक्त विनोद कुमार सिंह, बेतिया एसडीएम डॉ विनोद कुमार, एसडीपीओ विवेक दीप, समेत शांति समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समेत अन्य उपस्थित थे।

## अश्लील गाने बजाने पर होंगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मटियरिया थाना परिसर में शुक्रवार को होली पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि होली खुशी व भाईचारे का त्योहार है। होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये ताकि समाज में अच्छा सन्देश जाए। उन्होंने यह भी कहा कि होली में डीजे का प्रयोग ना करें। गाना भी बजाये तो अश्लील व द्विअर्थी गाना न बजाये। अगर इस तरह के गाने बजते है तो कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। मौके पर महुई पंचायत मुखिया शहर चौधरी, मटियरिया मुखिया दिवाकर पटवारी,सरपंच रामचंद्र महतो, नागेश्वर पंजियार, तुलसी महतो,थारू कल्याण महासंघ तपा जम्हौली उपाध्यक्ष भूपेश राय, राजदेव काजी सहित दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे।

## मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज का 2024-25 के पेराई सत्र का समापन

### इस सत्र में 54.68 लाख किवंटल गन्ना की हुई पेराई

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुगर इंडस्ट्रीज ने 118 दिनों के पेराई सत्र के दौरान 54.68 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई कर कीर्तिमान बनाया।रविबार की देर रात शुगर इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख डॉ. जे पी त्रिपाठी, जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार, जीएम स्टोर ए पी सिंह, एजीएम एचआर आर के मिश्रा आदि ने डोंगा और कांटा पर नारियल फोड़कर सत्र का समापन किया। शिवशक्ति धाम मंदिर में माथा टेका।बैताल बाबा की जयकारा से चीनी मिल परिसर गुंजयमान रहा। मौके पर उपस्थित किसानों और चीनी मिल कर्मियों को लड्डू व नारियल खिलाकर मुंह मीठा किया गया।इकाई प्रमुख श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसानों के परस्पर सहयोग के बदौलत इस बार चीनी मिल ने 55 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई की।उन्होंने जीएम यांत्रिकी संतोष कुमार को नन स्टॉपेज पेराई के लिये सराहना की।जीएम प्रोडक्शन श्री दुबे ने कहा कि टीम वर्क की बदौलत सुचारू रूप से गन्ना पेराई और दानेदार चीनी का उत्पादन हुआ। मानव संसाधन विभाग के एजीएम श्री मिश्रा ने कहा कि चालू सत्र के दौरान दुर्घटना शून्य होना बड़ी बात है। समापन समारोह में आईटी हेड प्रभाष पाठक, चीफ केन मैनेजर अखिलेश कुमार सिंह, सीनियर मैनेजर क्वालिटी कंट्रोल रमेश कुमार मिश्र, प्रवन्धक सिक्योरिटी जय शंकर मिश्रा,डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग राजेश कुमार समेत सैकडों किसान सामिल रहे।

## सारण जिला कानू महासभा द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन

### 13 अप्रैल को पटना में कानू समाज की होगी भव्य महारैली

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिला कानू महासभा द्वारा रविवार को स्थानीय डीएन गार्डन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर विद्यार्थी एवं मंच संचालन संतोष कुमार ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बड़े फूल माला का साथ माननीय मंत्री का स्वागत किया गया, इस अवसर पर आगामी 13 अप्रैल को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित कानू समाज की महारैली की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और बड़ी संख्या में शामिल होने को लेकर आमंत्रित भी किया गया, साथ ही शहीद वंशी चाचा सहादत समारोह की समीक्षा भी की गई।

**पंचायती राज मंत्री ने कानू समाज की एकजुटता पर जोर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि कानू समाज एक सशक्त और मेहनतकश समाज है, जिसने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, "आज के दौर में संगठित रहना सबसे जरूरी है। कानू समाज को अपनी राजनीतिक और सामाजिक स्थिति मजबूत करने के लिए एकजुट रहना



होगा। सरकार हर समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, और कानू समाज की मांगों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।" उन्होंने 13 अप्रैल को पटना में आयोजित होने वाली महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

**धर्मेंद्र कुमार साह ने समाज की ताकत पर दिया बल**

सारण जिला कानू महासभा के सचिव एवं भाजपा सारण के महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि कानू समाज की यह महारैली सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मजबूती का प्रतीक होगी। उन्होंने कहा, "हमारा समाज मेहनत और ईमानदारी के लिए जाना जाता है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपनी राजनीतिक पहचान को और मजबूत करें। इसके लिए सभी को एकजुट होकर इस महारैली को सफल बनाना होगा।" उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज की बेहतरी के लिए संगठित होकर काम करें।

**होली मिलन समारोह में दिखी एकजुटता**

कार्यक्रम के दौरान समाज के गणमान्य लोगों ने गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत लोकगीत और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कानू महासभा के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि 13 अप्रैल को पटना में आयोजित महारैली कानू समाज की एकजुटता का प्रतीक होगी। इस रैली में हजारों की संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। साथ ही, शहीद वंशी चाचा सहादत समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि शहीद वंशी चाचा ने समाज के हित में जो बलिदान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कुर्बानी को याद रखते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की जरूरत है।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल**

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर समाज की प्रगति के लिए काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक व भाजपा सारण के महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष छोटी कुमारी प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर विद्यार्थी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र साह कानू महासभा के नगर अध्यक्ष ललन साह एवं सचिव, कन्हैया कुमार, विद्यासागर विद्यार्थी, वीरेंद्र मुखिया, श्रीमती छोटी कुमारी, ललन प्रसाद, संतोष कुमार, अजय प्रसाद, श्रीमती शोभा देवी, मुन्ना कुमार गुप्ता, श्रीकांत प्रसाद, भगवान प्रसाद गुप्ता, सुरेश मुखिया, त्रिजोगी नाथ गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, जयचंद प्रसाद विभिन्न प्रखंडों से पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

## सोन नदी में डूबने से राजकुमार की गयी जान | ट्रेन से गिरकर सोनू की मौत

- दोनों घटनाओं में मृत युवकों की उम्र 29 वर्ष
- दोनों के परिवार में मातम का माहौल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सोमवार को औरंगाबाद जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी। पहली घटना एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के सोन दियारा की है, जहां सोन नदी में डूबने से 29 वर्षीय राजकुमार की जान चली गयी, वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनुआं गांव के रहनेवाले 29 वर्षीय सोनू सिंह शव रेलव ट्रैक के किनारे से पुलिस ने बरामद किया है। घटनाओं के बाद से दोनों परिवारों में मातम की स्थिति है।



### डूबने से गयी राजकुमार की जान

सोन नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के सोन दियारा की है। मृतक की पहचान मंगबार गांव निवासी 29 वर्षीय राजकुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि पूछताछ से पता चला कि मृतक सोन दियारा में कृषि कार्य को लेकर रविवार की शाम गया था। जहां से देर शाम वापस लौटने के दौरान वह अंधेरे में रास्ता भटक गया और गहरे पानी में चला गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी समय तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में युवक का शव सोन नदी से बरामद किया। फिलहाल मामले में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया गया है। घटना फेसर थाना क्षेत्र के बघोई- कुशा के समीप की है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनुआं गांव निवासी 29 वर्षीय सोनू सिंह के रूप में की गई। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया गया हैं। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि युवक कहा से आ रहा था और कहा जा रहा था इस बात की जानकारी नहीं है। ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया। संदर्भ में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# प्राधिकार के सचिव का स्थानांतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। हाईकोर्ट पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायधीश सुकुल राम का तबादला एसीजेएम पद पर पश्चिमी चंपारण के नरकटियागंज हुआ है। सुकुल राम बीते 18 जनवरी 2022 से 18 सितम्बर 2023 तक व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सीजेएम एवं एसीजेएम पद पर थे। 19.09.23 से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पद पर कार्यरत थे। इनके कार्यकाल में लोक अदालत में बड़ी संख्या में सुलहनीय वादों का निष्पादन हुआ है, जिसमें इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके द्वारा लोक अदालत में पक्षकारों को काफी सहूलियत हुआ है। इन्होंने लोक अदालत की सफलता के लिए शहर से लेकर सुदूरवर्ती इलाकों में प्रचार- प्रसार किया, जिसके परिणामस्वरूप काफी संख्या में लोक अदालत का लाभ लोगों को मिला।

# नहर निर्माता कम्पनी को मिली काम रोकने की धमकी, एसआइटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य कर रही त्रिवेणी इंजीकॉन्स प्राइवेट लिमिटेड को असामाजिक तत्वों/ नक्सलियों की ओर से काम रोकने की धमकी दी गई है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च की रात करीब 10 बजे पोकलेन मशीन की रखवाली कर रहे एक गार्ड को कुछ असामाजिक तत्वों ने एक पर्चा थमाया और उसे प्रोजेक्ट मैनेजर तक पहुंचाने के लिए कहा। पर्चे में स्पष्ट रूप से कोयल नहर में चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की चेतावनी दी गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए नबीनगर थाना में कांड संख्या 73/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-1) के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआइटी) का गठन किया गया है, जो मामले की त्वरित जांच कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि असामाजिक तत्वों/ नक्सलियों द्वारा निर्माण कार्यों में बाधा डालने की कोशिशें पहले भी देखी गई हैं, लेकिन इस बार भी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। जल्द ही मामले में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने निर्माण कंपनी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है और क्षेत्र में पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह की असामाजिक तत्वों/ नक्सलियों की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। पुलिस पर हमले के एक आरोपित को बारून पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान रोहतास जिले के डालमियानगर थाना क्षेत्र के सिधौली गांव निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस पर हमले के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी जिसमें वह बीते कई महीनों से फरार चल रहा था। इसी क्रम में रविवार की शाम पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# किशोरी ने किया विषपान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के एक मुहल्ले की 16 वर्षीया किशोरी ने विषपान कर लिया, जिससे उसकी तबीयत काफी ज्यादा बिगड़ गई। घटना के बाद परिजनों ने किशोरी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वैसे चिकित्सकों द्वारा सल्फास खाये जाने की बात बताई गई है। हालांकि किशोरी ने विषपान क्यों की इसकी जानकारी देने से परिजन सदर अस्पताल में बचते नजर आए।

# विशेष अभियान में दो वारंटी गिरफ्तार

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई हसपुरा थाना की पुलिस द्वारा की गई है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के मुश्किमाबाद निवासी मुन्ना खां एवं अहियापुर निवासी पिंटू यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे जबकि पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। इसी क्रम में आज पकड़े गए। आवश्यक कार्यवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# प्रेम व सद्भावना का प्रतीक है होली : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर के सलैया में सोमवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन भाजपा अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक के प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपाल शरण सिंह, जदयू के प्रदेश महासचिव अमरेश चौधरी, जदयू के प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी बिंदा चंद्रवंशी, जदयू प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य जिला प्रभारी प्रभात रंजन उर्फ दीपक सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, व्यापार मंडल सह सलैया पैक्स अध्यक्ष पियूष रंजन उर्फ रिशु सिंह, बद्री भगत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह पिरवां पंचायत के पूर्व मुखिया सिद्धनाथ मिश्रा, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, सूर्य मंदिर न्यास समिति सदस्य योगेंद्र सिंह, जदयू के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, समाजिक कार्यकर्ता पिन्टु सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काट कर किया। समारोह में मंचासीन



अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद लोगों ने एक-दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की मंगलकामनाएं दी। इस अवसर पर समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी एवं भाजपा वरीय नेता गोपाल शरण सिंह ने कहा कि पूर्व विधान पार्षद सह शिक्षाविद डॉ. शंकर दयाल सिंह की धरती हैं, जहां से प्रेम, भाईचारा, सौहार्द सदभाव का संदेश मिलता है। होली आपसी मतभेदों को भुलाकर एकता व भाईचारे का प्रतीक रंगों का त्योहार है। व्यापार मंडल अध्यक्ष पियूष रंजन ने कहा कि सलैया में पिछले कई वर्षों से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दीपक सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। पिंटू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन सत्र समापन के बाद होली गायन कलाकारों भोजपुरी गायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, राजा टाईगर, सिंगर सुनील, रानी पाण्डेय, गंगा कुमार, रौशन, चंदन कुमार, विवेक कुमार, सोनु कुमार की होली गीत संगीत से लोग खूब झूमें तथा आनंद उठाएं।

# नाबालिग को भगा ले जाने मामले में प्राथमिकी

- नाबालिग के पिता ने प्राथमिकी में टोटो चालक पर लड़की को भगाने का लगाया आरोप
- मामले की जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीया नाबालिग को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नाबालिग के पिता ने थाना में गांव के ही एक युवक को नामजद आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि बीते 5 मार्च को पुत्री मैं बाजार जा रही हूं। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। गांव के ही एक युवक मेरा टोटो गाड़ी चलाता था। जिसका घर में बराबर आना जाना था, वही लड़की को भगा ले गया है क्योंकि उस दिन से मेरा टोटो मेरे दरवाजे पर ही खड़ी कर वह गायब है। इस मामले में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# ग्राहकों और डीलरों के बीच नुवोको सीमेंट की ज्यादा डिमांड

## कंपनी के होली मिलन समारोह में औरंगाबाद, रोहतास, गया और कैमूर जिले के विक्रेता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के जसोइया मोड स्थित होटल गार्गी में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन नुवोको सीमेंट कंपनी के बैनर तले किया गया जिसका उद्घाटन कंपनी के सीएफए शशि रंजन गुप्ता उर्फ टुन्नु गुप्ता, एरिया मैनेजर मधुरंजन, सत्यप्रकाश मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, दीपक पांडेय, यतेन्द्र सिंह, तकनीकी विभाग के शुभांकर भट्टाचार्य एवं अनिमेष आदि ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में औरंगाबाद, रोहतास, गया और कैमूर जिले के सभी विक्रेता शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएफए शशि रंजन गुप्ता उर्फ टुन्नु गुप्ता ने कहा कि नुवोको कंपनी का प्रमुख उत्पाद कंक्रीटों सीमेंट एवं वाटर शील्ड कंक्रीटों उन्हे है जिसकी ग्राहकों और डीलरों के बीच काफी ज्यादा डिमांड है। उन्होंने बताया कि आज के निर्माण उद्योग में उच्च प्रदर्शन वाली सामग्रियों की मांग है जो बुनियादी आवश्यकताओं से बढ़कर हैं। बिल्डर और ठेकेदार ऐसे सीमेंट की तलाश करते हैं जो मजबूत, टिकाऊ, लंबे समय तक चलने वाला और कई तरह के अनुप्रयोगों के लिए अनुकूल हो। नुवोको सीमेंट अपनी अभिनव उत्पाद लाइन के साथ इन अपेक्षाओं को पूरा करता है, जिससे यह पारंपरिक ब्रांडों का एक विश्वसनीय विकल्प बन जाता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और अत्याधुनिक तकनीक पर अपने ध्यान के साथ नुवोको ने भारत में सर्वश्रेष्ठ सीमेंट ब्रांडों में अपना स्थान अर्जित किया है। नुवोको सीमेंट का उत्पाद पोर्टफोलियो निर्माण की कई तरह की जरूरतों को पूरा करता है, जो पारंपरिक विकल्पों से बेहतर प्रदर्शन करने वाले उन्नत समाधान प्रदान करता है।





# घर के दरवाजे से बाइक चोरी, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शहर के राजा बगीचा वार्ड 15 मो रेहान खान के दरवाजे से बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में रेहान खान ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि रात्रि 11 बजे मैं अपनी बाइक दरवाजे पर खड़ा किया और घर में चला गया सुबह जब उठा तो बाहर बाइक नहीं मिला। काफी खोजबीन करने पर नहीं मिला, थाने में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। थानाध्यक्ष शम्भु कुमार ने बताया कि अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है मामले की तहकीकात की जा रही है।

# होली मनमुटाव दूर करने का त्योहार

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक डॉ रणविजय सिंह उपस्थित हुए। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने होली को मनमुटाव दूर करने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि होली के रंग जीवन को सतरंगी बनाते हैं। इस आयोजन को आपसी सौहार्द बढ़ाने का माध्यम बताया। वहीं ढोलक, झाल, हार्मोनियम पर गायकों ने सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को गुलजार कर दिया। सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। इस मौके पर वशिष्ठ शर्मा, रामकुमार वर्मा, विनय कुमार सिंह, साकेत बिहारी, अशोक बिंद, मुन्ना चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी बैजूलाल चौधरी, जयहिंद पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# कई कांडों में फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। वर्षो से कई कांडों में फरार एक अभियुक्त को बंदेया थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी रामचंद्र यादव उर्फ सिद्धनाथ यादव उर्फ विकास यादव के रूप में की गई है। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध कई थानों में आपराधिक कांड दर्ज हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त अलग-अलग थानों के कई कांडों में वर्षो से फरार चल रहा था। इसके विरुद्ध बंदेया थाना के अलावा औरंगाबाद जिले के गोह, मदनपुर एवं उपहारा थाना में छह अपराधिक कांड दर्ज हैं जिसमें आर्म्स एक्ट एवं सीएलए सहित अन्य मामले दर्ज हैं। लंबे समय से फरार रहने के कारण कोर्ट ने वारंट निर्गत किया था। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत वारंटी को जेल भेज दिया गया।

# मोटिवेशनल संस्थान का पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। प्रखंड ओबरा स्थित हेलिकॉप्टर हाउस अतरौली के एक वैवाहिक कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह ने सुंदरी देवी व प्रधानाध्यापक शालिग्राम यादव मेमोरियल शैक्षणिक पिछड़ापन मोटिवेशनल संस्थान का फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉ कांति सिंह ने कहा कि समाज के वैसे वर्ग जो अभी तक शिक्षा का महत्व नहीं समझ पाए हैं उन्हें सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अजीत कुमार ने शैक्षणिक पिछड़ापन मोटिवेशनल संस्थान के माध्यम से लोगों को जागृत व प्रेरित करने का जो निर्णय लिए है वह प्रशंसनीय और स्वागत योग्य है। संस्थान के अध्यक्ष अजीत कुमार व सचिव रंजीत कुमार ने कहा कि वैसे लोगों को शिक्षा के महत्व के संबंध में जागरुक करने की आवश्यकता है जिनकी अतीत से लेकर वर्तमान तक की पीढ़ियां आठवें वर्ग तक भी ठीक ढंग से शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए हैं। अजीत कुमार ने कहा कि सरकार व शिक्षा विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय में कई लाभकारी योजनाएं पुस्तक, पोशाक, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति व साइकिल वितरण जैसी योजनाओं को लागू की है। इसके बावजूद भी माता-पिता व अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय नियमित रूप से नहीं भेज कर घरेलू काम व अन्य मजदूरी जैसे कार्यों में लगा देते हैं जिससे सरकार की मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा कार्यक्रम बाधित होती है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह ने डॉ० कुमारी अंकिता व डॉ० जय प्रकाश को असीम स्नेह व शुभकामनाएं दी।



# सड़क किनारे खड़े वाहनों से लगता है जाम, हादसे की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर बाजार, थाना मोड़, खिरियावां मोड़ एवं शिवगंज बाजार समीप एनएच 19 पर बेतरतीब तरीके से खड़ा करने से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इससे बाइक सवार एवं पैदल राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार अनावश्यक जाम के कारण लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। यहां तक की ऐसे ही दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें लोग काल के गाल में समा गए हैं। बीते शुक्रवार को बेतरतीब तरीके से सड़क पर खड़ी ऑटो के कारण ही एक महिला की मौत ट्रक से कुचल कर हो गई। इस तरह की आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती हैं। जब दुर्घटनाएं घटती हैं तब पुलिस प्रशासन दिखावे की कार्रवाई करती हैं और फिर स्थिति पुनः वहीं हो जाती है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, सत्यनारायण सिंह, पूर्व डीलर सत्येन्द्र सिंह, इसरोज आलम ने प्रशासन से मांग की है कि ऑटो को एनएच-19 से हटा कर खाली जगह पर खड़ा करने की व्यवस्था की जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटस्प नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# एबीवीपी ने मनाया होली मिलन समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के बिजली सब स्टेशन स्थित दुधेश्वर नाथ शिव मंदिर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा कलाली मोड के पास पारंपरिक होली गानों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर दीपक भारती, प्रियेद सिंह एवं एबीवीपी के किशु गुप्ता ने लोगो से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने को कहा और उपस्थित लोगों का अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया। अखिलेश यादव एवं अजय शर्मा के होली गीतों का लोगों ने आनंद उठाया। इस अवसर पर सत्येंद्र प्रसाद, रंजीत शर्मा, सुनील वर्मा कौशल चन्द्रवंशी, बालगोविंद साहू, शुभम सिंह, ओम प्रकाश उर्फ गुड्डू, डा संजीव, विनोद कुमार, डॉ विकाश कुमार, संदीप कुमार, कुणाल सिंह, पप्पू बाबा किशु गुप्ता, प्रांशु सिंह राजपूत, शुभम सिंह, रोहित गुप्ता, रोहन गुप्ता, रंजीत यादव, सुधीर गुप्ता, विवेक सिंह, हार्दिक सिंह राजपूत सहित अन्य लोग शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में मां-बेटा घायल

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बारुन थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरकर मां-बेटा घायल हो गए। घायलों में बारुन थाना क्षेत्र के इटहट गांव निवासी उषा देवी व उनका पुत्र प्रिंस कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल महिला उषा देवी ने बताया कि वह अपने पुत्र प्रिंस के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से औरंगाबाद बाजार गई थी। बाजार से काम निपटाकर वापस घर लौटने के दौरान जोगिया मोड़ के समीप अचानक आंख में धूल पड़ गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

# होली में हुड़दंगियों पर प्रशासन के तेवर सख्त

## खुदवां थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। खुदवां थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थानाध्यक्ष सुशील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाएं। पर्व को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जाएगी। किसी भी सूरत में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं। थाना क्षेत्र में शराबबंदी लागू है जिसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। होलिका दहन स्थल पर पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। वहीं क्षेत्र में गश्ती को तेज करते हुए जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान भी लगाया जाएगा ताकि विधि व्यवस्था में किसी तरह की कोई परेशानी उत्पन्न ना हो। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व एक ऐसा पर्व है जिसमें सभी जाति धर्म के लोग मानते हैं, यह रंगों का पर्व है इसलिए आप सभी लोग किसी भी तरह के वाद- विवाद के बिना इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। क्षेत्र में जहां अभी झूमटा निकलता है, जिसका एक आवेदन थाने में देना होगा। किसी भी अनहोनी की घटना की सूचना पुलिस को दे। पुलिस आपके सहयोग में हमेशा तत्पर है। कानून व्यवस्था को स्थापित करने में आप सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। मौके पर पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह, अंजली कुमारी, मुंशी राज भाई, राजेश कुमार, चंदा पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, गौतम चंद्रवंशी, भोला यादव, हरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

